सुप्रभात
रांची, मंगलवार
04.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net चैत्र, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 259



12 प्रियंका चोपड़ा ने पहनी 65 साल पुरानी साड़ी

A TATA Enterprise

100 YEARS NaturALLY No1 TINPLATE

# धन्यवाद!

## श्री हेमंत सोरेन

मानीय मुख्यमंत्री, झारखंड

3 अप्रैल 2023 को

टीसीआईएल विस्तारीकरण परियोजना
के शिलान्यास समारोह में

मुख्य अतिथि के रूप में शोभा बढ़ाने के लिए




www.tatatinplate.com
THE TINPLATE COMPANY OF INDIA LIMITED
(A SUBSIDIARY OF TATA STEEL)

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

04.04.2023

नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net चैत्र, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 259



12 प्रियंका चोपड़ा ने पहनी 65 साल पुरानी साड़ी

03 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:06 बजे
04 अप्रैल का सेहरी भोर 4:15 बजे




# 25 लाख के इनामी दो खूंखार नक्सली समेत पांच ढेर

## चतरा-पलामू सीमा पर झारखंड पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई, टूटी नक्सलियों की कमर

- नक्सली कैंप भी ध्वस्त विस्फोटक विशेषज्ञ था गौतम और अजीत

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची, पलामू, चतरा।** झारखंड पुलिस और सुरक्षा बलों ने सोमवार को 25-25 लाख के इनामी टॉप माओवादी कमांडरों गौतम पासवान और अजीत उरांव उर्फ चार्लीस समेत पांच नक्सलियों को मार गिराया। मारे गये सभी नक्सली इनामी थे। यह मुठभेड़ चतरा-पलामू सीमा पर माओवादियों के टॉप कमांडर के घर के आसपास ही हुआ। अपने साथियों के साथ वह घर आया था, इसकी सूचना पुलिस को मिल गयी और वहीं पुलिस से उसकी मुठभेड़ हो गयी। जित उर्फ चार्लीस और गौतम पासवान संगठन के टेक्निकल विशेषज्ञ था। अजित इंप्रोवाइज मिसाइल विकिसत कर रहा था। नक्यसलियों के जुटे होने की सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान सुरक्षाबलों को देखकर माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से जमकर गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में गौतम पासवान समेत पांच नक्सली मारे गये। सुरक्षा बलों ने वहां मौजूद नक्सलियों का कैंप भी ध्वस्त कर दिया है।



### ये नक्सली मारे गये

पुलिस मुठभेड़ में मारे गये सभी शव बरामद कर लिये गये हैं। मारे गये नक्सली हैं- गौतम पासवान (25 लाखइनाम- सैक मेंबर), अजीत उरांव उर्फ चार्लीस (25 लाखइ नाम सैक मेंबर), सब जोनल कमांडर अमर गंझू (पांच लाख), सब जोनल कमांडर अजय यादव उर्फ नंदू (पांच लाख), सब जोनल कमांडर संजीत भुइयां (पांच लाख)।

### मुठभेड़ में शामिल जवानों को डीजीपी ने दी बधाई



डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि की और मुठभेड़ में शामिल जवानों को शाबासी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नामी नक्सलियों को मार गिराने में सफलता हासिल की है।

**100 कांडों का आरोपी है गौतम :** मुठभेड़ में मारे गये गौतम पासवान उर्फ सुरेश जी, उर्फ रामप्रवेश उर्फ अरूण जी के विरूद्ध चतरा, गया, औरंगाबाद में 100 मामले दर्ज हैं। वहीं अजीत उरांव उर्फ चार्लीस उर्फ तूफान पर 50 नक्सली कांड, अमर गंझू उर्फ भोक्ता उर्फ धीरू गंझू पर 18 मामले, अजय यादव उर्फ नंदू पर 12 मामले तथा संजीत भुइयां उर्फ सागर उर्फ उदय पर 67 मामले दर्ज हैं।

### कई नक्सली घायल, इलाका सील, सर्च अभियान जारी

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि यह मुठभेड़ चतरा-पलामू सीमा पर लावालौंग थाना क्षेत्र में हुई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में कई अन्य नक्सलियों के भी घायल होने की संभावना है। आइजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता अमोल वेणुकांता होमकर ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुआ है। गोलीबारी सुबह साढ़े आठ बजे शुरू हुई थी। नक्सलियों के पास से दो एके 47 राइफल और दो देसी राइफल मिले हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। मुठभेड़ के बाद पलामू, चतरा और लातेहार पुलिस ने एक साथ इलाके में सर्च अभियान शुरू किया है और कई इलाकों को सील कर दिया है। इस अभियान में कोबरा 203, सीआरपीएफ, जगुआर और पलामू-चतरा के जिला बल के जवान शामिल थे।

## न्यूज डायरी

### सीबीआइ को पीएम ने दिया टारगेट, कोई भ्रष्टाचारी न बचे

**नयी दिल्ली।** डायमंड जुबली सेलिब्रेशन पर पीएम मोदी ने सीबीआइ को टारगेट दिया कि कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी हिचकने या रुकने की जरूरत नहीं है। करप्शन के खिलाफ कार्रवाई में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं है। पीएम सोमवार को सीबीआइ के डायमंड जुबली सेलिब्रेशन में बोल रहे थे।

### हजारीबाग में दो लोगों ने कर ली आत्महत्या

**हजारीबाग।** मार्खम कॉलेज के पास किराये पर रह रहे युवक ने आत्महत्या कर ली है। उसकी पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र के पेटतो खुर्द निवासी दिलीप कुमार के रूप में हुई। वहीं दूसरा मामला बरकट्ठा का है, जहां पेसरा की प्रियंका कुमारी (15) ने आत्महत्या कर ली है। कारणों का अभी स्पष्ट नहीं हो सका है पुलिस इस मामले में जांच में जुट गयी है।

### हजारीबाग में कोरोना के तीन नये मरीज

**हजारीबाग।** देश में कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर से बढने लगे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिले में तीन कोरोना संक्रमितों की पहचान हुई है। इसकी पुष्टि जिला आईडीएसपी कार्यालय ने की है। जिले के शहरी क्षेत्र में तीन कोरोना संक्रमितों की पहचान की गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

### सिसोदिया को 17 तक जेल में ही रहना पड़ेगा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी गयी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में उन्हें जमानत नहीं दी। सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त हो रही थी। वे ईडी मामले में भी 5 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

### पलामू में मुठभेड़, कोई हताहत नहीं, अभियान

**मेदिनीनगर/छतरपुर।** पलामू-चतरा बार्डर पर पुलिस एवं भाकपा माओवादी के बीच मुठभेड़ में जहां सफलता हाथ लगी है। वहीं पलामू के छतरपुर-पाटन थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित हुलसम जंगल में प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन व पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। एक सूचना पर एसपी चंदन कुमार सिन्हा पुलिस टीम हुलसम जंगल पहुंची। वहां टीएसपीसी के कमांडर शशिकांत व रंजन के दस्ता होने की सूचना थी। पुलिस को आते देख उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले।

### चौथी पत्नी की पीट-पीट कर की हत्या, गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गांवा थाना क्षेत्र के तारापुर में कई शादी रचाने वाले सनकी पति रामचंद्र तूरी ने चौथी पत्नी सावित्री देवी (40) की पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर सोमवार की सुबह मौके पर पहुंचे गांवा थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने बताया कि आरोपित पति को गिरफ्तार कर पूछ ताछ की जा रही है। पूछताछ में प्रथम दृष्या बताया गया कि मृतका सावित्री देवी आरोपित की चौथी पत्नी थी।

# इडी कोर्ट में संजय तिवारी ने किया सरेंडर, भेजा गया जेल

## एमडीएम में 100 करोड़ घोटाला मामला, अगली सुनवाई पांच को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ईडी के दबाव पर मिडडे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये की सरकारी राशि का फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी ने सोमवार की सुबह 8.25 बजे इडी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। उसकी अगली पेशी की तारीख पांच अप्रैल निर्धारित की गयी है। आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से मिली सशर्त अंतरिम जमानत की अवधि 25 मार्च को खत्म हो गयी थी, लेकिन उसने कोर्ट में सरेंडर न कर फर्जी कोविड-19 रिपोर्ट जमाकर कोर्ट को गुमराह किया था। ईडी ने फजीवाड़े को पकड़ा, तो वह फरार हो गया। ईडी ने शनिवार को उसके खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट प्राप्त किया। गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी भी की थी लेकिन हाथ नहीं लगा।



**सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 17 को :** आरोपी की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई की तारीख 17 अप्रैल निर्धारित की गई है। आरोपी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में 18 अप्रैल 2022 को जमानत अर्जी दाखिल की गयी है। 16 निर्धारित तारीखों के बाद उसे अंतरिम जमानत 30 जनवरी को मिली। जिसका उसने उल्लंघन किया है। वह अंतरिम जमानत पर 15 महीने बाद जेल से निकला था।

**हुलिया बदल लिया था :** आरोपी संजय तिवारी फरार होने के बाद सबसे पहले उसने अपने चेहरा बदला, ताकि पहचान में नहीं आ सके। उसने अपने लंबे बाल को छोटा किया। साथ ही दाढ़ी को छिलवाया। हुलिया बदलने के कारण वह पहचान में नहीं आ रहा था। सोमवार को जब उसने मास्क लगाकर कोर्ट के सामने सरेंडर किया तो विशेष न्यायाधीश दिनेश राय ने सबसे पहले उसका मास्क हटवाया। जज को भी उसे पहचाने में दिक्कतें आयी। अब तक जब भी उसे कोर्ट से सामने पेश किया गया था, लंबे बाल और दाढ़ी में था। पहली बार हुलिया बदला है।

(शेष पेज 11 पर)

## टिनप्लेट कंपनी विस्तार योजना का भूमि पूजन कर सीएम बोले

# देश और राज्य के विकास में टाटा का योगदान सराहनीय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री ने हेमंत सोरेन ने कहा कि इस देश और झारखंड के विकास में टाटा समूह की भूमिका बड़ी सराहनीय रही है। सरकार का प्रयास है औद्योगिक घरानों से सम्बंध और मजबूत हो। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। टाटा कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जल्द यह राज्य की जनता को समर्पित होगा। पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने के लिए कई कदम सरकार मजबूती के साथ बढ़ाई है। झारखंड का पर्यटन कैसे आगे बढ़े इसके लिए भी कई कार्य किये जा रहे हैं। श्री सेरेन सोमवार को टाटा स्टील की सहयोगी कंपनी है टीसीआइएल के विस्तारीकरण परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

मौके पर मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सबिता महतो, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, सचिव विनय कुमार चौबे, जमशेदपुर की डीसी विजया जाधव, एसएसपी प्रभात कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर -सह-मुख्य कार्य पदाधिकारी टी भी नरेंद्रन, चीफ कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी, एमडी टीसीआईएल आरएन मूर्ति एवं अन्य उपस्थित थे।




सीएम को टाटा समूह की ओर से जारी विशेष सिक्का सौंपते सीइओ टीवी नरेंद्रन।

### मिलेंगे रोजगार के अवसर

सीएम ने कहा कि जिस प्रकार आज दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के विस्तारीकरण हेतु आधारशिला रखी गयी है, मुझे उम्मीद है कि यह कार्य ससमय पूरा होगा। इससे यहां के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। सरकार की सोच हमेशा से यही रही है। राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा। इसके लिए नीतियां बने ताकि अधिक से अधिक उद्योग लगे। सरकार बनने के बाद उद्योग नीति बनी। इस क्रम में कई औद्योगिक घरानों का सहयोग प्राप्त हुआ। टाटा समूह के लोग भी उद्योग नीति की लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित थे। इसका बेहतर परिणाम देखने को मिला है। उद्योग नीति का ही प्रतिफल है कि आज टीसीआइएल के विस्तारीकरण हेतु भूमि पूजन किया गया। इससे पूर्व भी बोकारो में सीमेंट फैक्ट्री का विस्तारीकरण हुआ था और वहां से उत्पादन भी शुरू हो चुका है।

## झारखंड हाइकोर्ट का सरकार को निर्देश

# इको सेंसिटिव जोन की औद्योगिक इकाइयां बंद करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के इको सेंसिटिव जोन में 10 किलोमीटर की परिधि में औद्योगिक इकाइयों को चलने से रोकने एवं राज्य के 9 क्षेत्रों को इको सेंसेटिव जोन घोषित करने को लेकर उमाशंकर सिंह की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार को निर्देश दिया कि इको सेंसेटिव जोन में संचालित औद्योगिक इकाइयों जिन्हें नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) से अनुमति प्राप्त नहीं है, उनके चलने पर रोक लगायी जाये।

(शेष पेज 11 पर)

### अगली सुनवाई 15 को



कोर्ट ने मामले में केंद्र व राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सोनल तिवारी ने कोर्ट को बताया सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट गोवा फाउंडेशन बनाम केंद्र सरकार में कहा गया है कि किसी भी वाइल्ड लाइफ संचुरी या फॉरेस्ट या नेशनल पार्क के 10 किलोमीटर के रेडियस को इको संसेटिव जोन बनाया जाए, वहां कोई माइनिंग कार्य नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ के अनुमति के बगैर नहीं हो सकती है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया की इको संसेटिव जोन क्षेत्र में कई जगह पर माइनिंग कार्य हो रहे हैं और औद्योगिक इकाइयां भी चल रही है।

# हाइकोर्ट ने इडी और सरकार से मांगा जवाब

**सीएम लीज आवंटन मामला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खान विभाग के मंत्री रहते हुए सीएम के खुद एवं अपने रिश्तेदारों को लीज आवंटन करने से संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले के प्रतिवादियों मुख्य रूप राज्य सरकार एवं निदेशालय (इडी ) शामिल है, को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 1 मई निर्धारित की।

इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने इस जनहित याचिका के मेंटेबिलिटी पर सवाल उठाया और कहा कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। इसी तरह के समान मामले में शिव शंकर शर्मा एवं अन्य की जनहित याचिका में सीएम एवं अन्य के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट के खंडपीठ के द्वारा पारित आदेश को पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है।

इस याचिका में पुनः उसी बात को उठाया जाना उचित नहीं है, लेकिन खंडपीठ ने याचिकाकर्ता की दलील पर विचार करने के बाद प्रतिवादी राज्य सरकार, ईडी एवं अन्य को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

(शेष पेज 11 पर)

### सूरत कोर्ट से राहुल को जमानत, 13 को अगली सुनवाई

**सूरत।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ सूरत (गुजरात) के सेशंस कोर्ट से सोमवार को जमानत मिल गयी है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। गुजरात के सूरत सेशंस कोर्ट में राहुल गांधी को जमानत मिल गयी है। सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ तीन राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। कांग्रेस महासचिव और उनकी बहन प्रियंका गांधी भी उनके साथ थीं। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि गांधी उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाने वाली मेट्रोपोलिटन अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दाखिल करने के लिए सत्र अदालत में उपस्थित रहे।

# परीक्षा देकर लौट रहे चार की सड़क दुर्घटना में मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** बड़कागांव के लिए सोमवार का दिन मातम भरा रहा। सड़क दुर्घटना में चार छात्रों की जान चली गयी। एक गंभीर को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना बड़कागांव-टंडवा रोड के महटिकरा गांव के समीप दोहरनगर में हुई। सभी इंटर के स्टूडेंट्स थे और परीक्षा लिखकर बाइक से घर वापस आ रहे थे। एक बाइक पर दो और दूसरे पर तीन छात्र सवार थे। दोनों बाइकों की टक्कर से घटना घटी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन की मौके पर ही मौत हो गयी। एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार डाडीकला थाना क्षेत्र के दो छात्र मो समीर (20) और मो साहिल उर्फ नेपाली (22) बड़कागांव की ओर से महटिकरा की ओर जा बाइक से जा रहे थे। वहीं सामने से तीन छात्र दिलीप कुमार (20), अनिल कुमार (18), नीतीश कुमार (22) बड़कागांव की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान दोनों की टक्कर हो गयी। भिड़ंत इतनी भयानक थी कि दोनों बाइक के सभी छात्र 5 फीट ऊंचा उठ जमीन पर आ गिरे। गिरते ही तीन की मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दोनों मोटरसाइकिल में भयंकर आग लगने से पहले बाइक के परखच्चे उड़ गये।

# बड़ी राहत : आवश्यक दवाओं की कीमतों में कटौती

## पेन कीलर्स और एंटीबायोटिक्स दवा की कीमतें सात फीसदी घटेंगी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत के आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी ही राहत भरी खबर है। केंद्र की मोदी सरकार ने सोमवार को पेन कीलर्स और एंटीबायोटिक्स समेत 651 आवश्यक दवाइयों की कीमतों में कटौती करने का फैसला किया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने इन दवाइयों की कीमतों में करीब 7 फीसदी तक कटौती की है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने सोमवार को एक ट्वीट के जरिए यह जानकारी दी है कि ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर-2013 के प्रवाधान अनुसार हर साल 1 अप्रैल से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) से जुड़ी आवश्यक दवाओं के दाम बढ़ाने की अनुमति दी जाती है।

### दवाओं के दाम में औसतन 6.73 फीसदी कमी



समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) में शामिल ज्यादातर दवाइयों के अधिकतम मूल्य की सीमा तय कर दी है, जिसके चलते अप्रैल से 651 दवाइयों के दाम औसतन 6.73 फीसदी घट गये हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने सोमवार को एक ट्वीट के जरिए यह जानकारी दी है कि ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर-2013 के प्रवाधान अनुसार हर साल 1 अप्रैल से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) से जुड़ी आवश्यक दवाइयों के दाम बढ़ाने की अनुमति दी जाती है। एनपीपीए ने ट्वीट कर कहा कि सरकार एनएलईएम में सूचीबद्ध कुल 870 दवाइयों में से अब तक 651 के अधिकतम मूल्य को तय कर पायी है।

### उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

एनपीपीए ने कहा कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आधार पर दवाइयों के दामों में 12.12 फीसदी की वृद्धि के बावजूद उपभोक्ताओं को कीमतों में कमी का लाभ मिलेगा। एनपीपीए ने 25 मार्च को कहा था कि 2022 के लिए डब्ल्यूपीआई में वार्षिक बदलाव 12.12 फीसदी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एनएलईएम में सितंबर, 2022 में संशोधन किया था और अब इसके दायरे में कुल 870 दवाएं आती हैं। एनपीपीए का कहना है कि 651 आवश्यक दवाइयों का अधिकतम मूल्य तय करने से इनकी औसतम कीमत 16.62 फीसदी कम हो चुकी है। उसने बयान में कहा कि इसके चलते, जिन 651 दवाइयों के दाम 12.12 फीसदी बढ़ने वाले थे, उनमें एक अप्रैल से 6.73 फीसदी की कमी हुई है।

## निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को झटका

# डिस्चार्ज अर्जी खारिज आरोप का गठन शीघ्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले के आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ जल्द ही आरोप तय किया जायेगा। पूजा सिंघल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी ईडी कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी है। इससे पूजा सिंघल को झटका लगा है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 25 मार्च को डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई पश्चात फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने अपना फैसला सोमवार को सुनाया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि मामले में आरोप तय करने के लिए प्रार्थी के खिलाफ पर्याप्त सबूत है।

(शेष पेज 11 पर)




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## आज का राशिफल
**04-04-2023**

**मेष** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होना आरंभ हो जाएगा और आप धन संबंधी मामलों में राहत का अनुभव करेंगे। रुका हुआ पैसा मिल सकता है। पुराना कर्ज और बीमारी से छुटकारा मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी और उनका सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभप्रद रहेगी। वाणी पर संयम रखें। धार्मिक यात्रा पर जाने से बचें।

**वृषभ** : आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। कारोबार के प्रति गंभीर रहेंगे और धनलाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा। कार्यक्षेत्र में सक्रियता बढ़ेगी। आय में वृद्धि हो सकती है और वरिष्ठ व्यक्ति आपको आय बढ़ाने के कुछ गुण सिखाने में सहायक हो सकते हैं। वाहनसुख मिल सकता है। सामाजिक क्षेत्र में आप के कार्य की प्रशंसा होगी। आप व्यापार के कार्य में व्यस्त रहेंगे और व्यापार में लाभ मिलेगा।

**मिथुन** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक आयोजन भी कर सकेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्य के व्यस्त रहेंगे। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। व्यक्तिगत जीवन ताजगी का अनुभव होगा। शारीरिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे।

**कर्क** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ रहेगा और आमदनी में वृद्धि होगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ? से आर्थिक समस्या आ सकती है। लक्ष्य तक पहुंचने में बाधाएं आ सकती है। संतान सुख में वृद्धि होगी। ऑफिस में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। परिजनों का सहयोग मिलेगा। किसी यात्रा पर जाने से बचें। पारिवारिक उलझनों से तनाव बढ़ेगा।

**सिंह** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। साहित्य एवं लेखनकार्य के लिए समय अच्छा है। इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। किसी के वाणी और व्यवहार से आपको ठेस लग सकती है। मकान या भूमि से सम्बंधित दस्तावेजों से संबंधिक कोई भी काम करने से बचना होगा। यात्रा पर जाने के योग हैं। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। समय का सदुपयोग कर पाएंगे। जरूरी कार्य समय पर पूर्ण होंगे। अच्छे लोगों से संपर्क होगा।

**कन्या** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आय में स्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक विषयों में संभलकर निर्णय लें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। मनमुटाव व तनाव के प्रसंग बन सकते हैं। व्यवसाय के सिलसिले में आपकी भाग-दौड़ भी काफी अधिक बनी रहेगी। खर्चे बढ़ सकते हैं। किसी को उधार न दें, वरना वसूल करना मुश्किल हो जाएगा।

**तुला** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार सकारात्मक संभावनाओं से भरा रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में आर्थिक लाभ मिल सकता है। धनप्राप्ति के योग रहेंगे। नौकरी में तरक्की की संभावना रहेगी। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। खान-पान में संयम रखना पड़ेगा। वाणी में मिठास रहेगी। संतान पक्ष से खुशखबरी मिल सकती है। नकारात्मक विचारों से बचें। पूरे दिन उत्साह और आनंद से भरे रहेंगे।

**वृश्चिक** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अचानक धन लाभ होने की संभावना जरूर बन रही है, लेकिन व्यापार करने वालों को कड़ी मेहनत करने पर सफलता मिलेगी। सामाजिक गतिविधियों में पूरे दिन सक्रिय रहेंगे। रुके कार्यो में गतिशीलता आएगी। अधिक धन खर्च पर नियंत्रण करना होगा। सहयोगियों के साथ विवाद हो सकता है।

**धनु** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूलता बनी रहने की संभावना है। कारोबार में अच्छा लाभ होगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का पूर्ण समर्थन मिलेगा। पति-पत्नी की बीच तालमेल बना रहेगा। परिवार में शुभ कार्य हो सकता है। मौज-शौक तथा मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। परिवार के सदस्यों के साथ भोजन का आनंद उठा सकते हैं।

**मकर** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा मिल सकता है। किसी दोस्त या जीवनसाथी से शुभ समाचार मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक आयोजन पूरे होंगे। परिवार में मांगलिक कार्य होंगे। प्रवास तथा वैवाहिक योग है। वैवाहिक सुख का आनंद उठा सकेंगे। नए मकान या वाहद की खरीद का शुभ समाचार आ सकता है। नवीन योजनाएं सफल हो सकती है। यात्रा लाभकारी रहेगी। अनावश्यक धन व्यय होने की संभावना रहेगी।

**कुम्भ** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। निवेश के लिए समय अधिक अनुकूल है। धनप्राप्ति के योग हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है। कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक पक्ष कमजोर रहने से तनाव रह सकता है। दोस्तों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन लाभदायी होगा। पारिवारिक कार्यो के पीछे धन खर्च होगा। नए कार्यो की शुरूआत ना करें। स्वास्थ्य में गड़बड़ी रहेगी।

**मीन** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आय के नवीन साधन प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष कमजोर रहने से तनाव रह सकता है। ऑफिस के कार्यो में व्यस्त रहेंगे। सरकारी कार्य संपन्न होंगे। गृहस्थ जीवन में सामंजस्य रहेगा। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद रहेंगे। मित्र आपकी आर्थिक रूप से मदद कर सकता है। अनावश्यक खर्चो पर रोक लगाने में सफल होंगे। मांगिलक कार्यो में भाग ले सकते हैं।

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिया टाना भगतों की समस्याओं के समाधान का निर्देश

## टाना भगत संघ की केंद्रीय कमेटी लोहरदगा का शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला

### भूमि हस्तांतरण सहित कई समस्याओं से कराया अवगत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने स्थानीय प्रशासन को टाना भगतों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया है। राज्यपाल से सोमवार को टाना भगत संघ की केंद्रीय कमेटी, लोहरदगा का शिष्टमंडल राजभवन में मिला। राज्यपाल को भूमि अतिक्रमण, भूमि के हस्तांतरण के साथ टाना भगत आवासीय विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया।

टाना भगतों ने राज्यपाल को बताया कि लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, गुमला, हजारीबाग और लातेहार जिले में निवास करने वाले टाना भगत, जिन्हें ताम्र पत्र मिल चुका है, उन्हें अब तक भूमि नहीं दी गयी है। टाना भगत दर-दर की ठोकरें खाने को विवश हैं। जिनकी खतियानी जमीन पूर्व से है, उसका भी अतिक्रमण किया जा रहा है। गांधी के सच्चे अनुयायी होने के बावजूद वे लोग कई समस्याओं से जूझ रहे हैं।

### राज्यपाल से दखल देने की मांग की

**टाना** भगतों ने राज्यपाल को बताया कि साक्षरता दर बढ़ाने के लिए सरकारी स्कूल में पढ़ाई करायी जा रही है। मगर सरकारी आवासीय विद्यालय से पढ़ने वाले छात्र मैट्रिक पास करने के बाद एक अप्लीकेशन तक नहीं लिख पाते हैं। ऐसी शिक्षा से क्या फायदा। क्वालिटीपूर्ण शिक्षा का घोर आभाव है। आवासीय विद्यालयों में टाना भगतों के बच्चों का सही से नामांकन भी नहीं होता है। टाना भगतों ने राज्यपाल से दखल देने की मांग की।

# राज्यसभा में साहू ने किसानों की सुविधा का मामला उठाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को राज्यसभा में किसानों की सुविधा केलिए नागर विमानन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई कृषि उड़ान पर सवाल पूछा। इस पर नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने बताया कि झारखंड के रांची सहित देवघर और जमशेदपुर हवाई अड्डे इस योजना में शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा कृषि उत्पादों के परिवहन में किसानों की सहायता एउनके उत्पादों को देश के विभिन्न भागों, मांगों के अनुसार विदेशों तक भेजने केलिए कृषि उड़ान योजना बनाई है। इससे किसानों को मूल्य प्राप्ति में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि देश के 58हवाई अड्डे इस योजना में शामिल है। जिसमे 25केवल उत्तर पूर्वी, पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों में स्थित हैं।

उन्होंने बताया कि झारखंड के तीन हवाई अड्डे रांची, देवघर और जमशेदपुर इस उड़ान योजना में शामिल हैं। जहां कार्गो बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इस योजना को बढ़ावा देने केलिए भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने चुनिंदा कृषि उड़ान हवाई अड्डों पर पंजीकृत मालवाहक विमानों केलिये लैंडिंग, पार्किंग और रूट नेविगेशन सुविधा शुल्क की पूर्ण छूट देता है। उन्होंने कहा की झारखंड में एक महीने में औसत 1787 विमानों की आवाजाही होती है।

### रांची, देवघर और जमशेदपुर हवाई अड्डे कृषि उड़ान योजना में हैं शामिल

# आदिवासी सेंगेल अभियान ने 10 अप्रैल के झारखंड बंद का किया समर्थन

### कहा- सरकार अविलंब संविधान सम्मत नियोजन नीति लागू करे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व सांसद एवं आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा है कि झारखंड सरकार अविलंब संविधान सम्मत नियोजन नीति लागू करे या प्रखंडवार नियोजन नीति लागू हो। उन्होंने कहा कि टालमटोल का रवैया और झुनझुना थमाने वाली कार्रवाई बंद हो। नियोजन नीति को सालखन ने गंभीर मुद्दा बताया।

उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल के दिन युवाओं ने झारखंड बंद की घोषणा की है। जो झारखंड के युवाओं के हित में है। सालखन ने कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान इस बंद का सर्मथन करेगा। साथ ही तमाम आदिवासी मूलवासी संगठनों से अपील करते हुए कहा कि इस बंद को जनबंदी का स्वरूप देते हुए खुलकर समर्थन करें। अन्यथा झारखंड प्रदेश निर्माण और हेमंत सरकार के चलने का कोई औचित्य नहीं है।

यहां बता दें कि आदिवासी सेंगेल अभियान, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा और झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने 20 मार्च को बोकारो बिरसा आश्रम में आदिवासी बचाओ अभियान के बैनर तले जनसभा की थी। जिसमें 10 अप्रैल 2023 को सभी प्रखंडों में प्रखंडवार नियोजन नीति लागू करो की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का फैसला लिया गया था। लेकिन बाद इसे नियोजन के लिए झारखंड बंद कार्यक्रम के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है।

# सीसीएल में सरहुल मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सरहुल मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर मे मुख्यालय सरना समिति ने किया। समारोह के बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद ने कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके प>ासत सरना आदी प्रार्थना प्रस्तुरत की गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र, रांची विश्वशविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, डॉ. किशोर सूरी उपस्थित थे।

समारोह को संबोधित करते हुए सीएमडी पीएम प्रसाद ने कहा कि सरहुल प्रकृति को समर्पित पर्व है। प्रकृति और जंगल झारखण्ड की पहचान है। सीसीएल भी बेहतर पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में 9 इको पार्क को विकसित किया जायेगा।

निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने प्राकृतिक पर्व सरहुल की बधाई देते हुये कहा कि सरहुल हमें पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश देता है और इसके संदेशो को आत्म सात करना चाहिए। प्रोफेसर, डॉ. किशोर सूरी ने सरहुल पर्व की महता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरहुल प्राकतिक पर्व है और आज आदिवासी समाज ही नहीं राज्य के प्रत्ये क निवासी हर्ष एवं उल्लाहस के साथ मनाते हैं।

अवसर विशेष पर नागपुरी गीत के प्रसिद्ध गायक इग्नेआश कुमार तथा कुमार प्रितम ने लोक गीत की प्रस्तुती देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। सुमन गुप्ता ने अपने मधुर वाणी में प्रसिद्ध गीतों को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सीसीएलकर्मी उपस्थित थे।

# सीआइपी और रिनपास के 19 पीएचडी रिसर्च प्रस्ताव स्वीकृत

## आवश्यक संशोधनों के साथ मिली स्वीकृति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीआइपी एवं रिनपास के 19 पीएचडी रिसर्च के प्रस्तावों पर पीजी रिसर्च काउंसिल की बैठक में सोमवार को विचार कर आवश्यक संशोधनों के साथ इसे स्वीकृत किया गया। बैठक की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने की।

बैठक में प्रोवीसी डॉ एके सिन्हा, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद मेहता, उप कुलसचिव डॉ प्रीतम कुमार सहित सीआइपी और रिनपास के शिक्षक मौजूद थे।

वहीं, सोमवार को ही दिन में तीन बजे राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची के 11 पीएचडी रिसर्च के मामलों पर पीजी रिसर्च काउंसिल, रांची विश्वविद्यालय में विचार किया गया और आवश्यक संशोधनों के साथ स्वीकार किया गया।

इस बैठक में प्रोवीसी डॉ एके सिन्हा, मेडिसिन डीन अनिल कुमार, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद मेहता, उप कुलसचिव डॉ प्रीतम कुमार, रिम्स के रिसर्च डीन डॉ प्रदीप भट्टाचार्य सहित कई प्राध्यापक शामिल हुए।

### राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के 11 पीएचडी रिसर्च प्रस्ताव जरूरी संशोधनों के साथ स्वीकृत हुए

# वैदिक मंत्रों के साथ डीएवी हेहल के नये शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन के साथ हुआ। इस अवसर पर सीनियर सेकेंडरी के विद्यार्थियों के साथ एमके सिन्हा बतौर यजमान उपस्थित थे। उन्होंने हवन कुंड में आहूति देकर सभी के लिए बुद्धि एवं सुख-शांति की कामना की।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष नये सत्र प्रारंभ होने से पहले विद्यार्थियों के साथ हवन करने की परंपरा है। इस परंपरा और मान्यता के अनुसार ईश्वर की स्तुति के साथ प्रारंभ किये गये कार्य में अवश्य सफलता मिलती है। मौके पर विद्यालय के प्रभारी एके अमरेश, वरिष्ठ शिक्षक एनके दुबे, ओपी गोयल, यूके मिश्रा, वीके पांडेय, एके मिश्रा, बीएन रॉय एवं सुशील आर्य आदि उपस्थित थे।

# दो साल में उपभोक्ता आयोग ने निपटाये 2579 मामले : केंद्रीय मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में उपभोक्ता आयोग नामक विशेष अर्ध न्यायिक एजेंसियों के माध्यम से शिकायतों के निवारण का प्रावधान किया गया है। इसकी स्थापना जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की गई है। दरअसल, सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में उपभोक्ता संबंधी सवाल पूछा था।

उन्होंने सदन में बताया कि इसके तहत ई फाइलिंग, ई भुगतान और सुनवाई के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तक की व्यवस्था है। यदि शिकायत दाखिल करने के 21 दिनों के भीतर स्वीकार्यता तक नहीं की जाती है तो शिकायतों की स्वीकार्यता अदालत की निगरानी में मध्यस्थता का भी प्रावधान है। उन्होने कहा कि उपभोक्ता आयोगों में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा प्रदान की गई है। बताया कि वर्तमान समय में पूरे देश में 24,75,369 मामले उपभोक्ता आयोगों में दायर किए गए हैं। इसमें 19,46,996 मामलों का निपटारा कर दिया गया है। अब तक 5,28,373 मामले लंबित है। आंकडों के अनुसार झारखंड में अब तक 15411 मामले दर्ज किए गए हैं। जिसमें 9374 मामलों का निपटान किया गया और 6037 मामले लंबित हैं। उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराने के मामले में देशभर में महाराष्ट्र में सबसे अव्वल राज्य है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विगत 2 वर्षों में झारखंड में 2579 मामलों का निपटारा किया गया है। जिसमें सबसे अधिक मामले बोकारो जिले में निपटाए गए हैं। यहां कुल 578 मामलों का निपटान हुआ है। जबकि झारखंड की राजधानी रांची में 262 गये हैं।

# डायन प्रथा की हकीकत को उजागर करता निराश्रितों का संघर्ष

**लैंगिक असमानता : रूढ़िवादी सोच में बदलाव के लिए संघर्ष पार्ट-5**



डायन की हकीकत क्या है, यह डायन करार दी गयी वह महिला ही बयां कर सकती है जिसने डायन के हर रंग को अपने तन-मन पर महसूस किया और झेला हो। अपने ही नाते-रिश्तेदारों, आस-पड़ोस और समाज के तमाम जानने वालों के बीच एक महिला के बदन से लिपटे कपड़ों का तार-तार होना, अश्लील गालियों की बीच बरसते लात-घूसों और डंडों से शरीर के हर अंग पर इस कदर जख्म को महसूस करना कि तन के साथ-साथ मन पर उभरते जख्म का लहू आजीवन रिसता रहे, सभ्य समाज का दंभ भरने वाले लोगों के एक अलग रूप को ही परिभाषित करता है। मानवीय भावना को तिलांजलि दे चुके लोग, इस कदर हिंसक पशु में परिवर्तित हो जाते हैं कि अपने शिकार को जिंदा ही नोच खाने के लिए मशहूर लकड़बग्घे भी हिंसा के मामले में अंतिम पायदान पर नजर आयें।

डायन प्रथा झेल चुकी किसी महिला के मर्म को यदि कोई जानना और महसूस करना चाहता हो, तो एक बार छुटनी महतो से मिल भर ले! छूटते ही कहती हैं कि मैं उस असभ्य समाज से लोहा ले रही हूं, जहां स्त्रियों को सम्मान नहीं मिलता। मरते दम तक मेरा संघर्ष जारी रहेगा। छुटनी देवी बताती हैं कि रंग रूप में आकर्षक होने के कारण पराये पुरुषों की बुरी नजर का आभास उन्हें था। लेकिन, वह इन बातों की परवाह किये बगैर आस-पड़ोस में घुल मिलकर रहना पसंद करती थीं। उनकी भाभी जब गर्भवती थीं, तो छुटनी देवी ने यूं ही कह भर दिया कि बेटा होगा, लेकिन उन्हें बेटी हुई। उन्होंने इस वाकये को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन आस-पड़ोस की महिलाओं के मन में बातें घर कर गयी थी। एक दिन वह बच्ची बीमार हुई, तो लोगों ने शक जताया कि उन्होंने ही टोना-टोटका कर दिया है। 3 सितंबर 1995 को पंचायत बुलायी गयी, जहां उन्हें डायन करार दिया गया। उनकी सुंदरता पर मोहित मनचलों को मनचाहा वरदान मिल गया। उन्होंने लोगों को उकसा कर उनके घर पर हमला बोल दिया। कई लोग दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और बलात्कार करने की कोशिश की। जैसे-तैसे उन्होंने अपने-आपको उन दरिंदों से छुड़ाया। अगले दिन पंचायत बुलायी गयी और उन पर 500 रुपये जुमार्ना लगाया गया। जिसे उन्होंने यह सोचकर अदा कर दिया कि अब सब कुछ ठीक हो जायेगा, लेकिन हुआ ठीक उसका उलटा। शाम को दो लोग ओझा के साथ उसके घर पर आ धमके। आते ही आदेश दिया कि मानव मल पिलाया जाये, जिससे डायन की शक्तियां समाप्त हो जायेंगी। तबतक पूरा गांव इकट्ठा हो गया। लोगों की पकड़ से छूटने के प्रयास में छटपटा रही थी, तो लोगों ने मेरे मुंह पर मल फेंक दिया। पीटना शुरू कर दिया और कपड़े फाड़ दिये तथा घर में घुसने नहीं दिया। आम ग्रामीण जीवन जीने वाला पति दूर खड़ा चुपचाप सब कुछ देखता रह गया। पति का साथ छूट चुका था। अर्धनग्न स्थिति में उन्होंने अपने तीन बच्चों के साथ एक पेड़ के नीचे जैसे तैसे रात बितायी। भोर की किरण फूटने से पहले ही आठ माह के बच्चे को सीने से चिपकाये हुए तीन बच्चों के साथ गांव से बाहर निकल गयीं। एक रिश्तेदार के यहां रुकीं, यहां भी डायन प्रताड़ना का खतरा था। किसी तरह खरगई नदी पार कर अपने भाई के घर आदित्यपुर पहुंचीं। दुर्भाग्यवश कुछ दिनों बाद ही मां की भी मृत्यु हो गयी। हालात का आंकलन कर उन्होंने भाई का घर भी छोड़ दिया। गांव की सीमा पर झोपड़ी बनाया और मजदूरी कर बच्चों को पालने लगीं।

उनके संघर्ष की कहानी 1997 में मीडिया में आयी और नेशनल ज्योग्राफिक चैनल ने एक डॉक्युमेंट्री भी बनायी। वर्ष 2000 में एसोसिएशन फॉर सोशल एंड ह्यूमन अवेयरनेस (आशा) ने उन्हें सामाजिक परिवर्तन और अंधविश्वास के खिलाफ अभियान से जोड़ा। यही वे दिन थे, जब उनके जीवन को एक मकसद मिला। उन्होंने जाना कि कानून की मदद से अंधविश्वास से कैसे लड़ा जा सकता है। छुटनी देवी आज सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड के भोलाडीह गांव में रहती हैं। आशा के पुनर्वास केंद्र सरायकेला इकाई की निदेशक के तौर पर कार्यरत हैं। उनके सार्थक प्रयास से करीब 500 महिलाओं ने स्वरोजगार अपना लिया है। 100 के करीब महिलाओं की घर वापसी भी हो चुकी है। घटना के 26 साल बाद 2001 में उन्हें देश के सर्वश्रेष्ठ सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

डायन के खिलाफ समाज को आईना दिखाती विश्वासी टोपनो, जिनसे आज उसी समाज के लोग सरकारी योजनाओं और व्यक्तिगत समस्याओं पर सलाह और सुझाव लेने आते हैं, जो कभी उन्हें डायन ठहरा चुके थे तथा जीवित नहीं देखना चाहते थे। अपने जबरदस्त हौसलों के दम पर विश्वासी ने न सिर्फ अपने ऊपर लगे डायन के कलंक को मिटाया, बल्कि 2022 के पंचायत चुनाव में तोरपा प्रखंड के मरचा पंचायत समिति सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुईं समाज के विपरीत सोच के बावजूद निराश्रितों का संघर्ष आज भी जारी है।

**- राजेश कुमार**

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, इन्हें पद्मश्री बलबीर दत्त मीडिया फेलोशिप मिला है।**

**(अगले अंक में : झारखंड में प्रतिमाह औसतन 76 डायन के मामले होते हैं दर्ज)**

# डीएसपीएमयू की शोधार्थी को अन्य पिछड़ा वर्ग स्कीम के तहत राष्ट्रीय फेलोशिप

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) रांची के राजनीति विज्ञान विभाग के अंतर्गत शोधार्थी छात्रा शोएबा रानी को सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली नेशनल फेलोशिप फॉर बैकवर्ड क्लास स्टूडेंट्स योजना के तहत चयनित किया गया है। शोएबा फिलवक्त राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ शमा सोनाली के अंतर्गत शोधार्थी है। शोएबा रानी की इस सफलता पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि विशेष तौर पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए दी जाने वाली इस फेलोशिप के लिए चयनित होकर शोधार्थी ने अपना और विश्वविद्यालय का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने आशा जतायी कि शोएबा अपने शोध कार्यों में और अधिक तन्मन्यता से लगकर विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्यों में अपना योगदान देगी। इस सफलता पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह और डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास ने भी बधाई दी है।

## पुलिस के पेट में बम प्लांट करानेवाला एक्सपर्ट था गौतम और अजीत उर्फ चार्लीस

# नक्सलियों के लिए रॉकेट लांचर बनाने वाला एक्सपर्ट था गौतम और चार्लीस

**कुबेर सिंह**

**रांची।** झारखंड में नक्सलियों के लिए यू-ट्यूब की वीडियो से रॉकेट लांचर का निर्माण करनेवाला सैक सदस्य सह झारखंड सरकार का 25 लाख का इनामी नक्सली गौतम पासवान और 25 लाख के इनामी नक्सली अजीत उरांव उर्फ चार्लीस को सोमवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मारा गिराया। माओवादियों का टॉप कमांडर अजित उर्फ चार्लीस और गौतम पासवान संगठन के टेक्निकल एक्सपट्र्स के रूप में कार्यरत थे। ये दोनों माओवादियों के लिए नये-नये तकनीक को विकसित करने में माहिर थे। अजीत उर्फ चार्लीस माओवादियों के लिए इम्प्रोवाइज मिसाइल विकसित कर रहा था, जबकि झारखंड-बिहार सीमा पर इन्हीं लोगों ने माओवादियों के लिए रॉकेट लांचर बनाया था।

**अभियान के तहत खड़े हुए थे अधिकारियों के कान** : सुरक्षा बलों ने झारखंड बिहार सीमा पर छकरबंधा में जून 2022 में अभियान के दौरान बड़ा खुलासा किया था। सुरक्षाबलों को यह जानकारी मिली थी कि माओवादी इम्प्रोवाइज मिसाइल विकसित कर रहे हैं, सुरक्षाबलों को मौके से मिले दस्तावेज वीडियो से यह जानकारी मिली थी कि अजीत उर्फ चार्लीस मिसाइल विकसित कर रहा है, मौके से सुरक्षा बलों को कुछ अवशेष भी मिले थे। अजीत मिसाइल बनाने के टेस्ट फेल हो गया था, वह यूट्यूब और इंटरनेट के माध्यम से मिसाइल बनाने की कोशिश कर रहा था। अजीत उर्फ चार्लीस माओवादियों के आइडी जैसे लैंड माइंस के कई तरीकों को विकसित किया था।

### आठ वर्ष की उम्र में संगठन में हुआ था शामिल

अजित उर्फ चार्लीस लातेहार के बालूमाथ के नैना गांव का रहने वाला था। अजित जब आठ वर्ष का था तो वह उसी उम्र में माओवादी दस्ते में शामिल हो गया था। दस्ते में शामिल होने के बाद वह कभी वापस घर नहीं लौटा। माओवादी दस्ते में अजित को तूफान जी, चार्लीस, चार्लीस उरांव के नाम से जाना जाता था। गौतम पासवान और अजित ने मिलकर ही झारखंड बिहार सीमा पर लैंडमाइंस की कई तकनीक को विकसित किया था और पूरे इलाके को लैंड माइंस से घेरा था। चार्लीस और गौतम छत्तीसगढ़ तेलंगाना सीमा पर माओवादियों के लिए तकनीकी जानकारी का प्रशिक्षण लिया था। गौतम माओवादियों के अन्य कैडर को लैंडमाइंस बनाने के तरीके और उसे लगाने के तरीकों को बताता था। अजित उर्फ चार्लीस माओवादियों के हथियार बनाने के साथ साथ अन्य तकनीक को विकसित करता था।

### कोबरा जवान के पेट में किया था बम प्लांट

जून 2015-16 में औरंगाबाद गया सीमा पर माओवादियों के हमले में 10 कोबरा के जवान शहीद हुए थे। इस हमले के लिए गौतम और चार्लीस ने ही पूरे इलाके में लैंड माइंस लगाया था। साथ ही साथ झारखंड के लातेहार जिले में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर हमला बोला था। हमले में जब पुलिसकर्मी शहीद पुलिसकर्मियों को चॉपर से रांची रिम्स लाया जा रहा था तो नक्सलियों ने अजीत उर्फ चार्लीस के कहने पर ही उसके पेट में बम प्लांट किया गया था।

## पिछले डेढ़ साल में 17 दुर्दांत नक्सली मुठभेड़ में हुए ढेर और 390 गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन में कई दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, अबतक लातेहार, गढ़वा और पलामू का ऑपरेशन बूढ़ा पहाड़, लोहरदगा का ऑपरेशन बुलबुल और गुमला का ऑपरेशन चक्रव्यूह चलाकर इन इलाकों से उग्रवादियों को खदेड़ने में सुरक्षा बलों ने कामयाबी पायी है, वहीं डेढ़ साल में 17 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराने में सफलता पाई है।

**कब- कब एनकाउंटर में मारे गए नक्सली** : 2022 के जनवरी महीने से लेकर मार्च 2023 तक 12 नक्सली मारे गये। इन नक्सलियों में लाका पाहन, दिनेश नागेशिया और काली मुंडा जैसे दुर्दांत नक्सली भी शामिल हैं। अप्रैल 2023 में पांच नक्सली मारे गये।



**2022 में 390 नक्सली हुए गिरफ्तार** : झारखंड पुलिस ने 390 नक्सलियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया। गिरफ्तार किए गए इन नक्सलियों पर कुल 72 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने छोटे मोटे नक्सलियों को ही गिरफ्तार नहीं किया बल्कि 2022 में झारखंड पुलिस के द्वारा 3 सैक मेंबर, 04 जोनल कमांडर, 07 सब जोनल कमांडर और 16 एरिया कमांडर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

**15 नक्सलियों ने डाले हथियार** : साल 2022 से अब तक विभिन्न नक्सली संगठनों के 15 हार्डकोर नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। विमल यादव, महाराज प्रमाणिक, सुरेश सिंह मुंडा, भवानी सिंह खेरवार, विमल लोहरा, अभयजी जैसे कुख्यात नक्सलियों का आत्मसमर्पण हुआ है। इन सब पर मिलाकर कुल 49 लाख का इनाम भी घोषित था।

2022 में झारखंड पुलिस मुख्यालय के आंकड़ों के हिसाब से अब तक के अभियान में एके-47 समेत 171 उम्दा हथियार बरामद हुए। वहीं बाइक रेग्यूलर वेपन के साथ साथ कंट्री मेड कुल 94 हथियार भी पुलिस ने बरामद किए। इसके अलावा पुलिस से लूटे हुए 45 हथियार भी बरामद हुए। इस अभियान के दौरान साल 2022 में नवंबर महीने तक 16 हजार 033 किलो विस्फोटक, आईईडी- 800, बारूद- 530 केजी और एक करोड़ तीन लाख रुपये भी हुए जब्त किए गए हैं।

## जमींदारों के आंतक से तंग आकर 18 साल की आयु में बना था गौतम नक्सली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चतरा में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया 25 लाख का इनामी नक्सली गौतम पासवान जमींदारों के आतंक से तंग आकर नक्सली बना था। महज 18 साल की आयु में वह नक्सली गतिविधि में शामिल हो गया था। नक्सली बनने के बाद गौतम झारखंड राज्य के प्रतापपुर बाजार से सटे अपने ससुराल के मिले जमीन पर मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहा था। उसकी एक बेटी और तीन बेटे हैं। वह अपने बच्चों को सरकारी नौकरी के लिए इंजीनियरिंग आदि की शिक्षा दिलाने का काम किया है। मुठभेड़ में मारा गया सैक सदस्य गौतम पासवान गया जिले के डुमरिया अंतर्गत छकरबंधा थाना के महुरांव गांव का रहनेवाला था। गौतम की मौत से गांव में शोक का माहौल है।

### गौतम की बोलती थी तूती

जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय कमेटी के सदस्य मिथिलेश मेहता नामक नक्सली को जेल जाने के बाद गौतम पासवान को कुछ माह पहले केंद्रीय कमेटी में बड़ी जिम्मेदारी दी थी। नक्सली बनने के बाद गौतम की गया जिले के नक्सली इलाकों में तूती बोला करती थी।

**16 नवंबर, 2022 को हुई थी कुर्की** : मालूम हो कि चतरा के प्रतापपुर थानाक्षेत्र के सोनबरसा गांव में 25 लाख रुपये के इनामी नक्सली गौतम पासवान के विरुद्ध चतरा पुलिस ने 16 नवंबर, 2022 को कुर्की जब्ती की गई थी। मालूम हो कि गौतम पर राजपुर थानाकांड संख्या 84/15 मामले में उनके नेतृत्व में प्रतापपुर पुलिस के सहयोग से राजपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की थी। गौतम की चल-अचल संपत्ति भी जब्त की गई।


**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनिरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


## खबर एक नजर में

### दयामणि बारला यूमास लोवेल्स 2023 ग्रील स्कॉलर के लिए नामित



रांची। समाजसेवी, पत्रकार दयामणि बारला को यूमास लोवेल्स 2023 ग्रील स्कॉलर के लिए नामित किया गया है। मैसाचुसेट्स लोवेल विश्वविद्यालय के एक अंग्रेजी प्रोफसर ने इस बारे में कहा कि लोवेल विश्वविद्यालय शांति अध्ययन के लिए 2023 यूनानी विद्वान के रूप में दयामणि बारला का स्वागत करने के लिए रोमांचित है। स्वदेशी, पर्यावरण और लैंगिक न्याय के लिए उनका काम हम सभी को प्रेरित और एकजुट करता है।

### पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी रचाने वाले को तीन वर्ष कैद की सजा

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी ऐश्वर्या श्रीवास्तव की अदालत ने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने के जुर्म में लापुंग निवासी रोशन मुंडा को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त एक महीने जेल काटनी होगी। मालूम हो कि घटना को लेकर सुनिता कुमार ने लापुंग थाना में 18 दिसंबर 2015 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था शादी के सात महीने बाद मेरे पति ने दूसरी लड़की से शादी कर ली और उसे घर ले आया। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। अदालत ने अभियुक्त को दहेज प्रताड़ना के आरोप में भी दोषी पाकर दो साल की सजा सुनाई है।

### माह-ए-रमजान में नन्हे रोजेदार राज्य की खुशहाली की मांग रहे दुआ



रांची। कहते हैं जब जागो तभी सवेरा। ईश्वर से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती। रमजान माह में नन्हे रोजेदार रोजा रखकर ईश्वर की इबादत कर रहे हैं। राज्य की तरक्की, खुशहाली की दुआ मांग रहे हैं। बिशप स्कॉट स्कूल की छत्रा जिशू राज स्कूल के साथ साथ रोजा भी रख रही है। जिशू कहती है कि रोजा रखने से बहुत फायदा है। अम्मी अब्बु कहते हैं कि रोजेदार की दुआ अल्लाह कुबूल करते है। इस लिए हम रोजा रखकर अपने लिए घर वालों के लिए, राज्य की खुशहाली की दुआ करते हैं। मालूम हो कि जिशू राज झारखंड के प्रख्यात गैस्ट्रोलॉजिसट जनरल फिजिशियन डॉ एम हसनैन की पुत्री हैं।

## जलस्त्रोतों पर अतिक्रमण के मामले में जवाब दाखिल करने के लिए राज्य सरकार ने कोर्ट से मांगा समय



अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर दाखिल विभिन्न जनहित याचिकाओं की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि शपथ पत्र तैयार है लेकिन वह दाखिल नहीं हो सका है। सरकार की ओर से कोर्ट को मौखिक रूप से जल स्त्रोतों एवं जलाशयों से अतिक्रमण हटाने एवं अन्य उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई।

खंडपीठ ने राज्य सरकार के मौखिक जवाब पर असंतोष जताते हुए कोर्ट के पूर्व के आदेश के अनुपालन पर शपथ पत्र दाखिल करने का अंतिम मौका दिया। अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होगी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने की। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने रांची के जलाशयों एवं जल स्त्रोतों के आसपास अतिक्रमण हटाने को लेकर अब तक की गई कार्रवाई का पूरा विवरण मांगा था।

कोर्ट ने यह भी पूछा था कि बड़ा तालाब के आसपास अतिक्रमण को हटाने को लेकर क्या कदम उठाए गए हैं। वही खंडपीठ ने कांके डैम के सौंदर्यीकरण के संबंध में दाखिल हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर नगर विकास विभाग, रांची डीसी और पेयजल स्वच्छता विभाग को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था।

प्रार्थी खुशबू कटारुका ने रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर जनहित याचिका दाखिल की है, जिसमें कहा गया था रांची शहर के विभिन्न गंदे नाले -नालियों का पानी बड़ा तालाब में गिराया जाता है। जिससे बड़ा तालाब का पानी काफी दूषित है। बड़ा तालाब में जलकुंभियों का अंबार लगा हुआ है इसकी सफाई नहीं की जाती है, कई ट्रक मालिक अपने वाहन को बड़ा तालाब के किनारे लगाते हैं और वहां उसकी धुलाई करते हैं। बड़ा तालाब की जमीन का भी अतिक्रमण किया गया है।

वहीं रांची के जल स्त्रोतों यथा कांके डैम, हटिया डैम एवं रुक्का डैम की जमीन पर अतिक्रमण किए जाने के मामले में भी कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया था।

## सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपी दोषी करार, सजा पर सुनवाई 11 अप्रैल को

**29 जनवरी 2019 को बुंडू थाना क्षेत्र के अहीर टोला में घटी थी दुष्कर्म की घटना**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को सामूहिक दुष्कर्म मामले में बुंडू निवासी पांच युवकों राजू अहीर, अमित अहीर, शरनागत अहीर, पंकज अहीर एवं एक अन्य को दोषी करार दिया है। साथ ही, अदालत ने पांचों की सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 11 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। पांचों आरोपी जमानत पर थे। इसमें एक आरोपी 17 साल का था। जिसकी सुनवाई चिल्ड्रेन केस के तहत हुई है। दोषी पाये जाने के बाद सभी को जेल भेज दिया गया। मालूम हो कि सामूहिक दुष्कर्म की घटना 29 जनवरी 2019 को बुंडू थाना क्षेत्र के अहीर टोला में घटी थी। घटना को लेकर पीड़िता ने बुंडू महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बचाव पक्ष के वकील जितेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि अदालत ने सभी अभियुक्तों को सिर्फ सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में दोषी ठहराया है। अन्य आरोप से बरी कर दिया है। घटना के बाद ही पुलिस ने आरोपी राजू अहीर, अमित अहीर, शरनागत अहीर, पंकज अहीर एवं एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि लड़की अपने दोस्त के साथ बुंडू घूमने आई थी। शाम को दोनों लॉज में रहने वाले दोस्त से मिलने गये। यहां लड़की लॉज के बाहर खड़ी थी और लड़का अंदर जाकर अपने दोस्त से मुलाकात की। इसी दौरान पांचों आरोपी लड़की के पास पहुंचे और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। लॉज से बाहर निकलते ही लड़के का भी मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद घटना को अंजाम दिया।

मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता, डॉक्टर, एफएसएल अधिकारी समेत नौ गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

## राज्य सरकार ने 11 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की

# ट्रामा सेंटर के लिए सरकार ने उपकरण खरीदने की दी मंजूरी

**वित्त वर्ष 2022-23 में प्राथमिकता के आधार पर 12 ट्रॉमा सेंटर को क्रियाशील करने की तैयारी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार वित्त वर्ष 2022-23 में प्राथमिकता के आधार पर 12 ट्रॉमा सेंटर को क्रियाशील करने की तैयारी में जुट गयी है। सरकार मशीन और आवश्यक उपकरण की खरीदारी के लिए 10 करोड़ 92 लाख 10 हजार रुपए की खर्च को स्वीकृति दी है ताकी दुर्घटना के शिकार मरीजों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा जल्द मिलने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को यथ शीघ्र प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा मिल सके।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने इस बाबत निर्देश जारी किया है। इसका उद्देश्य राज्य के निवासियों को बेहतर आपातकालीन चिकित्सा एवं सामान्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। मशीनों की खरीदारी के लिए संबंधित जिलों के सिविल सर्जन द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची को भी ध्यान में रखा गया है।

### अपर मुख्य सचिव होंगे राशि नियंत्री पदाधिकारी

राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा होंगे। वहीं राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव होंगे। राशि की निकासी वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 2561 दिनांक 17.04.1998 एवं 1800 दिनांक 15.07.2003 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य परिपत्रों के आलोक में किया जाएगा।

### रखरखाव के लिए पदाधिकारी होंगे नामित

झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक द्वारा मशीन, उपकरण व अन्य सामग्रियों की खरीदारी के लिए टेंडर निकाला जाएगा। ई- निविदा, जेम पोर्टल के माध्यम से संबंधित जिला मुख्यालय के आधार पर निविदा निकाली जायेगी। सामानों का रखरखाव, संचालन और सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन की होगी। सिविल सर्जन को अनावश्यक मशीन, उपकरण और अन्य सामग्री की खरीदारी नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक उपकरण की सुरक्षा, इस्तेमाल एवं रखरखाव के लिए किसी जिम्मेदार पदाधिकारी को नामित करने का निर्देश दिया गया है। इसकी सूचना संबंधित क्षेत्रीय उप निदेशक स्वास्थ्य सेवा को देने को कहा गया है।

## 14 अप्रैल से भाकपा के राष्ट्रव्यापी अभियान के साथ राज्य में चलेगा जन जागरण अभियान: महेंद्र पाठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को अधिवक्ता एके रसीदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य में चल रहे सदस्यता नवीकरण की समीक्षा की गई। बैठक में बड़े पैमाने पर पूरे राज्य में पार्टी सदस्यों को जोड़ना, किसानों, महिलाओं ,छात्र नौजवानों को गांव-गांव में जन संगठन को मजबूत बनाना, प्रखंडों से लेकर राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया 29-30 अप्रैल को रांची में राज्य स्तरीय अखिल भारतीय किसान सभा का राज्य सम्मेलन होगा। जिसमें अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान भाग लेंगे। सम्मेलन में राज्य भर से 500 चुने हुए किसान प्रतिनिधि भाग लेंगे। वही 6, 7 मई 2023 को रामगढ़ में राज्य स्तरीय अखिल भारतीय महिला समाज के राज्य सम्मेलन आयोजित की जाएगी। इसमें राज्य भर से 500 महिला चुने हुए प्रतिनिधि भाग लेंगे। अल्पसंख्यक अधिकार समिति की ओर से राज्य स्तरीय हुए अल्पसंख्यक सम्मेलन की संपुष्टि व्यक्त की गई और प्रमंडलीय और जिला स्तरीय अल्पसंख्यक सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया।





भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश में तानाशाह मोदी सरकार को हटाने के लिए 14 अप्रैल 2023 को बाबा भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर भाजपा हटाओ, देश बचाओ ,संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ पूरे राज्य में राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान, पदयात्रा, छोटी-बड़ी नुक्कड़ सभा, आम सभा, आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 15 मई तक सभी जिलों में उपरोक्त मुद्दों के साथ जिला स्तरीय रैली आयोजित की जाएगी। बैठक में मोदी सरकार की तानाशाही रवैया की निंदा की गई। राहुल प्रकरण पर जिस तरह से केंद्र की सरकार में रवैया अपनाई है। उसे स्पष्ट होता है कि देश में लोकतंत्र मोदी के हाथों असुरक्षित है। राष्ट्रव्यापी भाजपा हटाओ, देश बचाओ, भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ ,भाजपा हटाओ , संविधान बचाओ के नारे के साथ 14 अप्रैल से चलो गांव की ओर कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा।

बैठक में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, अजय कुमार सिंह, रुचिर कुमार तिवारी, लखन लाल महतो, गणेश महतो, अंबुज ठाकुर, महादेव राम ,केडी सिंह ,सुजीत कुमार घोष, कन्हाई माल पहाड़िया, डॉ पीयूष, जितेंद्र कुमार सिंह, सहित राज्य कार्यकारिणी के कई सदस्य बैठक में मौजूद थे ।

## नियोजन नीति को लेकर जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**75-25 वाली नियोजन नीति की मांग ज्ञापन के जरिए राज्यपाल के समक्ष रखी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिहार के दिग्गज नेता पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) के प्रदेश अध्यक्ष पी नैयर के नेतृत्व में पांच सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल राजभवन में राज्याल से मिलकर नियोजन नीति पर ज्ञापन सौपा। मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि नियोजन नीति पर उन्होंने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित ज्ञापन ही राज्यपाल को सौंपा है। उन्होंने बताया कि इस वक्त राज्य में बेरोजगारी बड़ा मुद्दा हुआ है और इसे जल्द दूर करने की जरूरत है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा नियुक्ति परीक्षाएं सरकार ले और बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति दें।

उन्होंने कहा कि इसलिए उन्होंने 75 और 25 वाली नियोजन नीति की मांग ज्ञापन के जरिए राज्यपाल के समक्ष रखा है।

प्रदेश अध्यक्ष पी नैयर ने बताया कि बोकारो में 19 ऐसे गांव हैं, जहां मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। इस 19 गांवों में सुविधा बहाल करने को लेकर भी राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया है। ताकि लोगों को बिजली,पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

# इजरायल का संकट

रक्षा, अनुसंधान, खुफिया तंत्र, तमाम लिहाज से दुनिया में अग्रणी और मजबूत माने जाना वाला देश इजरायल इस वक्त असुरक्षा के खतरे से जूझ रहा है। दरअसल इजरायल की सड़कों पर वहां की जनता सरकार के खिलाफ उतर आई है और इस विरोध प्रदर्शन में जनता के साथ रिजर्व सेना के लोग भी उतर आए हैं। वे कार्य पर नहीं जा रहे हैं। इससे इजरायल की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। यह सब न्यायपालिका की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हो रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हुए हैं। वे सत्ता में तो आ गए हैं, लेकिन उनकी सरकार न्यायपालिका में बदलाव लाने वाले न्यायिक सुधार कानूनों को लाने की तैयारी में थी। इसका विरोध करने वालों की आशंका है कि इन के लागू होते ही न्यायपालिका के अधिकार कम हो जाते। इजरायल की संसद के पास साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को रद्द करने की शक्ति होती, मौजूदा सरकार को बिना किसी डर के कानून पारित करने की ताकत मिल सकती थी और सबसे बड़ी बात कि इस कानून का उपयोग प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर चल रहे मुकदमों को खत्म करने के लिए भी किया जा सकता था। बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले साल नवंबर में बड़ी मुश्किल से सत्ता में वापसी की है। इससे पहले 2021 के जून में उन्हें भ्रष्टाचार के मामलों के कारण पद छोड़ना पड़ा था। विरोधियों का कहना है कि सरकार ने न्यायपालिका से जुड़े कानून में जो बदलाव की कोशिश की है उनसे देश के लोकतंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। सरकार न्यायिक व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है। इजरायल में विरोध बढ़ा और आखिरकार बेंजामिन नेतन्याहू को कहना पड़ा कि वह विवादास्पद बन चुके इन न्यायिक सुधार कानूनों पर अस्थायी रूप से रोक लगा रहे हैं।

# कर्नाटक का जनादेश

देश के दक्षिण हिस्से में भाजपा के लिये कर्नाटक एक गढ़ है। कर्नाटक चुनाव के भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों के लिये खास मायने हैं। एक तो ये 2024 के महासमर से पहले होने वाले चुनाव होंगे, दूसरे चुनाव के बाद राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में इस साल होने वाले चुनाव के लिये सभी दल अपनी-अपनी सुविधा से कर्नाटक चुनाव परिणामों की व्याख्या भी करेंगे। सत्तारूढ़ भाजपा की प्रतिष्ठा तो इस चुनाव में दांव पर लगी ही है, कांग्रेस की प्रतिष्ठा का भी यहां बड़ा सवाल है। वजह यह है कि गांधी परिवार से अलग बाहर से चुने गये राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी यह गृह राज्य है। अतः चुनाव परिणामों से उनके नेतृत्व की भी प्रतिष्ठा तय की जायेगी। बहरहाल, भाजपा को सत्ता के खिलाफ होने वाले प्रतिरोध का सामना तो करना ही पड़ेगा। पार्टी ने कुछ समय पहले राज्य में नेतृत्व परिवर्तन करके यह संदेश देने का प्रयास किया कि राज्य में साफ-सुथरा शासन दिया जा रहा है। इसके बावजूद पार्टी ने साम-दाम-दंड-भेद के जरिये फिर से सत्ता में लौटने के लिये पूरा जोर लगाया है। राज्य की राजनीति में दमदार दखल रखने वाले दो बड़े व प्रभावशाली जातीय समूह लिंगायतों व वोक्कालिंगा को साधने के लिये एड़ी-चोटी का जोर भी लगाया है। इतना ही नहीं, कई विवादों के चलते जिन येदियुरप्पा की मुख्यमंत्री पद से विदाई की गई थी, उन्हें फिर सम्मान देकर उनका कद भी बढ़ाया गया है। वे विगत में भी पार्टी के जातिगत समीकरण साधने में मददगार रहे हैं।बहरहाल, भाजपा प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों के जरिये तमाम घोषणाओं से पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में जुटी है। अब देखना होगा कि 150 सीटें जीतने का दावा करने वाली भाजपा वापस आती है या नहीं। वहीं विपक्ष भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर हमलावर है।

# डिजिटलीकरण: भारतीय अर्थव्यवस्था का अनूठा प्रेरक

**एक** अर्थव्यवस्था की लगभग हर गतिविधि की बुनियाद तैयार करने वाली एक राह के रूप में डिजिटलीकरण की अनिवार्य जरूरत को व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया है। इंटरनेट का बढ़ता प्रसार, किफायती डेटा, तकनीकी नवाचार और इन सबसे भी बढ़कर, डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का जोर सेवाओं की त्वरित आपूर्ति, बेहतर पहुंच और जवाबदेही में सुधार सुनिश्चित कर रहा है।

डिजिटल बदलावों का असर

वर्ष 2014-2019 की अवधि के दौरान, भारत की मुख्य डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी सकल मूल्य संवर्धन के 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि के दौरान समग्र अर्थव्यवस्था की तुलना में डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.4 गुना तेजी से बढ़ी। हाल ही में प्रकाशित भारतीय रिजर्व बैंक के एक बुलेटिन के अनुसार, 2019 में कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल आधारित अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत थी। सरकार का मुख्य जोर डिजिटल क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित करने पर रहा है,-अधिक सहभागी सेवा वितरण प्रणालियों के लिए डिजिटल घटकों की सार्वजनिक उपलब्धता सुनिश्चित करता है,

- बाजार की अगुवाई में होने वाले नवाचारों को प्रेरित करता है,
- सेवाओं के अधिक किफायती एवं त्वरित समावेशन को सुविधाजनक बनाता है, और
- अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी प्रणालियों का विकास सुनिश्चित करके उपयोगकर्ता का भरोसा बढ़ाता है।

पहुंच, सामर्थ्य, कनेक्टिविटी और समावेशिता में सुधार लाने की दिशा में आगे बढ़ रहे डिजिटल इंडिया का व्यापक प्रभाव अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। केन्द्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली लगभग 1700 कल्याणकारी व सुशासन से जुड़ी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। इन योजनाओं का लाभ आधार का उपयोग करके हासिल किया जाता है। आधार के उपयोग ने बिना किसी गड़बड़ी के लक्षित लाभार्थियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया है। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, 750 मिलियन पीडीएस लाभार्थियों के डेटा को





-सौरभ गर्ग

> सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, 750 मिलियन पीडीएस लाभार्थियों के डेटा को आधार से जोड़ने के उपरांत लगभग 47 मिलियन फर्जी/नकली राशन कार्डों को हटाने और उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन के कारण अनाज प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखने वाले लोगों के हाथों में पहुंचने के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है।

आधार से जोड़ने के उपरांत लगभग 47 मिलियन फर्जी/नकली राशन कार्डों को हटाने और उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन के कारण अनाज प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखने वाले लोगों के हाथों में पहुंचने के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है। इसी तरह, रसोई गैस सब्सिडी योजना (पहल) में 8.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत और किसान सहायता योजना के तहत खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक की बिक्री में 12 मिलियन मीट्रिक टन की कमी के परिणामस्वरूप 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है।

**डिजिटल सुविधाओं का प्रसार**

देश में इस समय 1.17 बिलियन से अधिक मोबाइल टेलीकॉम उपभोक्ता, स्मार्ट-फोन का उपयोग करने वाले 600 मिलियन से अधिक लोग और 840 मिलियन इंटरनेट कनेक्शन हैं। वर्ष 2015 से 2021 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा लेने के मामले में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में इसमें 158 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंटरनेट के दायरे में शामिल होने वाले इन सभी गांवों को कम से कम 4जी मोबाइल सेवाओं से लैस किया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच के डिजिटल सुविधाओं के मामले में अंतर में और कमी आएगी। इस प्रकार, डिजिटल अर्थव्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाना संभव हो पाएगा।

**औपचारिकीकरण को प्रेरित करने वाला डिजिटल समावेशन**

डिजिटलीकरण अपेक्षाकृत अधिक वित्तीय समावेशन, व्यापक औपचारिकीकरण, उन्नत दक्षता और बेहतर अवसरों के जरिए आर्थिक विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रयास में सहायक भूमिका निभाने वाले कुछ सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में आधार, यूपीआई, को-विन, डिजिलॉकर, दीक्षा आदि शामिल हैं। पैमाने के संदर्भ में अगर बात करें तो, देश की 94.5 प्रतिशत से अधिक आबादी के पास अब आधार उपलब्ध है और हर महीने 2.2 बिलियन से अधिक आधार संबंधित प्रमाणीकरण हो रहे हैं। इसी प्रकार, पिछले पांच वर्षों की अवधि में 75 गुना वृद्धि के साथ 5.5 बिलियन यूपीआई-आधारित भुगतान संबंधी लेनदेन हर महीने किए जाते हैं। कुल 1.1 अरब कोविन पंजीकरण हुए हैं। कुल 140 मिलियन लोगों ने डिजीलॉकर में अपने अकाउंट बनाए हैं और डिजिलॉकर रिपॉजिटरी में 5.6 बिलियन आधिकारिक डिजिटल दस्तावेज उपलब्ध हैं। ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले 286.5 मिलियन श्रमिकों का पंजीकरण हुआ है। पीएम-स्वनिधि पर 4.4 मिलियन स्ट्रीट वेंडर और उद्यम पोर्टल पर 12.7 मिलियन उद्यमों का पंजीकरण हुआ है। वर्ष 2017 से 2022 के दौरान जीएसटी भुगतान करने वालों की संख्या 7 मिलियन से बढ़कर 14 मिलियन हो गई है। ये सारे तथ्य इस बात के संकेत हैं कि चीजें किस तरह आकार ले रही हैं।

ओपन सोर्स और भागीदारी वाले डिजिटल नवाचार

भारत में, सरकार और निजी पक्षों द्वारा नवाचार के अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। यह देश के भीतर डिजिटल क्षेत्र में नए- नए नवाचारों को प्रेरित कर रहा है। एआई/एमएल जैसे नए युग की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भारत ओपन-सोर्स वाली एआई परियोजनाओं के मामले में योगदान करने वाला एक अग्रणी देश है।

उदाहरण के लिए, भारत से निकलने वाले एआई आधारित प्रकाशन 18 प्रतिशत दर से बढ़ रहे हैं। यह दर अमेरिका, चीन, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की तुलना में कहीं अधिक तेज है। किसी भी अन्य जी-20 देश की तुलना में भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत कर्मी बेहतर एआई संबंधी कौशल से लैस हैं।

## खास बात

# संस्कृत का महत्व

**जीवीएस शास्त्री**

**संस्कृत** संस्थानों से पढ़ाई करके बेहतर करिअर निर्माण किया जा सकता है। यदि आप संस्कृत में अपना करिअर बनाना चाहते हैं तो हाई स्कूल की पढ़ाई से ही संस्कृत विषय का चुनाव करना चाहिए। बारहवीं पास करने के उपरांत उन संस्थानों में प्रवेश लेना होगा जो संस्कृत विषय में डिग्री और डिप्लोमा का पाठ्यक्रम करवाते हों। यदि उच्च शिक्षा में रुचि है तो संस्कृत विषय में स्नातकोत्तर किया जा सकता है लेकिन संस्कृत विषय में गहन शोध करने के लिए आपको डॉक्टरेट की उपाधि लेनी होगी। केंद्रीय विद्यालयों में संस्कृत भाषा को तीसरी भाषा के रूप में महत्त्व दिए जाने पर वहां नौकरी के अवसर अधिक बढ़ चुके हैं। संस्कृत में अनुवादक और धर्म गुरु बनने के भी मौके आपको प्राप्त हो सकते हैं। संस्कृत भाषा एवं विषय के अध्ययन के पश्चात युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं, ये अवसर सरकारी, निजी और सामाजिक सभी क्षेत्रों में मौजूद हैं : प्राथमिक अध्यापक विशारद या शास्त्री की अर्हता वाले अभ्यर्थियों के लिए प्राथमिक शिक्षा में करिअर बनाने का अवसर उपलब्ध है। प्रवक्ता या प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक माध्यमिक विद्यालयों में अनिवार्य और ऐच्छिक विषय के रूप में संस्कृत विषय पढ़ाया जाता है। संस्कृत से स्नातक परीक्षा (शास्त्री, बीए) उत्तीर्ण और अध्यापन में प्रशिक्षण (बीएड) प्राप्त अभ्यर्थी इसके लिए पात्र होते हैं। समय समय पर केवीएस व समस्त राज्यों के शिक्षा विभाग इसकी सूचना प्रकाशित करते रहते हैं। प्रशासनिक सेवा संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से प्रतिवर्ष रिक्तियां निकाली जाती हैं। संस्कृत से स्नातक युवाओं को प्रशासनिक सेवा में जाने तमाम अवसर उपलब्ध हैं। सहायक व्याख्याता देश भर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों में संस्कृत का अध्यापन किया जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक व्याख्याता की नौकरी कर सकते हैं।अनुसंधान सहायक कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को अनुसंधान के लिए छात्रवृत्ति मिलती है।

**दिन** नन्हीं बिटिया ऐशानी बोस, जो सैक्रेड हार्ट स्कूल की विद्यार्थी है, मेरे बुक बैंक आई। बुक बैंक देख कर बहुत प्रफुल्लित हुई। अपने पूर्व की कक्षाओं की पुस्तकें उसने बुक बैंक दी, ताकि ये अन्य बच्चों को काम आ सके। ऐशानी बिटिया को ढेर सारा आशीर्वाद और स्नेह।

**– संजय सेठ, सांसद रांची**

## आपके ट्वीट

**इंदौर** में बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में उत्सव के दौरान हुए हादसे की खबर बहुत दुखद है। मृतक के, परिवारजनों को मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

**– राहुल गांधी**





**केजरीवाल जी** नई निम्नता पर आ रहे हैं और कोर्ट से फटकार भी खा रहे हैं। पीएम के प्रति इस भाषा शैली,भाव-भंगिमा का प्रयोग करते हुए वो नैतिकता दृष्टि से से भ्रष्टतम व राजनैतिक दृष्टि से निम्नतम स्थिति पर हैं।

**– सुधांशु त्रिवेदी**

# सीता का महाप्रयाण

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**राम** ने फिर से सीता को अग्नि परीक्षा के लिये कह दिया। इसके बाद बड़ी बात हो गयी और सीता बोली हे धरती माता अगर मैं सत्य पर हूं तो आप फट जाइये। उनका इतना कहना था कि धरती फट गयी और सीता धरती में समा गयी। इसके पहले कि श्रीराम कुछ समझ पाते, तब तक धरती अपने आगोश में सीता को लेकर बंद हो गयी थी। श्री राम भावावेश ं आ गये। वे इस घटना को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे। वे इस घटना को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे। वे खड़ें हो गये और तरकश से बाण निकाल लिये। वे धनुष का प्रत्यंचा चढ़ा दिये और कहा कि मैं धरती चीरकर सीता को निकाल दूंगा। बगल में वसिष्ठ बैठे थे। उन्होंने कहा श्री राम रामायण की कथा समापन पर है। दृश्य इतना ही है। सीता की कहानी इसके आगे नहीं है। जो कुछ भी सीता की कहानी होनी थी वह समाप्त हो गयी है। जो कुछ भी सीता की कहानी होनी थी वह समाप्त हो चुकी है। धरती से निकली थी धरती में समा गयी। इसके आगे सीता की कहानी नहीं हो सकती है। इसलिये तुम आवेश में मत आओ बैठ जाओ। गुरु आदेश स्वीकार कर श्री राम बैठ गये।

श्रीराम के अंदर अन्यमस्कता थी और लीला संवरण का समय आ रहा था। एक दिन काल बुढ़े ब्राम्हण का वेश बनाकर श्रीराम की सभा में उपस्थित हुआ। उस बुढ़ें ने कहा प्रभु मैं आपसे एकांत में बात करना चाहता हूं और मैं चाहता हूं कि जब आपसे बात करूं तो कोई उस दरम्यान आना नहीं चाहिए। ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

## कॉर्टून वर्ल्ड

तेल का खेल माने युद्ध ...




साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### सजग मतदाता

**चुनाव** से पूर्व हर राजनीतिक पार्टी अपने घोषणा-पत्र में लोकलुभावनी घोषणाएं करती हैं। इसलिए सब कुछ दांव पर लगा देते हैं ताकि घोषणा पत्र में ऐसी बातें रखी जाएं, जिससे जनता को अपनी ओर आकर्षित किया जा सके। परन्तु अब जनता इन राजनेताओं के वादों, घोषणाओं से पूरी तरह सावधान रहती है। आखिर इसकी दवा क्या है?

**–सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी**

### धोषणा पत्र का महत्व

**जब**–जब चुनाव का दौर शुरू होता है तब-तब पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए घोषणा पत्रों को तैयार करने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ती। सत्ता हासिल करने के बाद घोषणा पत्र को लागू करना भूल जाते हैं । इस मामले पर निर्वाचन आयोग को घोषणा पत्र लागू करवाने के लिए तय सीमा सुनिश्चित करनी चाहिए। ऐसा होने पर पार्टी सही बात करेगी।

**– संदीप वत्स, रांची**

# विश्व कप में महिला मुक्केबाजों ने रचा स्वर्णिम इतिहास



**प्रिया राज**

राजधानी दिल्ली में आयोजित विश्व महिला मुक्केबाजी में भारत की चार महिला मुक्केबाजों नीत घणघस, स्वीटी बूरा, निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहाई ने पहली बार चार स्वर्ण पदक जीतकर भारत का झंडा ऊंचा कर दिया है। भारतीय महिला मुक्केबाजी के लिए उत्सव का समय है। यह जीत विशेष है क्योंकि वर्ष 2002 में महिला मुक्केबाज मैरीकॉम के उदय के बाद 17 वर्षो में पहली बार महिला विश्व कप में चार स्वर्ण पदक मिले हैं । मुक्केबाजी में मैरीकॉम ऐसा चमकता सितारा बनीं कि उनसे प्रेरणा लेकर हर दिन भारत को एक से बढ़कर एक नई प्रतिभाएं मिल रही हैं ।

महिला मुक्केबाजी विश्व कप में चारों महिला खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी खिलाड़ियों को भारी अंतर से पराजित किया। नीतू घणघस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया की खतरनाक खिलाड़ी अल्तांतसेतसेग को न्यूनतम भार वर्ग के एकतरफा मुकाबले में 5-0 से पराजित किया।दूसरी भरतीय महिला मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने 81 किलोग्राम वर्ग में चीन की ताकतवर खिलाड़ी वांग लिना को 4-3 से हराकर चीनी साम्राज्य को जोरदार पटकनी देते हुए विश्व विजेता बनकर नया इतिहास व कीर्तिमान रच दिया। निकहत जरीन ने 50 किलोग्राम भारवर्ग में वियतनाम की महिला मुक्केबाज को एनगुएन थाईताम को 5-0 से हराया और

## खेल

लवलीना बोहनगोई ने 75 किग्रा भारवर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की कैटलिन पार्कर को जजों की गहन समीक्षा के बाद 5-2 से पराजित किया। भारत को इस प्रतियोगिता में इससे पूर्व 2006 में सबसे अधिक पदक मिले थे तब मैरीकॉम, सरिता जेनी और लेखा ने चार स्वर्ण पदक प्राप्त किए थे।

इस प्रतियोगिता के दौरान जब स्टेडियम में निकहत जरीन का सांसों को रोक देने वाला मुकाबला चल रहा था उस समय निकहत- निकहत के नारे गूंज रहे थे और रेफरी ने जैसे ही निकहत का विजयी हाथ ऊपर उठाया पूरा स्टेडियम, ॒भारत माता की जय॒ के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। निकहत जरीन इस प्रतियोगिता में दूसरी बार विजेता बनीं ।अपने दमदार प्रदर्शन के बल पर निकहत जरीन और लवलीना ने एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है । यह दोनों महिला खिलाड़ी 2024 पेरिस ओलम्पिक के लिए पहली क्वालीफायर भी हैं। महिला मुक्केबाज नीतू धनधस के लिए यह जीत कई मायने में महत्वपूर्ण है क्योंकि उनको विश्व विजेता बनाने के लिए उनके परिवार ने बहुत त्याग किया है। विश्व कप निशानेबाजी में ओलपिंयन महिला निशानेबाज मनु भाकर ने 25 मीटर पिस्टल में भारत को कांस्य पदक दिलाकर मैदान में तिरंगा फहराया। उधर, अल्बानिया में आयोजित विश्व यूथ चैंपिनयनशिप में भारत की बेटी 14 वर्ष की ज्योत्सना साबर ने बालिकाओं के 40 किलो भारवर्ग में 115 किलो वजन और 62 किलो क्लीन एंड वर्क वजन उठाया और तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर तिरंगा शान से फहराकर अपने खेल जीवन की एक महत्वपूर्ण विजय प्राप्त की है।

मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो भारत के खिलाड़ियों से लगातार बातकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ओलम्पिक में भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत को पहला स्वर्ण दिलाने वाले नीरज चोपड़ा की विजय की याद में हर वर्ष 8 अगस्त को भाला फेंक दिवस मनाने का ऐलान किया गया। अंडर -19 महिला विश्वकप जीतने के बाद क्रिकेट में नई महिला खिलाड़ी प्रतिभाओं की खोज के लिए महिला आईपीएल की शुरूआत की गई है। (संत जेवियर कॉलेज रांची)

# भाजपा: चार दशक में सबसे बड़ी पार्टी बनी

**सुमित पचौरी**

**पंडित** दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की विचारधारा से उपजी भारतीय जनता पार्टी आज अपने स्वर्णिम काल में है। 06 अप्रैल, 1980 को गठित भारतीय जनता पार्टी के मूल में स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा निर्मित भारतीय जनसंघ की एक राष्ट्रवाद की परिकल्पना है तो दूसरी तरफ राष्ट्र के पुनरुत्थान का जज्बा भी। 06 अप्रैल, 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद पार्टी का पहला अधिवेशन दिसंबर 1980 में मुंबई में हुआ था। इस अधिवेशन में भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि भाजपा का अध्यक्ष पद कोई अलंकार की वस्तु नहीं है, यह पद नहीं दायित्व है, प्रतिष्ठा नहीं है, परीक्षा है, यह सम्मान नहीं है चुनौती है, मुझे भरोसा है कि आपके सहयोग से और देश की जनता के समर्थन से मैं इस जिम्मेदारी को ठीक तरह से निभा सकूंगा।

अपने भाषण के अंत में उन्होंने कहा, भारत के पश्चिमी तट को मंडित करने वाले महासागर के किनारे खड़े होकर मैं यह भविष्यवाणी करने का साहस करता हूं कि अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। 41 साल पहले की गई अटल जी की यह भविष्यवाणी आज सच हो रही है और 11 करोड़ से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी लोगों के सामने है। अटल जी ने न सिर्फ अपने वादों को निभाया बल्कि भारतीय जनता पार्टी को भारत के राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में एक श्रेष्ठ स्थान दिलवाया जिसकी वजह से आज एक मजबूत राजनैतिक दल के रूप में देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी एक अलग पहचान भारतीय जनता पार्टी बना चुकी है।

अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर के लिए संघर्ष हो, जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को लेकर चली आ रही गफलत हो या फिर देश को एकजुट करने की बात हो, भारतीय जनता पार्टी देशवासियों से किए गए अपने वचन को पूरा करने में सफल रही है। हमारा नेतृत्व हमेशा से ही शक्तिशाली, दूरदर्शी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत रहा है। हम जब अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण अडवाणी के अध्यक्षीय काल को याद करते हैं तो उसे भी युग की संज्ञा दी जाती है उसे अटल-अडवाणी युग कहा जाता है। के. जना कृष्णामूर्ति, बंगारू लक्ष्मण, हमारे वर्तमान उपराष्ट्रपति एम. वैंकया नायडू, वर्तमान केंद्रीय सरकार में मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडगरी, अमित शाह और अब वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, सबका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय जनता पार्टी के 41 साल के इतिहास में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्षों की एक वैभवशाली परंपरा रही है। चाहे फिर वह राष्ट्रीय अध्यक्ष हों या फिर राज्यों के अध्यक्ष, वर्तमान में देश के सबसे अधिक राज्यों में भारतीय जनता पार्टी और उनके सहोयगी दलों की सरकार है। अगर 2011 जनगणना के आंकड़ों के हिसाब से बात करें तो 2018 में बीजेपी जिन राज्यों में सरकार में थी, वहां की कुल आबादी करीब 84 करोड़ थी, यानी देश की कुल जनसंख्या का 70 फीसदी। यह सफलता हमने हमारे प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अमित शाह के नेतृत्व में हासिल की गयी है। राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय एकताः भाजपा इसको मंत्र मानकर चलती है और इससे कोई भी समझौता न किया है और न करेगी।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रातू: कोयला ट्रक ने स्कूटी सवार छात्र को कुचला, मौत

## काटू का था पवन उरांव सुबह छह बजे की है घटना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के संडे मार्केट स्थित जीटी सेंटर के पास सोमवार की सुबह छह बजे कोयला ट्रक चालक ने काले रंग की स्कूटी जेएच 01 सीजेड 3401 पर सवार 14 वर्षीय पवन उरांव को कुचल डाला। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर तेजी से ठाकुरगांव की ओर भाग निकला। मृतक काटू निवासी संतोष उरांव का पुत्र और बाल संजीवनी एजुकेशन ब्राइड पब्लिक स्कूलए रातू में 10वीं का छात्र था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक पवन उरांव अपने दोस्तों के साथ रविवार की रात शादी समारोह में हिस्सा लेने हुरहुरी आया था। खाना खाकर सभी सो गये। सुबह साढ़े 5 बजे पवन उठा। वह घर जाकर स्कूल आने के लिये यहां से निकला। जैसे ही डायट के समीप पहुंचा विपरीत दिशा से आ रहे खाली और अज्ञात कोयला ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

## ड्राइविंग लाईसेंस की जांच के लिये चले अभियान

रातू में 2010 से अब तक 16 ऐसे सड़क हादसे हुये हैं, जिसमें 18 से कम आयु वर्ग के 23 किशोर की जानें चली गयी। वह अपने माता .पिता की एकलौती संतान थे। उनका कोई सहारा नहीं बचा। अभिभावक कम उम्र के बच्चों को बाइक, स्कूटी या कार चलाने की इजाजत देना अपनी शान समझते हैं। वहीं अधिकांश कोयला ट्रक, टर्बो व ट्रैक्टर को खलासी चलाते हैं। दुर्घटना के बाद चालक की लाइसेंस के जरिये खलासी न्यायालय से जमानत पर रिहा हो जाते हैं। दूसरी ओर ट्रक मालिक भी कम होशियार नहीं है। वह चालक को 15.16 हजार तनख्वा देने की जगह 8.10 हजार में खलासी से ही काम निकाल रहे हैं। ड्राइविंग लाइसेंस की जांच के लिये अभियान चलाने की जरूरत है।

## गांव में पसरा मातम

मृतक दो भाई में बड़ा था। परिवार में पिता समेत मां प्रीति देवी व भाई पंकज उरांव हैं। संतोष उरांव नामकुम स्थित रिलायंस फ्रेस के कर्मचारी हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा है। स्कूल में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

## सड़क हादसे में एक घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो सांई मंदिर मार्ग पर सोमवार की पूर्ववह्न लगभग साढ़े दस बजे हरिहरपुर जामटोली गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक कर्रा बिन गांव निवासी 22 वर्षीय दीपास लोहरा पिता लालू लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा एल एन दास ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल दीपास ने बताया कि वह बेड़ो आया था और अपना घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान जामटोली गांव के समीप सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिर कर गंभीर रूप घायल हो गया।

### बाइक से गिरकर तीन घायल

**ठाकुरगांव।** मक्का पुल के पास मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से हिसरी निवासी अनमोल कुमार, बबलू ठाकुर और ठाकुरगांव निवासी अंकित कुमार घायल हो गए। तीनों युवक तिरु फॉल घूमने के लिए गए थे वापस लौटने के दौरान मक्का पुल के पास इनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गईए जिसमें तीनों घायल हो गए।

# सरहुल हमें प्रकृति के संरक्षण का देता है संदेश: सन्नी टोप्पो

## बेड़ो के मंदरी में सरहुल शोभायात्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रकृति पर्व सरहुल पर प्रखंड के मुरतो पंचायत के डाँड़कंडरिया व मंदरी गांव में सोमवार की शाम जुलूस निकाला गया। इस दौरान भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ शोभायात्रा में शामिल होकर नृत्य किया व मांदर की थाप पर ग्रामीणों को झुमाया। इस अवसर पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि सरहुल पर्व पूर्णरूप से प्रकृति का पर्व है। जो पर्यावरण का संरक्षण का संदेश देता है। यह सीधा प्रकृति को इंसानों से जोड़ता है। मौके पर महादेव कुजूर, नारायण महली, वीरेंद्र उरांव, सोमनाथ उरांव, सूरज भगत, कर्मा उरांव, रमेश भगत, विष्णु तिर्की, सुभाष उरांव, निरंजन केरकेट्टा, बुधु उरांव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सिल्ली:शहीद रघुनाथ महतो तोरण द्वार का उद्घाटन कल

**सिल्ली।** सिल्ली के किता में नव निर्मित शहीद रघुनाथ महतो तोरण द्वार का उद्घाटन 5 अप्रैल बुधवार को सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो करेंगे। इनके अलावा शहादत स्थल को लगभग 10 लाख रुपये खर्च कर सुंदरीकरण किये जाएगे जिसकी आधारशिला भी रखी जाएगी। इसके अलावा कई विकास योजनाओं की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। उक्त जानकारी विधायक कार्यालय से दी गई।

### नगेंद्र नाथ रांची जिला कांग्रेस कमेटी के बने उपाध्यक्ष, कार्तिक सचिव

**सिल्ली।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी की रांची में आयोजित एवं विस्तारित बैठक में सिल्ली निवासी नगेंद्र नाथ गोस्वामी को जिला उपाध्यक्ष एवं सिल्ली के ही कार्तिक चंद्र महतो को रांची जिला कांग्रेस सचिव नियुक्त किया गया। पार्टी की ओर इस सम्बंध में जरूरी पत्र जारी कर दिया गया है। इसकी जानकारी नागेंद्र नाथ गोस्वामी ने एक प्रेसविज्ञप्ति जारी कर दी. इस पर कार्यकर्ताओं ने नागेंद्र नाथ एवं कार्तिक को बधाई दी है।

### तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित, आज बहाल होने की संभावना

**सिल्ली।** मुरी शहरी जलापूर्ति योजना से पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित है। इससे योजना से जुड़े करीब तीन सौ से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में पानी नहीं आ रहा है लोग दूसरे जगहों से पानी का इंतजाम कर रहे है। इधर पीएचईडी विभाग के जेई ने कहा है कि मुरी स्वर्णरेखा नदी स्थित पंप हाउस में किसी गड़बड़ी के कारण विजली आपूर्ति नहीं हो रही थी। सोमवार को इसे ठीक कर लिया गया है मंगलवार से जलापूर्ति बहाल होने की संभावना है।

### माधो कच्छप बने रांची जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष

**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के प्रतिनिधि माधो कच्छप को रांची जिला कांग्रेस कमीटी के अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने पाट्री का उपाध्यक्ष मानोनीत किया गया है। इनके मनोनयन पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक राजेश कच्छप,लाल अजयनाथ शाहदेव, प्रमुख आशा कच्छप, उपप्रमुख वीणा देवी, विधायक प्रतिनिधि सतीस पंडा, अशोक मिश्रा, विजय टोप्पो, महादेव मुंडा, शंकर गोप, अरूण गोप, दिनेश प्रमाणिक, पंचू तिर्की आदि ने बधाई दी है।

### खलारी: अवैध बालू लदा टर्बो ट्रक जब्त

**खलारी।** अवैध बालू का शिलशिला मैक्लुस्कीगंज के रास्ते थमने का नाम नही ले रहा हैण रात दिन टर्बो ट्रक के माध्यम से अवैध बालू का उठाव करके रात के अंधेरे सहित दिन के उजाले में गुपचुप तरीके से पार किया जा रहा थाण अवैध बालू टर्बो ट्रक से ले जाने का सूचना जब मैक्लुस्कीगंज पुलिस को मिली तो धरपकड़ के लिए रणनीति बनायी गयीण परन्तु इसकी सूचना बालू तस्कर को लग जाने से टर्बो ट्रक चालक तेज गति से मैक्लुस्कीगंज रेलवे फाटक पार कर रहा थाण इस दौरान एक स्कूली बच्चा को चपेट में लेते हुए फरार हो गया। हालांकि स्कूली बच्चा का साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयाण दुर्घटना से बच्चा का कुछ नही हुआण सूचना के अनुसार पुलिस बालू लदे टर्बो ट्रक जे एच 01 डी डब्लू 1700 को पीछा करते हुए मैगजीन मोड़ के पास पकड़कर बघमरी पिकेट में रखा गया है।

### विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल की बैठक

**खलारी।** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल का बैठक खलारी प्रखंड क्षेत्र के अम्बा टोंगरी ग्राम के नवयुवकों के साथ एक बैठक किया गयाण बैठक की अध्यक्षता उमेश मुंडा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विहिप हिन्दू नेता प्रताप यादव मौजूद थे। बैठक में ग्रामीण व आदिवासियों बहुल क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करनासहित अन्य मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 150 कीर्तन प्रेमियों का जत्था बाबाधाम रवाना

## तीर्थाटन



## मौके पर थे मौजूद

मौके पर कांग्रेस नेता शिव उरांव, राजाराम साहू, गोयों भगत, अनिल ओझा, बिपिन मिश्रा, अमित महतो, उमेश महतो, केवल महतो, लखन महतो, नीलश्याम कश्यप, रामनन्दन साहू, श्याम बिहारी मिश्रा, अभिमन्यु साहू, लाल साहेब, कुलदीप साहू, रामनारायण साहू, सत्यभामा देवी, गीतांजलि देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** आर्यावर्त कंठामृत रसधारा केंद्र कटैया के तत्वावधान में 150 कीर्तन प्रेमियों का जत्था मां कटैया भगवती प्रांगण से सोमवार बाबाधाम देवघर के लिए रवाना हुआ। सभी तीर्थ यात्री सामूहिक रूप से ट्रेन से देवघर जायेंगे और मंगलवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग में से नौवां ज्योतिलिंग बाबा वैद्यनाथ का दर्शन कर जलाभिषेक करेंगे। बाबा बैद्यनाथ प्रांगण स्थित धर्मशाला में श्रीहरि अखंड शोडश महामंत्र का कीर्तन संकल्प कर प्रारम्भ करेंगे। क्षेत्र से सम्मिलित गांव मसमानो, ताला, लुंडरी, सुकूरुहुट्टू , टांगर, बीजूपाडा, मंदरो, सिलागाई, बदरी बाजरा, रघुनाथपुर, कोकर, कुडू, जिंगी, ताला बरवाटोली, चांन्हो, खरता, गणेशपुर, बाजोटोली, हुरहुरी सहित विभिन्न क्षेत्र के भगीदार कीर्तन मण्डलीयों द्वारा 24 घंटे का अखंड कीर्तन कर पांच अप्रैल को कीर्तन का विसर्जन किया जायेगाए तत्पश्चात ये जत्था का वापसी 6 अप्रैल को होगा ए रासधारा केंद्र के संचालक सदस्य प्रदीप कुमार साहू ने कहा की केंद्र का समन्वय से क्षेत्र में आयोजन होने वाले कीर्तन में युवाओं को सम्मिलित करने का प्रयत्न किया जा रहा है। इस महामंत्र का प्रचार करना भी हम सभी का कर्तव्य है क्योंकि कलयुग में पढ़ा जाने वाला ये महामंत्र किसी भी अवस्था में फलदाई है। श्री साहू ने कहा कि इस तरह का आयोजन करने से समाज में नशा मुक्ति पर हम लोग विजय पा सकते हैं।

## राहे में आयेगी शिक्षा की क्रांति: सुदेश

**राहे।** प्रखंड के राहे स्थित सर्वोदय स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के बीच वार्षिकोत्सव मनाया। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो ने दीप प्रज्वलित कर किये। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि राहे प्रखंड में शिक्षा की क्रांति होगी। सभी हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास की तैयारी है। बच्चों के लिये निःशुल्क स्टूडेंट बस सेवा, निःशुल्क कोंचिंग व्यवस्था किया जा रहा है। क्वालिटी एजुकेशन के साथ रोजगारउन्मुख शिक्षा दिया जायेगा। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर निर्देशक सुनील महतो, प्राचार्य ज्ञान महतो, डॉ लता मेमन, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो, धीरज, क्षेत्र के बुद्धिजीवी शिक्षाविद अभिभावक सहित स्कूल के शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे। संचालन परमेश्वर कुमार की टीम ने किया।

### प्रेमिका का दूसरे लड़के से रिश्ता की खबर सुन बौखलाया प्रेमी

# युवक ने प्रेमिका के भाई का गर्दन और हाथ काट कर किया घायल, गिरफ्तार

## चिपरा का है राजन उरांव, रिम्स में चल रहा है इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** चिपरा भागलपुर निवासी चुमनु उरांव के पुत्र पतरस उरांव ने प्रेमिका मीना कुमारी के भाई 15 वर्षीय राजन उरांव के गर्दन और दोनों हाथ को धारदार हथियार से काट जख्मी कर दिया। सूचना मिलने के बाद परिजन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिये कटहल मोड़ स्थित रिंची ट्रस्ट हॉस्पिटल ले गये। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया। घटना सोमवार सुबह करीब छह बजे की है। जानकारी के मुताबिकए पतरस उरांव गांव के ही जंगला उरांव की बेटी मीना से एकतरफा प्यार करता है। वह उससे शादी करना चाहता है। किसी ने उसे बताया कि मीना का रिश्ता आने वाला है। यह सुन वह बौखला गया। उसने इसका बदला उसके भाई को हत्या कर चुकाने की ठान ली। मामले को लेकर राजन उरांव के बयान पर रातू थाने में पतरस के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## राजन आ रहा था बाजपुर



राजन सुबह अपनी साइकिल से ट्यूशन पढ़ने बाजपुर आ रहा था। जैसे ही वह श्मशान घाट के समीप पहुंचा, पल्सर बाइक से पतरस वहां आ धमका। उसने राजन को रोककर मीना के बारे में गंदी .गंदी गाली देने लगा। उसने मीना की शादी दूसरे लड़के से कैसे करोगे की धमकी भी दी। उसके हाथ में धारदार हथियार देख राजन डर गया। वह भागने की कोशिश की। उसने पीछे से दौड़ाकर उसके गर्दन और दोनों हाथ काट दिया। राजन बेहोश होकर गिर गया। उसे मृत समझ पतरस वहां से फरार हो गया।

# बेड़ो: जमनी गांव में हाथियों ने रौंद डाली मटर की फसल

## जंगली हाथियों के डर से रतजगा कर रहे हैं लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के जमनी गांव में रविवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे पांच जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के सालिक सिंह के मटर फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगों में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं सालिक सिंह ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन व वन विभाग से मुआवजे की गुहार लगाई है। वहीं बिजली विभाग द्वारा हाथी प्रभावित गांवों में रात में लाइन काट दिए जाने से किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।इधर ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

# खलासी को बंधक बना ट्रक की चोरी

## सिमलिया से अर्जुन उरांव को बनाया बंधक, हुआ रिहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** सिमलिया स्थित मंगरा गैरेज में खड़ी 14 चक्का ट्रक सीजी 04 एमवी 4168 को नकाबपोश अपराधियों ने खलासी अर्जुन उरांव को मारपीट कर जख्मी करने के बाद बंधक बना चोरी कर ली। इतना ही नहीं उसे नगड़ी थाना क्षेत्र के बालालौंग के समीप एक खंडरनुमा मकान में गमछे से मुंह और दोनों हाथ को पीछे कर तार से बांध फरार हो गये। वह पलामू जिले के चैनपुर खरा खुर्द निवासी कृष्णा उरांव का पुत्र है। घटना रविवार रात करीब 2 बजे की है। मामले को लेकर खलासी के बयान पर रातू थाने में तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## कैसे घटी घटना

ट्रक पिस्कामोड निवासी रत्नेश कुमार सिंह की पत्नी रुचि सिंह के नाम से रजिस्टर्ड है। श्री सिंह खुद इसके चालक हैं। गाड़ी का क्लच प्लेट जल गया था। उन्होंने मिस्त्री और दूसरी ट्रक के खलासी अर्जुन उरांव को खाना खिला उसके जिम्मे गाड़ी छोड़ घर चले गये। सुबह लौटेए तो गाड़ी और अर्जुन को गायब पाकर उनके होश उड़ गये। इसी बीच अर्जुन तार से बंधे हाथ को खोल भाग कर गैरेज पहुंचा और आपबीती सुनायी। उसके चेहरे समेत शरीर के विभिन्न हिस्से में चोट के निशान हैं।

## एक नजर में

### नेशनल पब्लिक हाई स्कूल में रिजल्ट वितरण



**इटकी।** इटकी स्थित नेशनल पब्लिक हाई स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम सह पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। नेशनल पब्लिक वेलफेयर एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा आयोजित समारोह में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 6 की छात्रा सुहानी तिग्गा 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। इसके अलावा कक्षा एक से कक्षा 9 वीं तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी व उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत राष्ट्र गान के साथ किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक जिब्राइल अंसारी, विष्णु महली, तस्लीम रजा सहित छात्र छात्राएं, अभिभावक व स्कूल परिवार मौजूद था।

# समाज को भ्रमित करने वालों से सजग रहें: सुदेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम के समीप सोमवार को सिल्ली विधानसभा स्तरीय आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच की सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जोगेश्वर महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी 5 अप्रैल को शहीद रघुनाथ महतो शहादत दिवस राज्य स्तर पर मनाया जाएगा इसके व्यापक तैयारी चल रही है। उन्होंने समाज को भ्रमित करने वालों से सजग रहने की अपील की। बहुत जल्द आप सबों के बीच ग्राम प्रभारी का चयन किया जाएगा, जो अपने पंचायत में समस्याओं को जानें उसकी वजहों पर शोध करें और फिर जहां तक संभव हो उसके समाधान की राह खोजें ताकि जनता में विश्वास पैदा हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान, भूत और भविष्य की बेहतरीन समझ रखने वाले तथा झारखंडी इतिहास एवं राजनीति का लंबा अनुभव समेटे हुए बुद्धिजीवियों को सरकार के कार्यों, नीतियों तथा क्रिया-कलापों पर नजर बनाए रखने की जरूरत है। बुद्धिजीवियों की जिम्मेदारी सामान्य लोगों की जिम्मेदारियों से कहीं बड़ी है। वर्तमान और भविष्य के चिंतन-मंथन तथा समाज को सही दिशा प्रदान करने में उनकी भागीदारी काफी अहम है। श्रवन तीर्थ यात्रा मंच बनाया जाएगा। जिसके माध्यम से 60 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों को उनके परिवार के साथ तीर्थ के लिए विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। साल में 5000 सदस्यों को इस तीर्थ यात्रा में शामिल किया जाएगा। इसके लिए कमेटी गठन कर सदस्यों का रजिस्ट्रेशन एवं स्वास्थ्य जांच की जाएगी। आजसू पार्टी खेलेगा सिल्ली, पढ़ेगा सिल्ली स्वास्थ एवं जल संचय पर काम कर रही है।

## प्रबंधन से वार्ता के बाद असंगठित मजदूरों की बंदी स्थगित

**पिपरवार।** पिपरवार सीसीएल सीसीएल क्षेत्र में पूर्व से संचालित ट्रांस्पोट कंपनियों में आरपीएलए टीपीसीएलएसीआईएलए सैनिक में असंगठित मजदूरों का बकाया बोनस सीएमपीएफ पेंशन भुगतान के संदर्भ में मजदूरों द्वारा 03 अप्रैल को आहूत बंदी की घोषणा किया गया था। बंदी करने से पूर्व पिपरवार प्रबंधन के प्रयास से यूसीडब्लूयु के पादाधिकारियों व मजदूरों के साथ एक आवश्यक बैठक कर बंदी को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। वार्ता में सीसीएल के अधिकारी और यूनियन सदस्य शामिल थे।

### विधायक ने आजाद को दिये 1 लाख का चेक



**रातू।** झारखंड के प्रसिद्ध नागपुरी कलाकार आजाद अंसारी को इलाज के लिये मुख्यमंत्री राहत कोष से एक लाख की मदद मिली है। हटिया विधायक नवीन जायसवाल सोमवार की दोपहर वर्षों से बीमार आजाद के चितरकोटा बड़काटोली स्थित आवास पहुंच श्री अंसारी को एक लाख का चेक दिया। इसपर आजाद ने मुख्यमंत्री और विधायक का आभार जताया। मौके पर जेम्स खलखो, इमरान खान, मो कलामुद्दीनए मो मोख्तार, मो अशफाकए मो आशिफ, मो हकीम, रोहित उरांव व कार्तिक उरांव आदि मौजूद थे।

### विधायक ने रखी पीसीसी पथ की आधारशिला



**रातू।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने सोमवार को तिगरा पंचायत के बसाईरटोली में एक किलोमीटर पीसीसी पथ की आधारशिला रखी। मौके पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक और ग्रामीण मौजूद थे।

# मंदिर वार्षिकोत्सव: रूद्राभिषेक, हरिकीर्तन में उमड़े भक्तगण

## पांचा में मंदिर वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन



मंदिर के वार्षिकोत्सव में शाामिल भक्तगण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** श्रीश्री 1008 शिव परिवार सह हनुमान मंदिर पांचा की प्रथम वार्षिक महायज्ञ के दूसरे दिन वेदी पूजा रूद्राभिषेक के बाद चार पहर की हरिकीर्तन का आयोजन हुआ। यज्ञशाला में महिला, युवा-युवतियां व भक्तगण शुबह से ही परिकर्मा कर रहे थे। वहीं वेदी पूजा के बाद मुख्य पुजारी विजय साहू व आरती देवी के साथ सभी पुजारी बालकृष्ण साहू जानकी देवर, अशेश्वर साहू नमिता देवी, जगदीश प्रसाद साहू गीता देवी, वीरेंद्र साहू प्रमिला देवी, शैलंद्र साहू सुनिता देवी, नविन साहू सविता देवी, रामजीवन साहू जया देवी, महेश साहू सुरो देवी, सुनील साहू रिंकी देवी, बाबुलाल साहू प्रभा देव सभी अपने धर्मपत्नी के साथ गांव के षिव मंदिर में रूद्राभिषेक पूजा किया गया। पंडित अशोक शास्त्री, राजेश शर्मा व पुरोहित आचार्य प्रदूमण पांडेय द्वारा मंत्रोचार के साथ रूद्राभिषेक पूजा कराया गया। बाद में बंगाल पुरुलिया से पहुंचे कीर्तन मंडलियों के साथ गांव वालों ने कीर्तन किया। वहीं भंडारे में भक्तों की लाइन लगी थी। वहीं मंगलवार को रात्रि में प्रख्यात भक्ति संगीत गायिका शहनाज अख्तर का भक्तिमय संगित कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके लिए पांचा स्कूल मैदान में भव्य मंच निर्माण के साथ पुरी तैयारी कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय साहू लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया गया है।

## धार्मिक आयोजन में थे शामिल

इन धार्मिक आयोजन में आयोजन समिति के सचिव रवि कुमार साहू, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साहू, मीडिया प्रभारी राजधाम साहू, रामनंद्रन महतो, उपाध्यक्ष आनंद महतो, प्रवीण कुमार साहू, दिलीप महतो, शंकर चौरसिया, प्रदीप श्रीवास्तव, उपसचिव सत्येंद्र कुमार, आशीष साहू, संजय महतो, उप कोषाध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव, सरवन श्रीवास्तव, संरक्षक कामेश्वर साहू, संत साहू, बालकृष्ण साहू, जगदीश प्रसाद साहू, प्रकाश चौधरी, कैलाश पहन, बालक महतो, वीरेंद्र कुमार साहू, ईश्वर लाल गुप्ता, कृष्ण कुमार साहू, अविनाश कुमार, नवीन साहू, प्रीतम कुमार, प्रशांत कुमार, अजीत कुमार, श्रीकांत कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सीआइपी में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस

**कांके।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर 2 और 3 अप्रैल 2023 को केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान सीआइपी कांके के बाल एवं किशोर मनश्चिकित्सा केंद्र में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें ड्राइंग प्रतियोगिता मनोरंजक गतिविधियाँ खेल और लाइट इट अप ब्लू थीम पर नृत्य गतिविधियाँ शामिल थीं। माता .पिता को अपने वार्ड के समूह गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिससे माता .पिता और बच्चों के साथ सीसीएपी स्टाफ के संयुक्त प्रयासों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। साथ ही एक फिल्म स्क्रीनिंग का भी आयोजन किया गया जिसे दर्जनों लोगों ने एक साथ देखा। दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं संस्थान के निदेशक प्रोण ;डॉण्द्ध बासुदेब दास के भाषण से हुई जहां उन्होंने ऑटिज्म डिसऑर्डर के लक्षण ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों की ताकत इसके प्रबंधन में परिवार और बच्चों की भूमिका के बारे में बात की। उन्होंने हर साल ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाने के महत्व पर भी जोर दिया। इसके बाद प्रोफेसर निशांत गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया।

# झारखंड के साथ टाटा स्टील का रिश्ता 100 साल से भी अधिक पुराना : नरेंद्रन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड के ग्लोबल सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने मौके पर मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि टिनप्लेट कंपनी के विस्तार कार्यक्रम के भूमि पूजन में मुख्यमंत्री की उपस्थिति से हमलोग प्रफूल्लित हैं।

कुछ वर्ष पूर्व नयी दिल्ली में आयोजित झारखंड इंवेस्टर्स मीट में हमलोगों ने टिनप्लेट कंपनी के विस्तार के लिए एमओयू किया था जिसे आज धरातल पर उतारा जा रहा है। टाटा स्टील आने वाले दिनों में झारखंड स्थित डाउन स्ट्रीम इंडस्ट्री में निवेश करना जारी रखेगी। हम इस सेगमेंट में टीसीआइएल की बड़ी भूमिका देखते हैं। आज भारत समेत पूरी दुनिया में टिनप्लेट पैकेजिंग प्रोडक्ट की भारी मांग है जो निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में टिनप्लेट एकदम सही समय पर अपनी क्षमता का विस्तार कर रहा है जिसका लाभ कंपनी के हर स्टेक होल्डर को मिलेगा। नरेंद्रन ने टाटा स्टील के झारखंड के साथ रिश्तों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड से कंपनी एवं टाटा समूह का रिश्ता 100 वर्ष से अधिक पुराना है। टाटा स्टील समेत पूरे टाटा ग्रुप झारखंड में अपना निवेश जारी रखेंगे। हम झारखंड के रिश्तों को बहुत महत्व देते हैं। जल्द ही जमशेदपुर में होटल ताज खुलने जा रहा है। टाटा कैंसर हॉस्पिटल भी रांची में बन कर तैयार है।



भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन।



एयरपोर्ट पर व्हील चेयर से स्वागत करने आये वीपी चाणक्य चौधरी का कुशल क्षेम पूछते सीएम हेमंत सोरेन। साथ में टीवी नरेंद्रन।

**100 वर्ष पुरानी है टीसीआइएल:** भूमि पूजन समारोह में स्वागत भाषण देते हुए टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआइएल) के एमडी आरएन मूर्ति ने कहा कि यह कंपनी 1920 की है और अपने वाणिज्यिक उत्पादन के 100 वर्ष पूरे कर चुकी है । 1920 में इस कंपनी की शुरूआत सालाना 30,000 टन टिनप्लेट के उत्पादन के साथ हुआ था। उद्देश्य था भारत और बर्मा में केरोसिन तेल के लिए टिनप्लेट ड्रम एवं कैन तैयार करना। आज कंपनी की उत्पादन क्षमता सालाना चार लाख टन है जिसमें से 80 हजार टन टिनप्लेट उत्पाद 16 से अधिक देशों में निर्यात किया जाता है। कंपनी तीनप्लेट पैकेजिंग उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी उत्पादन क्षमता में तीन लाख टन सालाना क्षमता का विस्तार करने जा रही है। इस विस्तार के पूरा होने के बाद कंपनी के उत्पादन क्षमता में 70% तक बढ़ोतरी हो जाएगी।

**एयरपोर्ट पर सीएम का स्वागत करने पहुंचे नरेंद्रन और चाणक्य चौधरी**

टाटा स्टील और झारखंड की हेमंत सरकार के रिश्तों में जमी बर्फ आज पिघलती दिखी। सीएम के जमशेदपुर आगमन पर उनका स्वागत करने जमशेदपुर एयरपोर्ट पर खुद कंपनी के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन पहुंचे। उनके साथ वीपी चाणक्य चौधरी भी थे जो व्हील चेयर पर सीएम का स्वागत करने पहुंचे थे। नरेंद्रन ने बुके देकर सीएम का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान चाणक्य चौधरी ने भी सीएम को बुके दिया। व्हील चेयर पर चाणक्य चौधरी को देख सीएम ने उनका हालचाल लिया,और जल्द ठीक होने की कामना की।

## पलामू में जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

**मेदिनीनगर।** भगवान महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज के द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके पूर्व जैन मंदिर में भगवान महावीर जी का कलशाभिषेक किया गया। शांति धारा के माध्यम से पूरे विश्व में शांति स्थापित हो इसके लिए मंगल कामना किया गया। मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर का पूजन सामूहिक रूप से किया। तत्पश्चात जैन मंदिर से रथ पर भगवान महावीर जी को आसीन कर शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो, त्रिशला नन्द वीर की जय, जय बोलो महावीर की, कटती गाय करे पुकार बंद करो यह अत्याचार, अहिंसामय विश्व धर्म की जय आदि के नारे लग रहे थे।

# गोविंदपुर में 5 करोड़ की लागत से सड़क की स्वीकृति करवाने के लिए मंत्री बन्ना गुप्ता का नागरिक अभिनंदन

## जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष ने कहा, गोविंदपुर के लिए ऐतिहासिक दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष की अनुशंसा पर माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने 5 करोड़ लागत से 7.3 किलोमीटर सड़क स्वीकृत करवाया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ परितोष सिंह ने कहा की गोविंदपुर मुख्य सड़क सहित 14 सड़को की स्थिति अत्यंत जर्जर थी, इससे लगभग 1 लाख लोग प्रभावित थे, जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर थी। मैं इसी मुद्दे के साथ चुनाव में उतरा था और जनता ने भारी मतों से चुनकर मुझे सेवा का अवसर दिया। विगत 6 माह से मैं इन सड़को के निर्माण के लिए संघर्षरत रहा और समय समय पर इस समस्या से माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता जी को अवगत करवाया। हमारे अनुरोध पर माननीय बन्ना गुप्ता जी ने गोविंदपुर वासियों के नारकीय स्थिति को समझा और उन्होंने लगभग 5 करोड़ की लागत से 7.3 किलोमीटर सड़क निर्माण की अनुशंसा की, जिसमे गोविंदपुर के विभिन्न इलाकों की 14 सड़के आती थी। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा डीपीआर निर्माण कर रांची भेजा गया और सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए 31 मार्च को मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से इसकी स्वीकृति मिली। जिसकी जानकारी मिलने पर सैकड़ों लोग ढोल नगाड़े के साथ माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता जी के आवास पर पहुंचकर उन्हें फूल मालाओं से लादकर उनका अभिनंदन किया। परितोष सिंह ने कहा की आज का दिन गोविंदपुर के लिए ऐतिहासिक है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोग गोविंदपुर आना नहीं चाहते थे ।



माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने हमारी समस्याओं को गंभीरता से सुन कर हमारी मांगों को मांगते हुए सड़कों के निर्माण के लिए प्रयास किया है उसके लिए हम गोविंदपुर वासी आजीवन उनका आभारी रहेंगे, साथ ही साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गठबंधन के विधायक मंगल कालिंदी जी को भी तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर बन्ना गुप्ता ने कहा की कदमा और गोविंदपुर में मां मौसी का रिश्ता है, गोविंदपुर की सड़क की स्थिति को देखते हुए जिला परिषद छोटे भाई डॉ परितोष के द्वारा हमेशा कहा जा रहा था, आने वाले दिनो में रेलवे ओवर ब्रिज का भी निर्माण बहुत जल्द होगा।

## स्पीड न्यूज

### लॉ परीक्षा में पूछा गया आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न परीक्षार्थियों ने किया हंगामा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा में आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न पुछा गया। इसे लेकर बिष्टुपुर केएमपीएम कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों द्वारा हंगामा किया गया। परीक्षार्थियों ने बताया की टैक्सेशन विषय की परीक्षा में प्रश्नपत्र आउट ऑफ सिलेबस आया, पेपर में कुल 10 प्रश्न होते हैं, जिसमें 5 के उत्तर लिखने होते हैं। प्रश्नपत्र में प्रश्न संख्या 3 के बाद सीधे 5 छपा था, वही कई प्रश्न अस्पष्ठ रूप से पूछे गए थे। इसे लेकर परीक्षार्थियों द्वारा जोरदार हंगामा किया गया। इसकी तत्काल सूचना सेंटर परीक्षा नियंत्रक द्वारा कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एके चौधरी को दी गई। सूचना मिलने पर उन्होंने परीक्षार्थियों का लिखित शिकायत मिलने पर जांच कमिटी के द्वाराजाँच कर उपयुक्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। परीक्षार्थियों की मांग है कि सभी विद्यार्थियों को इस विषय में शत प्रतिशत अंक दिया जाए। परीक्षार्थियों की तरफ से अमर तिवारी एवं अन्य लोगों ने शिकायत पर हस्ताक्षर किये।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी सिंहभूम में 678वां नेत्र शिविर संपन्न



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 678वां नेत्र शिविर आज नेत्र रोगियों के विदाई के साथ सम्पन्न हो गया। नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह एंव उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की गयी, जिसके पश्चात नेत्र रोगियों को शिविर संयोजक रोटेरियन त्रिलोक सिंह एवं रोटेरियन मंजू भामरा तथा इंटर्न हुमा ने चश्मा पहनाया व दवा प्रदान किया, जिसके पश्चात रेड क्रॉस सोसाईटी के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने ऑपरेशन कराये लोगों को आंखों की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया। विदाई के समय राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, रेड क्रॉस सदस्य अजहर खान, यासिर खान, अशोक घोषाल, अशोक सिंह, गीता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थें। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम का 679वां नेत्र शिविर महिला भजन मंडल सोनारी के संयोजन में 8 से 10 अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा।

### छोटा गम्हरिया की पंचायत प्रतिनिधि अब नजर आयेंगी नये परिधान में



**गम्हरिया।** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत की प्रतिनिधि अब नए परिधान में नजर आएंगी। इस पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक कर ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सभी मुखिया से लेकर वार्ड सदस्य तक सभी अब किसी भी बैठक या कार्यक्रमों में हरे रंग की साड़ी व अन्य परिधानों में शिरकत करेंगे। उप मुखिया रेणु देवी ने बताया कि हरा रंग हमारी हरी-भरी धरती का प्रतीक है। इसलिए इसी रंग के ड्रेस का चयन किया गया है। विदित है कि झारखंड का यह पहला पंचायत होगा जहां सभी पंचायत प्रतिनिधियों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है।

## खबर एक नजर में

### जिला मुखिया संघ ने की घायल मुखिया के बेहतर इलाज व दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष पलटन मुर्मू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल हल्दीपोखर पूर्वी की मुखिया देवी कुमारी भूमिज के आवास पर हालचाल जानने पहुँचे। जिला मुखिया संघ प्रसाशन से मिलकर अविलम्ब इस घटना में शामिल अभियुक्तो का पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने तथा मुखिया देवी कुमारी भूमिज का बेहतर इलाज प्रसाशन द्वारा करवाने की माँग की। मुखिया संघ के पदाधिकारी ने ग्रामीण एस पी मुकेश लुनायत, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पियूष रंजन, डी एसपी चंद्रशेखर आजाद से मिलकर घटना की जानकारी दी तथा मुखिया देवी कुमारी भूमिज के सुरक्षा की मांग भी रखी। संघ के प्रतिनिधि सह मुखिया कानू मुर्मू ने कहा की संतोष जनक कार्यवाही नहीं होने पर मुखिया संघ के द्वारा उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम के कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से जिला सचिव दुलारी सोरेन, कानू मुर्मू, प्रेस प्रवक्ता निताई सरदार, उपाध्यक्ष लालमोहन सरदार, जमशेदपुर मुखिया संघ कार्यकारी अध्यक्ष सरस्वती टुडू, महासचिव कान्हु मुर्मू , मुखिया रामचंद्र मुर्मू, मुखिया मनोज मुर्मू, सुखलाल सरदार, जोबा मार्डी, मायावती टुडू, राकेश मुर्मू, कालिदास टुडू, सुमी कराई, नीनू कूदादा, सुनील किस्कू, सुमन सिरका,सुखलाल सरदार, जुझार सोरेन, शशी सिंह सरदार, ईशांत बारला आदि मुखिया उपस्थित थे।

### झारखंड हाइकोर्ट ने पूर्व सिविल सर्जन डॉ एके लाल की सेवा बहाल करने का दिया आदेश

**पोटका।** पूर्व सिविल सर्जन डाक्टर ए के लाल की सेवा झारखंड हाईकोर्ट ने पुन: बहाल करने का आदेश दिया है। विदित हो की जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सरकारी सेवा नियमावली के विपरीत चुनाव लड़ने तथा अन्य सेवा शर्तों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया था। सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा डाक्टर लाल के पक्ष में फैसला आते ही बधाई संदेशो का तांता लग गया। इस मौके पर पोटका वासिओं ने अपने बधाई संदेश में सत्यमेव जयते लिखकर हर्ष जाहिर किया। बधाई देने वालो में सुनील कुमार दे, दुलाल मुखर्जी, भोलतू झा, अनूप गुप्ता, शिव कुमार, संजय सरदार, राकेश मिश्रा, जमीला दे आदि शामिल है। डाक्टर लाल ने कहा की सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं हो सकता।



पूर्व सिविल सर्जन डॉ एके लाल।

### जुगसलाई में पाइपलाइन लिकेज होने से नाली में पानी हो रहा बर्बाद, लोगों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**जमशेदपुर।** जुगसलाई पुराना वार्ड संख्या 10 क्षेत्र के राम जानकी कन्या विधालय के आस पास के घरों में पानी की आपूर्ति समुचित रूप से नहीं होने के कारण गर्मी का मौसम आते ही वहां के निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा समाजसेवी दामोदर शनि बाबा के नेतृत्व में सोमवार को जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर लिकेज हुए मेन पाइप लाइन को ठीक कराने की मांग की हैं। दामोदर शनि बाबा ने बताया कि पुरानी पानी टंकी अहाते से मेन पाइप लाइन लिकेज हो जाने के कारण काफी पानी बेकार होकर नाली में बह जा रहा हैं। साथ ही एक अन्य सड़क की समस्या का समाधान करने की मांग भी डीसी से की गयी हैं। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि इसी वार्ड में लगभग चार माह पहले 400 मीटर सड़क का निर्माण कराया गया हैं। सड़क की चौड़ाई बीच-बीच में कम और किनारे में समतल नहीं होने के कारण प्राय: छोटी-मोटी दुर्घटनाये होते रहती हैं। सड़क के किनारे में ईट बिछाकर समतल करने की मांग की गयी हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से विमल रजक, राजू सिंह, अरविंद मिश्रा, जनार्दन प्रसाद, राजू सोनकर, अशोक रजक आदि मौजूदथे।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं आइओटी पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 4 व 5 को आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर में 4 एवं 5 अप्रैल, 2023 को आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस एवं आईओटी पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी होने जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने प्रेस से बात करते हुए बताया कि उपर्युक्त संगोष्ठी का आयोजन स्प्रींजर के बैनर तले किया जा रहा है। कोविड 19 के समय से ही सम्पूर्ण विश्व में आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस की उपयोगिता पर काम हो रहा है। भारत सूचना प्राद्यौगिकी के क्षेत्र में समूचे विश्व में एक सम्मानित नाम है, भारतीय तकनीकी विश्वविद्यालयों में भी इस क्षेत्र पर गंभीरता से काम हो रहा है। इसी क्रम में आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी ने भी पहल शुरू की है। थोड़े-थोड़े अंतराल पर हम नियमित रूप से इस तरह का अकादमिक अनुष्ठान करते रहते है। इस बार भी इस आयोजन में सौ से अधिक प्रतिभागी देश-विदेश से हिस्सा ले रहे हैं। आशा है विद्वान प्रतिभागियो के इस समागम में पेपर प्रस्तुति के माध्यम से गंभीर चर्चा होगी और नए खोज की तरफ हमलोग बढ़ पाएगे। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि झारखण्ड प्राद्यौगिकी विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो डॉ विजय पांडेय होगें, वही यूनिर्वसिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी हजारीबाग के निदेशक प्रो0 डॉ आशीष कुमार साहा विशिष्ट अतिथि होगें।

## सद्‌गुरु स्वतंत्रदेव जी महाराज एवं संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज का झारखंड परिदर्शन संपन्न



**जमशेदपुर।** परमाराध्य सद्गुरु स्वतंत्रदेव जी महाराज एवम संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज, विहंगम योग संत समाज द्वारा आयोजित सिल्ली, रांची एवं चाईबासा में 2100 कुण्डीय विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ एवं 501 कुण्डीय महायज्ञ हेतु झारखण्ड राज्य अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। समारोह उपरांत बिस्टुपुर स्थित विहंगम योग टाटा आश्रम पर एक दिन के विश्राम के बाद कल रात्रि उनकी विदाई की गई। टाटा आश्रम पर स्वामी जी एवं संत श्री के साथ संत समाज के स्तंभ श्री सुखनंदन जी सदय, झारखंड संत समाज के अध्यक्ष राधाकृष्ण सिन्हा, उपाध्यक्ष यू पी सिंह, समन्वयक पंकज दुबे, सत्य रमन सिन्हा पधारे हुए थे। इस मौके पर झारखण्ड संत समाज के प्रमुख परामर्शक कन्हैया लाल अग्रवाल, नगीना सिंह, डॉ डी पी शुक्ला, उमेश यादव, कोल्हान युवा संत समाज प्रमुख नीरज मिश्रा, घनश्याम गोयल, बिजेन्दर उपाध्याय, निशांत शर्मा, रवि सिंह, गोपाल साव सेवा कार्य में उपस्थित थे, वही सैकड़ों की संख्या में शिष्य ए आध्यात्म प्रेमियों नें दर्शन लाभ प्राप्त किया। टाटा आश्रम पर स्वामी जी एवं संत श्री के कर कमलों द्वारा विहंगम योग संत समाज के पूर्व प्रधान मंत्री डॉक्टर राजेश्वर प्रसाद जी के जीवन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। कई घरों में पदार्पण उपरांत कल संध्या स्वामी जी एवम संत श्री की विदाई की गई।

## टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स के स्टील प्लांट विस्तारीकरण की जनसुनवाई विरोध और समर्थन के बीच संपन्न

### ›› 971.34 करोड़ की लागत से स्टील प्लांट होगा स्थापित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**गम्हरिया।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के तत्वाधान में टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स के 1.2 एमटीपीए इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण को लेकर सोमवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑटो क्लस्टर सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के अपर उपायुक्त सुबोध कुमार ने किया। भारी विरोध और समर्थन के बीच करीब दो घन्टे तक हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा समेत बड़ी संख्या में कंपनी के आसपास के गांवों के ग्रामीण व विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान मुख्य रूप से अनुमण्डलाधिकारी रामकृष्ण कुमार ,प्रदूषण नियंत्रण परिषद के क्षेत्रीय पदाधिकारी जितेंद्र प्रसाद सिंह, टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स के प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव आशुतोष कुमार उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि कंपनी के प्रस्तावित प्लांट विस्तारीकरण से करीब 10 किलोमीटर दूर जनसुनवाई के आयोजन का कोई औचित्य नहीं है।

### संदरी में कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू

**सिंदरी।** शिव मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा मंदाकिनी के पहले दिन सोमवार को शिव मंदिर प्रांगण से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में लगभग 251 महिलाओं ने नगर भ्रमण कर शिव मंदिर प्रांगण स्थित तालाब से जल भरकर स्थापित किया। शाम 4 बजे से कथावाचिका डॉ अमृता करुणेश्वरी ने प्रभु श्री राम कथा की शुरूआत में कहा कि मानव के जीवन में श्री राम के चरित्र का अनुसरण ही श्री रामचरितमानस की कथा है। कलश शोभायात्रा श्री राम कथा आयोजन कमेटी कथा संयोजिका भाजपा नेत्री रंजना शर्मा व कथा वाचिका डॉ अमृता करुणेश्वरी के नेतृत्व में संपन्न हुई।

### डीपीएस बोकारो में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय की सीनियर व प्राइमरी इकाइयों में विद्यार्थियों ने स्पेशल असेंबली में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। सीनियर इकाई के बच्चों ने ज्ञानए प्रेमए बुद्धिमता और जीवन में माता.पिता की महत्ता रेखांकित करता मनोहारी गणेश.वंदन नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ ए एस गंगवार ने नए सत्र की शुरूआत पर विद्यार्थियों को नई संभावनाएं तलाशने और अपनी क्षमता का भरपूर इस्तेमाल कर चुनौतियों पर विजय पाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वयं से प्रतिस्पर्धा करते हुए स्व.अनुशासन का पालन करें। अनुशासित व्यक्ति ही सफल हो पाता है। प्राचार्य ने विद्यालय के गंगा सदन द्वारा तैयार द्वैमासिक गृह पत्रिका श्डीपीएस बोकारो क्रॉनिकल्सश के छठे संस्करण और मूल्य व नैतिकता विषयवस्तु पर आधारित विद्यार्थियों की आकर्षक पेंटिंग वाले एनुअल प्लानर का विमोचन किया। सभी

# विभाग से कार्यों की सूचना नहीं देने पर पंचायत प्रतिनिधि आक्रोशित लंबे इंतजार के बाद बागबेड़ा रामनगर में पाइप बिछाने का कार्य शुरू



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को बागबेड़ा रामनगर में पाईप बिछाने के कार्य का शुरूआत हुआ। जैसा कि विदित है कि ग्रामीण वृहद जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बीते कुछ वर्षों से बागबेड़ा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में पाइप बिछाने का कार्य अधूरा रह गया था। नए एजेंसी को काम देने के बाद अब पाइप बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्य शुरूआत की सूचना ग्रामीणों से मिलने पर जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर काम का शुरूआत करवाया। विभाग द्वारा काम शुरू होने की सूचना नहीं देने से जिला पार्षद डॉ कविता परमार के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों ने अपना विरोध दर्ज कराया। सभी जनप्रतिनिधियों का यह आरोप है कि विभाग द्वारा कार्य शुरू होने की सूचना नहीं दी जा रही है, जबकि सभी जनप्रतिनिधि ग्रामीणों के समस्याओं के प्रति सचेत हैं और काम को जल्द से जल्द धरातल पर लाना चाहते हैं। पहले भी जिला परिषद द्वारा विभाग को यह आश्वस्त किया गया है कि हम सभी जनप्रतिनिधि काम को समय से पूर्व पूरा कराने में सहयोग करेंगे। इसके बावजूद विभाग द्वारा सूचित नहीं करने से सभी पंचायत प्रतिनिधि आक्रोशित थे। मौके पर जिला पार्षद डॉ कविता परमार, एमवीडब्ल्यूएससी के अध्यक्ष सुनील किस्कू, उपाध्यक्ष नीनू कुदादा, मुखिया गोरी टोप्पो, मीना देवी, उमा मुंडा पंचायत समिति सदस्य झरना मिश्रा, किशोर सिंह, राजू सिंह, जलसहिया, चिंतामनी,कमला शर्मा, पूर्व मुखिया बुधराम टोप्पो एवं विभाग के अधिकारी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### एसटी-एससी थाने के थानेदार को किया गया निलंबित

**लातेहार।** जिले के एसटी-एससी मामलों के प्रभारी पदाधिकारी फगुनी पासवान को निलंबित कर दिया गया है। इसकी पुष्टी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने की है। अंजन ने बताया कि एसटी-एससी के एक केस मे लापरवाही बरतने का मामला सामने आया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए फगुनी पासवान को निलंबित किया गया है। उन्होने बताया कि सब इंस्पेक्टर राकेश राम को एसटी-एससी मामले का प्रभारी पदाधिकारी बनाया गया है। ज्ञात हो कि एसटी-एससी मामलों के प्रभारी फगुनी पासवान इसके पहले छिपादोहर थाना प्रभारी भी रह चुके है।

### राजेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को शर्ट भेंटकर किया सम्मानित

**लातेहार।** रामनवमी पूजा धूमधाम से एवं शांतिपूर्वक मनाने पर श्री श्री रामनवमी पूजा महाबीर मंदिर ठाकुर बाड़ी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को शर्ट भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने में कमेटी के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, उपाध्यक्ष रवि नाथ गुप्ता एवं सचिव रूपेश कुमार के नाम शामिल है ।राजेश अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा को लेकर महावीर मंदिर ठाकुर बाड़ी के 99 वें वर्ष शांति पूर्वक पूर्ण होने पर तन,मन एवं धन से लगे कार्यकताओं को हौसला अफजाई करते हुए ढेर सारी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस अखाड़ा के कमेटी के द्वारा और बेहद रूप से रामनवमी पूजा मनाया जाएगा। उन्होंने लातेहार जिले वासियों व कार्यकताओं को इसमें सहयोग करने को लेकर धन्यवाद दिया है।

### बाइक और पिकअप में हुई टक्कर एक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद चौक के समीप रविवार देर रात एक बाईक और पिकअप में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमे बाईक सवार युवक अजय भगत 25 वर्ष पिता रामचंद्र भगत जाला सेरेगड़ा थाना बालूमाथ निवासी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल को स्थानीय लोगो की मदद से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक मकईटांड बाजार से खरीदारी कर अपने घर जाला सेरेगड़ा जा रहा था। तभी मुरपा मोड़ के पास पिकअप से टक्कर हो गई।

### मतदाता पुन:निरीक्षण को लेकर आंगनवाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण लेती सेविकाएं।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं को मतदाता पूर्णनिरीक्षण के कार्य के लिए दो दिवसीय परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के मास्टर ट्रेनर कुशध्वज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य है की जिन-जिन लोगो का मतदाता सूची नही है। उनका नाम जोड़ना, मृतक का मतदाता सूची से नाम हटाना, नाम सुधारना सहित कई जानकारी दी गयी। आंगनबाड़ी सेविका द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पूर्णनिरीक्षण कार्य करना है। जिसको लेकर दो दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रह है। आयोजित ट्रेनिंग में एक बैच में 40 आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर नारायण कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार



**लातेहार।** हेरहंज थाना क्षेत्र के दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने सोमवार (3 अप्रैल) को गिरफ्तार किया है। पीड़िता (14 वर्ष) स्कूल जा रही थी। उसी वक्त भीम भुईया ने घटना को अंजाम दिया। स्वजनों ने थाने में इसकी शिकायत की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में हेरहंज थाना कांड संख्या 14/23 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं नाबालिग बच्ची को मेडिकल जांच के लिए लातेहार सदर अस्पताल ले जाया गया है। सब इंस्पेक्टर रूपलाल प्रसाद ने बताया कि पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वही पीड़िता के स्वजनों ने बताया कि आरोपी शादीशुदा है। उसका चरित्र अच्छा नहीं था। स्वजनों ने बताया कि बच्ची घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। इसी बीच उसे जबरन उठा लिया और उसके साथ गंदा काम करने लगा। लोगों को इसकी भनक लग गई। बच्ची के हल्ला करने के बाद आसपास के लोग वहां जमा होने लगे। आरोपी मौका देख वहां से फरार हो गया। इसके बाद पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने स्वजनों को दी। घटना के बाद आरोपी ने मामले को रफा-दफा करने का प्रयास भी किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इधर, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि दोषी पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कहा कि इस प्रकार की घटना किसी भी हाल में माफी योग्य नहीं है। ऐसे लोगों पर यदि नरमी दिखाई गई तो आगे चलकर समाज लगातार कलंकित होता रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद इस मामले को भी रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन समाज के लोगों ने स्पष्ट कहा है कि इस प्रकार की घटना में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। वही बताते चलें कि पोक्सो एक्ट के तहत भीम भुईया को जेल भेज दिया गया है।

## मनिका में पुलिस ने हत्या के मामले का किया खुलासा, अपराधी को पकड़ कर भेजा गया जेल

# पैसे की लेनदेन के कारण हुई थी विकास भुइयां की हत्या

➲ हत्या के 24 घंटे से कम समय में पुलिस ने चाकू के साथ हत्यारे को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका पुलिस प्रशासन ने 24 घंटे से कम समय में हत्या के मामले का उद्भेदन कर दिया है और हत्यारे को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बाजारटांड़ के देवतवा टोंगरी के पास बीते दिन शनिवार की सुबह में नावाडीह ग्राम निवासी विकास भुइयां पिता स्वर्गीय हीरु भुइयां उम्र 25 वर्ष का शव बरामद किया गया था जिसकी अज्ञात अपराधियों के द्वारा चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। हत्या को अंजाम देने वाले अपराधी को मनिका पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे से कम समय में गिरफ्तार कर लिया है। दिन सोमवार को मनिका थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा ने बताया की हत्या की संगीनता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुलिस की एक टीम का गठन किया गया था। जो लगातार घटनाक्रम पर नजर रखते हुए हत्यारे को पकड़ने में लगी हुई थी। गठित टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों ने हत्या करने मे शामिल अभियुक्त हरेन्द्र प्रसाद उर्फ बब्लु जो छिपादोहर थाना क्षेत्र के कुचिला ग्राम के लाहीबार टोला का रहने वाला है हत्या में प्रयुक्त हथियार चाकु के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना का खुलासा करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री लोहरा ने आगे पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की हत्यारा हरेन्द्र प्रसाद से मृतक विकास भुईया ने 45 हजार रुपए ईट भट्ठा मे मजदूर भेजने के नाम पर लिया था। परंतु मृतक न तो मजदूर भेज रहा था और न ही पैसा वापस कर रहा था। दिन शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार के दिन दोनों संध्या के समय देवतवा टोंगरी मे जाकर शराब पिया उसके बाद हरेन्द्र प्रसाद ने झाड़ी मे छिपाकर रखे लोहे की एक बड़े चाकु से गोंदकर विकास भुइयां की हत्या कर फरार हो गया। पुलिस ने हत्या के दौरान खुन से सन्ना अभियुक्त का कपड़ा, मृतक का टुटा मोबाइल फोन, हत्यारे का मोबाइल फोन, एक ग्लैमर मोटरसाईकिल व हत्या मे प्रयुक्त चाकु को भी बरामद किया है। हत्यारे को पकड़ने के लिए पुलिस दल की गठित टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहरा, पुनि बबलु कुमार लातेहार अंचल, थाना प्रभारी राणा भानुप्रताप सिंह, छिपादोहर थाना के पु.अ.नि. अभिषेक कुमार, पु.अ.नि. राजकुमार तिग्गा मनिका थाना, पु.अ.नि. प्रदीप कुमार राय मनिका थाना, समेत सैट 207 व थाना पुलिस के जवान शामिल थे।



गिरफ्तार अपराधी व पुलिस प्रशासन के अधिकारी।

## जन्मेजय सिंह ने बारियातू थाना के एसआइ पर मारपीट का लगाया आरोप

# एसपी को आवेदन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बारियातू थाना क्षेत्र के जन्मजय सिंह पिता नवल कुमार सिंह ग्राम बिश्रामपुर गोनिया बारियातू लातेहार निवासी ने अपने और बड़े भाई रंजय कुमार सिंह रामनवमी मे बालूमाथ शोभा यात्रा समाप्त होने के पश्चात घर आने के क्रम मे एसआई दीपक नारायण सिंह पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। वहीं उपायुक्त व एसपी के समक्ष आवेदन के माध्यम से बताया है की रामनवमी का शोभायात्रा समाप्त होने के बाद मै एक अप्रैल रात्रि 2 बजे मैं घर जाने के लिए निकला था कि दीपक नारायण सिंह (एसआई जो कि अभी वर्तमान में बारियातू थाना में पदस्थापित है) ने मंच के समीप मुझे बुलाकर गर्दन पकड़ लिए और धमकी देने लगे कि तुम बालूमाथ में कैसे चढ़ गया और जुलूस में क्यों घूम रहे हो। तुम बहुत बड़ा हिंदूवादी नेता बन गए हो। तुम मेरे खिलाफ डीसी के पास शिकायत किया तो क्या बिगड़ गया। तुमको बहुत मार मारेंगे, कहते हुए बालूमाथ नहीं चढ़ने की धमकी दी गई। उक्त स्थल मे मौजूद पुलिस कर्मियों ने मुझे छुड़ाकर वहां से घर के लिए भेजा, मैं जैसे ही वापस जाने लगा तो फिर से नशे में धुत एसआई दीपक नारायण सिंह ने मेरा गर्दन दबाकर मारने की कोशिश करने लगे। उक्त घटना की जानकारी मैं अपने बड़े भाई को दिया उसके पश्चात में अपने भाई के साथ बालूमाथ थाना में रात्रि करीब ढाई बजे शिकायत करने पहुंचे। थाना में मैं काफी डरा हुआ था और रो रहा था। थाना में मौजूद पुलिस के वरीय पदाधिकारी के द्वारा उक्त मामले को सुनने के पश्चात हम दोनों को यह समझा कर घर जाने को बोला गया कि कल सुबह इस मामले पर बैठकर आपकी बातों को सुना जाएगा। क्योंकि अभी वे एसआई दीपक नारायण सिंह काफी नशे के हालत में है। उनसे अभी बात करना उचित नहीं है। उसके बाद मैं घर चला गया। इस मामले को लेकर एसपी अंजनी अंजन को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर सब इंस्पेक्टर दीप नारायण से पूछे जाने पर कहा कि मैं मंच के समीप उससे सिर्फ पूछा की झूठा आरोप का लिखित शिकायत क्यों करते हो। मैंने उसके साथ कोई मारपीट या दुर्व्यवहार नहीं किया है।

## सत्याग्रह आंदोलन करने को लेकर कांग्रेस पार्टी की बैठक संपन्न

# राहुल को किया जा रहा है प्रताड़ित : मुनेश्वर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित कांग्रेस कार्यालय में दिन सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। राहुल गांधी के सदस्ता खत्म होने के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन लातेहार मुख्यालय में किया जाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि राहुल गांधी को मौजूदा सरकार प्रताड़ित करने का काम कर रही है।और सच्चाई बोलने पर राहुल गांधी की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। इसी को लेकर उनका सदस्ता भी चली गई और मौजूदा सरकार को इतनी क्या हड़बड़ी है की उनका बंगला भी खाली करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि 5 अप्रैल को लातेहार मुख्यालय में सत्याग्रह कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम में झारखंड के प्रभारी विकास पांडे भी आ रहे हैं उसी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आज हम लोग बैठक रखें हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, दरोगी प्रसाद यादव, विश्वनाथ पासवान, युवा कांग्रेस मिथिलेश पासवान, पंकज तिवारी, तस्लीम अंसारी, मोहन ठाकुर, पूर्व मुखिया संजय सिंह, कौशल अंसारी, समेत अनेकों कार्यकर्ता उपस्थिति।



बैठक करते लोग।

# छिपादोहर में जनसभा को संबोधित करेंगे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

➲ रघुवर दास के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास का आगमन आज मंगलवार की दोपहर में बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर मंडल अंतर्गत गांधी मैदान में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकताओं का उत्साह चरम पर है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पूरे छिपादोहर में बाजार से लेकर पेट्रोल पंप तक भाजपा का झंडा पाट दिया गया है। पूरी जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है, मंच और पंडाल तैयार हो चुका है। कार्यक्रम में जिले से लेकर प्रदेश तक के कई दिग्गज नेता शिरकत करेंगे जो कार्यकताओं और जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा संगठन के कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी लगातार कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के साथ तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। बता दें कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व सीएम रघुवर दास की यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है, और यह भाजपा कार्यकताओं को नई ऊर्जा देगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। वहीं अजय सोनी ने भाजपा के समस्त कार्यकताओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



कार्यक्रम की तैयारी करते भाजपाई।

### पूर्व मुख्यमंत्री मेदनी राय की प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर गांधी मैदान में होने चौपाल कार्यक्रम में शिरकत करने से पुर्व कार्यक्रम में पहुंचने के दौरान कुटमु चौक स्थित राजा मेदनीराय के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं।

### रेल पटरी पार कर रही महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत

बालूमाथ। टोरी-शिवपुर रेलखंड के बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम स्तिथ महुआटांड़ ग्राम के पास रेल पटरी पार करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम अंतर्गत महुआटांड़ टोला निवासी सुनील गंझु की पत्नी गुड़िया देवी 30 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुड़िया देवी महुआ चुनने के लिए रेल पटरी पार कर रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गई। दुर्घटना में उसका दोनों पैर और एक हाथ कट गया। स्थानीय लोगो की मदद से महिला को गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां घायल महिला ने रांची रिम्स में जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। मृतक महिला के 4 छोटे-छोटे बच्चे हैं। वही इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# डीएवी में नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत



हवन करते शिक्षक व छात्राएं।

➲ पुष्प वर्षा, तिलक अभिनंदन, चॉकलेट्स देकर नये नामांकित बच्चों का हुआ स्वागत

खबर मन्त्र संवाददात

**लातेहार।** स्थानीय जलता स्थित भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में सोमवार को नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नामांकित नए बच्चों एवं साथ ही साथ नई कक्षाओं में उतीर्ण हुए बच्चों का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आर्य संस्कृति परंपरा के अनुसार विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने वैदिक हवन यज्ञ मंत्रोच्चार के साथ पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया। संगीत शिक्षक सूरज मिश्रा के नेतृत्व व निर्देशन में बच्चों के लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो वैदिक हवन यज्ञ और गायत्री मंत्र सहित कई वेद मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ। वैदिक हवन यज्ञ में कक्षा एल के जी से आठवीं तक के सभी विद्यार्थी एवं विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने बच्चों के समुचित तथा सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों को प्रयासरत रहने की अपील की। उन्होंने बच्चों से परिश्रम के फल और अनुशासन विषय पर भी चर्चा किये। उन्होंने शिक्षा में बदलाव और बच्चों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को परखने के लिए सभी कक्षाओं में सीसीए, ड्राइंग, भाषण, क्विज, पेंटिंग, संगीत जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विद्यालय में प्रवेश परीक्षा प्रारंभ कर दिया गया है। विद्यालय कार्यालय से नामांकन फॉर्म प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर विद्यालय के राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, सुशील कुमार दुबे, रवि प्रकाश तिवारी, विश्वनाथ साहा, शकुंतला पाल, अजीत कुमार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# जैक से आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए बनाए गए प्रखंड के तीनो परीक्षा केंद्रों में सोमवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मैट्रिक संस्कृत विषय की परीक्षा में 353 परीक्षार्थी में 4 अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली इंटर की परिक्षा में 388 परीक्षार्थी में 3 अनुपस्थित रहे। मुख्यालय के आदर्श मध्य विधालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अनिता देवी ने बताई कि प्रथम पाली में मैट्रिक संस्कृत विषय की परीक्षा में 299 परीक्षार्थी मे 2 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली इंटर आर्ट्स के पोलटिकल साइंस विषय की परीक्षा में 217 परीक्षार्थी में 2 अनुपस्थित रहे। परियोजना +2 उच्च विद्यालय परिक्षा केंद्र के केन्द्राधीक्ष गीता कुमारी ने बताई कि प्रथम पाली में मैट्रिक संस्कृत विषय की परीक्षा में 54 परीक्षार्थी में 52 उपस्थित रहे जबकि 2 अनुपस्थित रहे। उधर राजकीय कृत मध्य विधालय साल्वे के केन्द्राधीक्षक जयप्रकाश कुमार ने बताया कि द्वितीय पाली में इंटर आर्ट्स के पोलटिकल साइंस विषय की परीक्षा में 171 परीक्षार्थी में 1 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। वहीं परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी निरक्षण करते नजर आए। परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में दंडाधिकारी प्रभात उरांव,चंदन कुमार,शशिभूषण उरांव, वीक्षक, अजय बैठा, संजिव कुमार, यमुनाधर मिश्र, शंभु राम, अमित कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, विश्वरूप सिंह, श्रवण कुमार, उमेश सिंह, अल्का तिग्गा सहित कई वीक्षक की सराहनीय भूमिका रही।



# सरस्वती विद्या मंदिर में नये सत्र का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विधिवत हवन के साथ सोमवार को नए सत्र 2023-24 का शुभारंभ किया गया। नए सत्र को लेकर विद्यालय परिसर में आचार्य राजकिशोर मिश्र के द्वारा सामूहिक प्रातः स्मरण, एकात्मता स्तोत्रम, एकात्मता मंत्र, हनुमान चालीसा पाठ, मानस पाठ, सरस्वती वंदना, ओंकार का पाठ, गायत्री मंत्र का पाठ, भारत माता की स्तुति, शांति मंत्र का पाठ एवं विधिवत हवन पूजन के साथ कराया गया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया की यह कार्यक्रम विद्या भारती योजना के अनुसार किया गया है। विद्या भारती द्वारा संचालित सभी शिशु विद्या मंदिर में नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ से करने की परंपरा रही है। इसी के आलोक में आज पूर्व सूचना के अनुसार एक कुंडीय गायत्री हवन यज्ञ बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। माता गायत्री से प्रार्थना की गई। गायत्री मां विद्यालय परिवार को वर्ष भर विद्या, ज्ञान, बल, और बुद्धि से परिपूर्ण रखें। प्रधानाचार्य श्री राम ने आगे कहा कि सभी अभिभावक बंधु /भगिनी अपने बच्चों को प्रातः 7:30 बजे से विद्यालय भेजेंगे। विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य प्रातः 7:30 से 11:30 बजे तक संचालित होगी। पूजन एवं हवन कार्यक्रम में यजमान के रूप में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी एवं पुरोहित के रूप में आचार्य राज किशोर मिश्रा जी उपस्थित थे। हवन कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम आचार्य शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम, नितेश कुमार ठाकुर, बसंत कुमार, आचार्या वीणा देवी, किरण देवी, खुशबू कुमारी, मनीषा कुमारी, विनीता कुमारी उपस्थित थे।



हवन करते शिक्षक व छात्र।

## टोरी आरओबी के शिलान्यास होने के 2 वर्ष बाद भी काम नहीं शुरू होने पर अनोखे अंदाज में आंदोलन

# पंसस अयुब खान ने केक काटकर मनायी दूसरी वर्षगांठ

➲ निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए सरकार, जिला प्रशासन और एनएचआइ विभाग का ध्यान खींचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा में फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर सोमवार को एक अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। जहां एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज शिलान्यास के 2 वर्ष पूर्ण होने होने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने आरओबी निर्माण को लेकर लगाए गए सिलापट्ट के समीप केक काटकर शिलान्यास का दूसरा वर्षगांठ मनाते हुए अनोखे अंदाज में विरोध जताया। कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान की अगुवाई में दर्जनों की संख्या में लोगों ने विरोध जताते हुए निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए सरकार, जिला प्रशासन और एनएचआई विभाग का ध्यान खींचा व ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की। अयुब खान ने कहा कि दिनांक 03 अप्रैल 2021 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम की उपस्थिति में टोरी - चंदवा का फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण का ऑनलाइन शिलान्यास किया था। करोड़ों की लागत से यह फ्लाई ओवरब्रिज बनना था लेकिन इसके निर्माण कार्य अबतक शुरू नहीं हो पाया है। शिलान्यास होने से प्रखंड वासियों को उम्मीद जगी थी कि अब टोरी रेलवे क्रॉसिंग की जाम से निजात मिल जाएगी लेकिन आधारशिला के दो वर्ष बीत गए लेकिन ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। आगे कहा कि सरकार, जिला प्रशासन और एनएच विभाग की लगातार अनदेखी के कारण ब्रिज का निर्माण लंबित पड़ा हुआ है।लाखों लोगों की जान का खतरा रेलवे क्रॉसिंग बना हुआ है। बिमार मरीज एम्बुलेंस के साथ आधे आधे घंटे टोरी रेलवे क्रॉसिंग फाटक जाम पर फंस जाते हैं जिससे एंबुलेंस में तड़प तड़प कर मरीजों की असमय मौत रेलवे क्रॉसिंग जाम में हो जा रही है। अभी तक दर्जन से अधिक लोगों की जान क्रॉसिंग जाम पर हो चुकी है। रात दिन हमेशा क्रॉसिंग बंद रहती है, आधे घंटे से अधिक समय तक लोग जाम में फंसे रहते हैं, पास करने के लिए बमुश्किल 1 से 2 मिनट खुलती है फिर बंद कर दिया जाता है। एक बार फाटक बंद होने पर ट्रेनें जोड़कर पास की जाती ही, ऐसे में कभी कभी घंटों फाटक पर लोगों को खड़ा रहना पड़ता है। सभी लोगों ने एक स्वर में मांग किया कि राज्य सरकार, जिला प्रशासन, एनएच विभाग इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेंकर ओवरब्रिज का निर्माण जल्द से जल्द शुरू कराएं। मौके पर ग्राम प्रधान पचु गंझु, द्वारीका ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, साजीद खान, संतोष जायसवाल, बीरु साव, जमुना जायसवाल, सनीफ अंसारी, अबास अंसारी, भुनू लोहार, रुकमनी देवी, बरगी उरांव, वसीम खान, बादशाह खान, इसलाम खान, इनुस खान व अन्य शामिल थे।

# घर में बजा चेन्नई का डंका, लखनऊ को 12 रनों से हराया

एजेंसी

**चेन्नई:** महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली चेन्नई सुपरकिंग्स 1426 दिन के बाद अपने होम ग्राउंड पर लौटी और जीत की गाथ लिख दी। चेपॉक स्टेडियम का चप्पा-चप्पा पीली जर्सी से पटा था। इस माहौल में चेन्नई ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ सोमवार रात इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। 217 रन के जवाब में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पूरी जान लगी दी, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाई। टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 205 रन ही बना पाई।

### आखिरी ओवर में हारा लखनऊ

केएल राहुल की टीम को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 37 रन की जरूरत थी। युवा पेसर राजवर्धन हंगरगेकर ने सिर्फ नौ रन देते हुए मैच चेन्नई की ओर मोड़ दिया। आखिरी ओवर में 28 रन चाहिए थे, लेकिन आयुष बदोनी (18 गेंद में 23 रन) और कृष्णप्पा गौतम (11 गेंद में 17 रन*) जीत नहीं दिला पाए। इससे पहले ओपनर काइल मेयर्स (22 गेंद में 53 रन) ने लगातार दूसरा अर्धशतक ठोकते हुए लखनऊ को तूफानी शुरूआत दिलाई थी। निकोलस पूरन ने 18 गेंद में तेज 32 रन का योगदान दिया। चेन्नई के लिए ओपनर रुतुराज गायकवाड़ (57 रन, 31 गेंद, 3 फोर, 4 सिक्स) ने सीजन की लगातार दूसरी और कुल 13वीं फिफ्टी बनाई। यह चेन्नई की दो मैच में पहली जीत थी जबकि लखनऊ की दो मैच में पहली हार।

### चेन्नई ने बनाया पावरप्ले में रिकॉर्ड

चेन्नई सुपरकिंग्स ने टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए पावरप्ले के छह ओवर्स में 79 रन बनाए, जो चेपॉक मैदान पर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। चेन्नई के ओपनर रुतुराज गायकवाड और डेवोन कॉन्वे ने पहले विकेट के लिए 55 गेंद में 110 रन जोड़े। सीजन के पहले मैच में शतक के करीब तक पहुंचे रुतुराज ने अपनी टीम के लिए चेपक पर पहला मैच खेलते हुए भी खूब रन बरसाए। अहमदाबाद में 23 बॉल पर फिफ्टी जड़ने वाले रुतुराज ने होमग्राउंड पर अपने पहले मैच में हाफ सेंचुरी पूरी करने के लिए 25 गेंद लिए।



मैन ऑफ द मैच मोईन अली

### स्कोड़ कार्ड

**चेन्नई : 217/7 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गायकवाड कै. वुड बो. बिश्नोई | 57 | 31 | 3/4 |
| कॉनवे कै. पंड्या बो. वुड | 47 | 29 | 5/2 |
| शिवन दुबे कै. वुड बो. बिश्नोई | 27 | 16 | 1/3 |
| मोईन अली स्टंप पूरन बो. बिश्नोई | 19 | 13 | 3/0 |
| स्टोक्स कै. ठाकुर बो. खान | 08 | 08 | 1/0 |
| अंबाती रायडू नाबाद | 26 | 13 | 2/2 |
| जडेजा कै. बिश्नोई बो. वुड | 03 | 06 | 0/0 |
| धोनी कै. बिश्नोई बो. वुड | 12 | 03 | 0/2 |
| सैंटनर नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 16

**विकेट पतन**: 1-110, 2-118, 3-150, 4-166, 5-178, 6-203, 7-215.

**गेंदबाज** : काइली मेयर्स :2-0-16-0, आवेश खान : 3-0-39-1, क्रुणाल पंड्या : 2-0-21-0, कृष्णप्पा गौतम : 1-0-20-0, मार्क वुड : 4-0- 49-3, यश ठाकुर : 4-0-36-0, रवि बिश्नोई :4-0-28-3.

**लखनऊ : 205/7 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| राहुआ कै. गायकवाड बो. अली | 20 | 18 | 2/0 |
| मेयर्स कै. कॉनवे बो. अली | 53 | 22 | 8/2 |
| हूडा कै. स्टोक्स बो. सैंटनर | 02 | 06 | 0/0 |
| पांड्या कै. जडेजा बो. अली | 09 | 09 | 0/1 |
| मार्कस स्टॉयनिस बोल्ड अली | 21 | 18 | 0/1 |
| पूरन कै. स्टोक्स बो. देशपांडे | 32 | 18 | 2/3 |
| बदोनी कै. धोनी बो. देशपांडे | 23 | 18 | 0/0 |
| कृष्णप्पा गौतम नाबाद | 17 | 11 | 0/1 |
| मार्क वुड नाबाद | 10 | 03 | 1/1 |

**अतिरिक्त** :18

**विकेट पतन**: 1-79, 2-82, 3-82, 4-105, 5-130, 6-156, 7-195.

**गेंदबाज**: दीपक चाहर : 4-0-55-0, बेन स्टोक्स : 1-0-18-0, तुषार देशपांडे : 4-0- 45-2, मोईन अली : 4-0-26-4, मिचेल सैंटनर : 4-0-21-1, राजवर्धन हंगरगेकर : 2-0-24-0, रवींद्र जडेजा : 1-0-14-0.



## आइपीएल में धोनी ने 5 हजार रन पूरे

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में 5000 रन पूरे किए। धोनी आइपीएल में अपनी 208वीं पारी में 5000 रनों का आंकड़ा पार करने वाले 7वें क्रिकेटर बने। विराट कोहली, शिखर धवन, डेविड वार्नर, रोहित शर्मा, सुरेश रैना और एबी डिविलियर्स भी 5000 रन के क्लब का हिस्सा हैं। 4 साल के अंतराल के बाद चेपॉक में खेल रहे धोनी ने मार्क वुड को पहली ही गेंद पर थर्ड मैन पर छक्का जड़ा था। इसके बाद आई शॉर्ट गेंद को डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री के ऊपर से उछाल दिया। इसी के साथ उन्होंने अपने आईपीएल करियर के 5000 रन पूरे कर लिए।

**गेंदबाज सटीक प्रदर्शन करने में नाकाम रहेः राहुल –** चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों 12 रन से पराजय झेलने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान के एल राहुल ने कहा कि गेंदबाज सटीक प्रदर्शन नहीं कर सके जिसका खामियाजा उनकी टीम को भुगतना पड़ा। राहुल ने मैच के बाद कहा, टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने के बाद शुरूआत आदर्श नहीं रही। गेंदबाजों को पिच से मदद मिल रही थी लेकिन वे सही दिशा में गेंदबाजी नहीं कर सके। विरोधी टीम में जब बेहतरीन बल्लेबाज हों तो इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

## दिल्ली के पास अपने घर में दबंगई दिखाने का मौका, क्या रुक पायेगा गुजरात का विजयरथ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का सातवां मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। दिल्ली औ गुजरात के बीच यह मुकाबल अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली की टीम गुजरात के खिलाफ जब अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दूसरी ओर, शुरूआती मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स को मात देने के बाद गुजरात के हौसले बुलंद है। घुटने की गंभीर चोट के कारण केन विलियमसन के टूनामेंट से बाहर होने के बावजूद कागजों पर गुजरात टाइटन्स मजबूत है।दिल्ली कैपिटल्स को सत्र के शुरूआती मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 50 रन से करारी शिकस्त दी थी। इस मैच में टीम को सबसे ज्यादा निराशा भारतीय तेज गेंदबाजों से हुई थी और एनरिच नोर्किया की गैरमौजूदगी में ये गेंदबाज लखनऊ के बल्लेबाजों को परेशान करने में विफल रहे थे। चेतन सकारिया और मुकेश कुमार सटीक लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं लेकिन लखनऊ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को परेशान करने के लिए जरूरी गति और विविधता के मामले में दोनों काफी असरहीन थे।



बल्लेबाजी विभाग में कप्तान डेविड वार्नर चाहेंगे कि पृथ्वी शॉ और सरफराज खान जैसे भारतीय बल्लेबाज तेज गेंदबाजों का बेहतर तरीके से सामना करें। उन दोनों को मार्क वुड ने अपनी गति से परेशान किया था। टीम को मोहम्मद शमी और पंड्या के अलावा अल्जारी जोसेफ, यश दयाल और राशिद खान के खिलाफ तेजी से रन बनाने का तरीका खोजना होगा। रिपल पटेल, ललित यादव और अमन हकीम खान जैसे भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट का काफी अनुभव है लेकिन उन्होंने आईपीएल में मैच का रुख पलटने की क्षमता नहीं दिखाई है।



### दिल्ली के सामने शुभमन -हार्दिक सबसे बड़ी चुनौती

ऐसे में शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या को उनके खिलाफ रन बनाने में कोई परेशानी नहीं होगी। खलील अहमद ने शुरूआती मैच में गेंद से कुछ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन फील्डिंग के मामले में वह फिसड्डी रहे हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ कायल मायर्स का कैच टपकाया था जो टीम को काफी महंगा पड़ा था। दिल्ली के पास इशांत शर्मा जैसा अनुभवी गेंदबाज है लेकिन यह समझा जाता है कि टीम प्रबंधन ने 100 टेस्ट खेल चुके इस खिलाड़ी को सम्मान दिखाने के लिए आधार मूल्य पर अपने साथ जोड़ा।

### दोनों टीम इस प्रकार है | आज का मैच (दिल्ली बनाम गुजरात) समय शाम 7:30 बजे।

**गुजरात टाइटंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, डेविड मिलर (पहले 2 मैचों में उपलब्ध नहीं), यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ।

**दिल्ली कैपिटल्स :** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिशेल मार्श, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसो , सरफराज खान , फिल साल्ट , अभिषेक पोरेल , अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ललित यादव, रिपल पटेल , इशांत शर्मा, चेतन सकारिया, खलील अहमद, अमन हकीम खान, प्रवीण दुबे, कमलेश नागरकोटी, यश ढुल, मुकेश कुमार और विक्की ओस्तवाल।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्लेटर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर को कथित तौर पर एक पुलिस अधिकारी पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। स्लेटर की गिरफ्तारी शुक्रवार आधी रात को हुई। पुलिस को घरेलू हिंसा के मामले में और एक चिकित्सीय घटना को लेकर स्लेटर के आवास नूसा हेड्स, क्वींसलैंड में बुलाया गया था। पुलिस का दावा है कि 53 वर्षीय स्लेटर ने पुलिस के काम को बाधित किया और एक पुलिस अधिकारी के साथ मारपीट भी की। इस दौरान पुलिस अधिकारी के हाथ में मामूली चोट भी आई थी, जिसके बाद स्लेटर की गिरफ्तारी की गई। स्लेटर को अब 2 मई को नूसा मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जा सकता है। इस घटना को लेकर पुलिस ने एक बयान जारी किया है, जिसके मुताबिक पुलिस ने बताय, स्लेटर को 2 मई को नूसा मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह पूरा मामला घरेलू हिंसा और चिकित्सीय घटना को लेकर है, इसलिए निजता के कारणों से इस पूरा मामले की कोई जानकारी नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले साल 2021 में भी उनपर घरेलू हिंसा के आरोप लग चुके हैं।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियन नीतू के घर पहुंचे सीएम



भिवानी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सोमवार को इस शहर के दौर पर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली नीतू गंघास (48 किग्रा) के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान नीतू से बातचीत की और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नीतू ने मुख्यमंत्री से घर के पास की गली बनाने का अनुरोध किया था। जिस पर खट्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इसके नवीनीकरण करने के निर्देश दिये।



## चीन की लेई टिंगजी बनी महिला शतरंज विजेता

**चोंगकिंग (चीन)।** अगली विश्व महिला विश्व शतरंज चैंपियन भी चीन से होगी यह बात तो पहले ही तय हो गयी थी पर अब विश्व चैंपियनशिप किन दो खिलाड़ियों के बीच होगी यह भी तय हो गया है। मौजूदा विश्व महिला शतरंज चैंपियन चीन की जू वेंजून को अब चीन की लेई टिंगजी चुनौती देंगी। लेई नें फीडे महिला कैंडिडैट के फाइनल में हमवतन तान ज्होंगाई को 3.5-1.5 से पराजित करते हुए विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दोनों के बीच कुल 6 क्लासिकल मुकाबले खेले जाने थे, पहले मुकाबले में तान नें काले मोहरो से जीत दर्ज कर शानदार शुरूआत की थी पर इसके बाद दूसरे ही मुकाबले में लेई नें काले मोहरो से जीतकर शानदार वापसी की तीसरा मुकाबला ड्रॉ रहने से स्कोर 1.5-1.5 था पर इसके बाद लगातार दो मुकाबले लेई नें जीतकर कैंडिडैट फाइनल अपने नाम कर लिया।

## उलटफेर के साथ शुरू हुआ मेयर कप इंदौर इंटरनेशनल शतरंज
## जॉर्जिया के लेवान को भारत के आराध्य ने हराया

एजेंसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में पहली बार हो रहे मेयर कप इंदौर इंटरनेशनल शतरंज की शुरूआत बड़े उलटफेर के साथ हुई है और पहले दो राउंड में हो शीर्ष 3 वरीय खिलाड़ियों में से दो को पराजय का सामना करना पड़ा है। 33 लाख रुपेय पुरुष्कार राशि वाले इस टूनामेंट में 9 देशो के 217 खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में दो राउंड अभी तक हुए है और इसमें सबसे ओले राउंड में तीसरे बोर्ड पर रूस के तीसरे वरीय ग्रांड मास्टर बोरिस शावचेंकों को भारत के अनुभवी इंटरनेशनल 58वें वरीय अनूप देशमुख नें सफेद मोहरो से पराजित करते हुए बड़ा उलटफेर किया तो दूसरे राउंड में पहले बोर्ड पर टॉप सीड जॉर्जिया के ग्रांड मास्टर लेवान पंट्सूलिया को भारत के युवा खिलाड़ी आराध्य गर्ग नें काले मोहोरो से पराजित करते हुए सभी को चौंका दिया। फिलहाल



पहले दो राउंड के बाद 35 खिलाड़ी पहले 2 मैच जीत चुके है। भारतीय खिलाड़ियों में आराध्य के अलावा अरोण्यक घोष, दीप सेन गुप्ता, सप्तर्षि रॉय, ऑडी अमेय और नितीश बेरुलकर 2 अंक बनाने वाले प्रमुख नाम है।

## अंपायर को 'नो बॉल' देना पड़ा महंगा, चाकू मारकर की हत्या

**कटक।** ओडिशा के कटक में क्रिकेट मैच के दौरान नो बॉल के फैसले को लेकर एक अंपायर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना शनिवार को चौद्वार थाना क्षेत्र के मनहिसलंदा गांव की है। मृतक की पहचान 22 वर्षीय लकी राउत के रूप में हुई है। वह महिंदा का रहने वाला था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मुना राउत मौके से फरार हो गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक शंकरपुर और बेरहामपुर की दो अंडर-18 क्रिकेट टीमों के बीच क्रिकेट मैच के दौरान लड़ाई हो गई। मैच के दौरान लकी ने नो बॉल का इशारा किया। इसे लेकर लकी और जगा राउत के बीच कहासुनी हो गई। बात मारपीट तक पहुंच गई। जग्गा ने अपने भाई मुना को फोन किया। मुना ने गुस्से में आकर लकी को डंडे से पीट दिया। फिर उसने अंपायर पर चाकू से वार किया। गंभीर रूप से घायल लकी को एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। हालांकि डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव है। स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। मुन्ना पर हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## आइपीएल से हटे शाकिब अल हसन



**मुंबई।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को आइपीएल की अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को बताया कि अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं और निजी कारणों से वह इस सत्र में नहीं खेलेंगे। केकेआर अब उनके विकल्प की मांग करने की प्रक्रिया में है। शाकिब ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और निजी कारणों से आइपीएल से बाहर रहने का फैसला किया है। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ पहला मैच भी नहीं खेले थे। केकेआर के नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर चोट के कारण आइपीएल से पहले ही बाहर हैं।

## पेज एक का शेष

### ईडी कोर्ट में...

वर्तमान मामला क्या है : सुप्रीम कोर्ट ने बैंक को रुपये लौटाने की शर्त पर तीन बार में कुल 42 दिनों की अंतरिम राहत आरोपी को दी थी। यह राहत पिछले महीने की 25 मार्च को खत्म हो गयी। उसने न तो शर्त का पालन किया और न ही आदेश के आलोक में उसने ईडी कोर्ट में सरेंडर किया। उल्टे इस बार एक नया चाल कोविड.19 से प्रभावित होने का चला। पिछली बार उसने सीबीआई को धोखा दिया था।

### हाइकोर्ट ने इडी...

इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सीएम ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है और स्वयं के लिए माइनिंग लीज आवंटित कर लिया है। इसके अलावा उन्होंने परिजनों के फार्म को भी माइनिंग लीज आवंटित किया है। याचिकाकर्ता ने इन सभी बिंदुओं को लेकर संबंधित प्राधिकार के पास सीएम, उनके रिश्तेदारों एवं सहयोगियों की जांच करके कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। लेकिन किसी संबंधित प्राधिकार ने करवाई नहीं की। अंततः उन्होंने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है ताकि संबंधित प्राधिकार को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश पारित किया जाये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह एवं विशाल कुमार ने पैरवी की।

### डिस्चार्ज अर्जी...

इसके देखते हुए अर्जी खारिज की जाती है। पूजा सिंघल ने मामले में अपने आप को आरोप मुक्त का अनुरोध करते हुए तीन मार्च को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी। वर्तमान में वह बेटी की इलाज के लिए अंतरिम जमानत पर चल रही है। यह सुविधा सुप्रीम कोर्ट ने प्रदान की है। उधर, मामले में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख निर्धारित है। मामले में पूजा सिंघल के साथ उनके पति अभिषेक झा का सीए सुमन कुमार एवं इंजीनियर शशि प्रकाश के खिलाफ आरोप तय किया जाना है। दोनों आरोपी जेल में है।

### इको सेंसेटिव जोन...

15 अक्टूबर 2018 को वन प्रमंडल हजारीबाग पदाधिकारी ने मुख्य वन संरक्षक को एक पत्र लिखकर बताया है कि कोडरमा वन प्राणी क्षेत्र में 37, हजारीबाग वन प्राणी क्षेत्र में 31, गौतम बुद्ध वन्य प्राणी क्षेत्र में एक, पारसनाथ एवं तोपचांची वन्य प्राणी क्षेत्र में 15 औद्योगिक इकाई इको सेंसेटिव जोन में नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ के बगैर अनुमति के चल रहे हैं। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि सरकार ने राज्य के करीब 9 क्षेत्रों को इको सेंसेटिव तो घोषित किया है, लेकिन इसकी परिधि 10 किलोमीटर से कम रखा है। जबकि नियम के तहत किसी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के 10 किलोमीटर के परिधि में इको सेंसेटिव जोन बनाया जाना चाहिए।

## भ्रष्टाचार की आंच चीन के प्रमुख खेल अधिकारी डू झाओकाइ तक पहुंची

एजेंसी

**चीन।** चीन में कम्युनिस्ट पार्टी की भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी ने प्रमुख खेल अधिकारी डू झाओकाइ पर शिकंजा कस लिया है। सेंट्रल कमीशन फॉर डिस्प्लिन इंस्पेक्शन ने कहा है कि डू झाओकाई चीन में खेलों के जनरल एडिमिनिस्ट्रेशन के डिप्टी हैड पद पर हैं। खेल प्रशासक ने एक बयान में कहा है- डू झाओकाई मामले की जांच जारी है। पार्टी फैसले का पूरा समर्थन करेगी। बता दें कि चीन फुटबॉल प्रबंधन में शामिल कई वरिष्ठ अधिकारी पहले से ही जांच के घेरे में आ चुके हैं, इनमें पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के पूर्व



कोच और इंग्लिश प्रीमियर लीग के पूर्व खिलाड़ी ली टाई भी शामिल हैं। बहरहाल, 63 वर्षीय डू 2019 से चीनी खेल के प्रशासन के लिए जिम्मेदार सरकारी निकाय के उप प्रमुख के रूप में काम कर रहे थे। उनके पास खेल और फुटबॉल प्रशासक के रूप में काम करने का 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वह पहले एशियाई फुटबॉल परिसंघ के उपाध्यक्ष और चीनी ओलंपिक समिति के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। उन्होंने चीनी फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य भी किया। 2019 में वह फीफा परिषद के लिए चुने गए थे। फरवरी में बहरीन में एशियाई फुटबॉल परिसंघ के सम्मेलन में एक वोट के दौरान फीफा परिषद में वह अपनी सीट बरकरार रख नहीं पाए थे। वैसे भी हाल के वर्षों में पुरुषों की राष्ट्रीय टीम का प्रदर्शन खराब रहा है। वह वित्तीय समस्याओं से जूझ रही है। कई प्रमुख क्लब भी नुकसान में हैं। आम जनता के बीच असंतोष पैदा होने पर चीन की शीर्ष भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी जांच शुरू की थी।

## मेदवेदेव बने मियामी ओपन चैंपियन

एजेंसी

**मियामी गार्डन्स।** डेनियल मेदवेदेव ने मियामी ओपन टेनिस के फाइनल में इटली यानिक सिनर को 7-5, 6-3 से हराकर साल का अपना चौथा एटीपी खिताब जीता। मेदवेदेव की सिनर के खिलाफ छह मैचों में यह छठी जीत है और इस साल अब तक खेले गये अपने 25 मुकाबलों में से उन्होंने 24 में जीत दर्ज की है। इस दौरान उनकी एकमात्र हार का सामना इंडियन वेल्स फाइनल में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अलकराज के खिलाफ करना पड़ा था। सिनर ने एक घंटे 34 मिनट तक चले मुकाबले के शुरूआती सेट में मेदवेदेव को कड़ी टक्कर दी लेकिन रूस के खिलाड़ी ने दूसरे सेट में उन्हें कोई मौका नहीं दिया। इस साल का पांचवां खिताबी मुकाबला खेलने वाले मेदवेदेव इससे पहले रॉटरडैम, दोहा और दुबई में चैंपियन बनें है। महिला युगल के फाइनल में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की जोड़ी ने लेयला फर्नांडीज और टेलर टाउनसेंड को 7-6, 6-2 से हराया।



स्पीड न्यूज

## साबरमती जेल में झाड़ू लगायेगा अतीक अहमद

**गुजरात।** गैंगस्टर से नेता बना अतीक अहमद फिलहाल साबरमती जेल में बंद है। बीते दिनों उमेश पाल अपहरण मामले में उसे कोर्ट की ओर से सजा सुनाई गयी थी। अतीक अहमद को कैदी नंबर 17052 बनाया गया है। अदालत की ओर से उसे सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी। जानकारी के मुताबिक अतीक अहमद को जेल में झाड़ू लगाना होगा। इसके अलावा उसे बढ़ई का भी काम मिला हुआ है। इतना ही नहीं, उसे खेती करने और मवेशियों को चारा देने का भी काम सौंपा गया है। अतीक अहमद अब जेल में भैंसों को नहलाएगा। बदले में उसे 25 रुपये दिहाड़ी मिलेगी। इसे अकुशल कारीगर की श्रेणी में रखा गया है।

## उड़ान भरते ही विमान में आई खराबी, इमरजेंसी लैंडिंग

बंगलुरु। बंगलुरु हवाईअड्डे से रविवार रात को 200 यात्रियों को लेकर उड़े एतिहाद के विमान की वापस इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। विमान में उड़ान भरने के बाद केबिन में प्रेशर कम होने की शिकायत की गयी थी। इसके बाद फ्लाइट के पायलटों ने केआईए में एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर से संपर्क किया। साथ ही फ्लाइट को वापस लैंड कराने की अनुमति मांगी। हवाईपट्टी क्लीयर होने के लिए एतिहाद विमान ने नंदी हिल्स क्षेत्र के ऊपर एक चक्कर लगाया और उसके बाद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के साथ रात 10 बजे से पहले इमरजेंसी लैंडिंग की।

## बस और ट्रक की टक्कर में तीन की मौत, सात घायल

**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में सोमवार को भीषण हादसा हुआ। एक सरकारी बस और ट्रक की टक्कर में तीन महिलाओं की मौत हो गयी। जबकि सात अन्य घायल हुए हैं। घायलों को शिवगंगा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह हादसा शिवगंगा जिले के थिरुमतजोलाई के पास हुआ। बस में 47 लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये। हादसे के बाद अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मौतों पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक पीड़ित परिवारों को 2 लाख रुपये की राहत देने की घोषणा की। वहीं, घायलों के लिए 50 हजार रुपए की सहायता दी है।

## सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। जहां अदालत ने उन्हें 17 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई वकील ने दलीलें पेश करते हुए बताया कि जांच अहम मोड़ पर है। इसलिए हम सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले सिसोदिया को कोर्ट लाने से पहले आप कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जिसको देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। इससे पहले पिछले हफ्ते राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

## अस्पताल से नवजात को उठा ले गया कुत्ता, तोड़ा दम

**शिवमोग्गा।** कर्नाटक के शिवमोग्गा में सरकारी अस्पताल से एक आवारा कुत्ता एक नवजात को मुंह में दबाकर बाहर की ओर भाग निकला। इस दौरान अस्पताल के गार्डों ने कुत्ते के मुंह में नवजात को देखकर उसका पीछा किया लेकिन तब तक मासूम की मौत हो चुकी थी। मामला शिवमोग्गा जिले के एक सरकारी अस्पताल के प्रसूति वार्ड का है। बताया जा रहा है कि मैकगैन जिला अस्पताल के सुरक्षा गार्डों ने कुत्ते के मुंह में नवजात को देखकर उसका पीछा किया। काफी मशक्कत के बाद कुत्ते ने नवजात को छोड़ा जिसके बाद सुरक्षाकर्मी मासूम को लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# संसद बजट सत्र : हंगामे के कारण नहीं चल सकी दोनों संसद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरे चरण का आज 13वां दिन है। आज 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के मामले और अडाणी मामले में जेपीसी जांच की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 2 बजे के बाद सदन की कार्यवाही एक बार फिर शुरू हुई। लेकिन राहुल गांधी की सदस्यता मामले में विपक्षी सांसदों के हंगामें के चलते दोनों सदनों को 5 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष के सदस्य आज भी काले कपड़े पहनकर सदन पहुंचे थे। अब तक



दूसरे चरण में 12 दिनों की कार्यवाही हंगामें की भेंट चढ़ चुकी है। वहीं सरकार के सूत्रों की मानें तो आज संसद में कई महत्वपूर्ण बिल पेश किए जा सकते हैं।

**कार्यवाही से पहले कांग्रेस सांसदों ने की मीटिंग :** इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने पार्टी सांसदों के साथ बैठक मीटिंग की थी। मीटिंग में उन्होंने अपनी रणनीति पर चर्चा की। संसद भवन परिसर में कांग्रेस ऑफिस में हुई मीटिंग में संसद के दोनों सदनों के सांसद मौजूद थे। राहुल गांधी के मानहानि मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद बीजेपी राहुल गांधी पर ओबीसी समुदाय का आरोप लगा रहा है। बीजेपी ने गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया था। बता दें कि सत्र के 12वें दिन कांग्रेस नेता काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे।

### खड़गे बोले- सूरत कोर्ट जाना शक्ति प्रदर्शन नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम कोर्ट के निर्णय पर बहस नहीं करेंगे लेकिन अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे। सरकार अडाणी के मामले में खढउ का गठन नहीं चाहती है। सदन न चलने देने की योजना वह पहले से ही करके आते हैं। यह शक्ति प्रदर्शन नहीं है। राहुल गांधी हमारे नेता हैं और अपने नेता के साथ खड़े होने के लिए छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री उनके साथ जा रहे हैं।

### दूसरा चरण चढ़ा हंगामे की भेंट

बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च को शुरू हुआ था। पिछले दस दिन में संसद की ज्यादातर कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ चुकी है। लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी विपक्ष सांसदों ने राहुल गांधी के निलंबन का मुद्दा और जेपीसी की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। दरअसल राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल सरकार के प्रति और ज्यादा हमलावर हो गए हैं। वहीं बीजेपी ने भी अपने रूख पर अड़ी है। बीजेपी लगातार राहुल गांधी की माफी की मांग पर अड़ी है। इसके साथ ही कई पार्टियां भी सीबीआई-ईडी के दुरुपयोग को लेकर सरकार पर हमलावर है। बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च को शुरू हुआ था। सोमवार को बजट सत्र का 13वां दिन है। बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरूआती दिनों से लेकर अब तक भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर हमलावर हैं।

# देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना सीबीआइ की जिम्मेदारी : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने सीबीआई के एक कार्यक्रम में कहा है कि आपको (सीबीआई को) अपने काम पर ध्यान देना है, किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। मोदी सोमवार को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के डायमंड जुबली समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ये बातें कही। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि जिन लोगों के खिलाफ आप कार्रवाई कर रहे हैं, वे बहुत शक्तिशाली हैं, वे वर्षों से सरकार और व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं। कुछ राज्यों में आज भी वे सत्ता में हैं, लेकिन आपको अपना काम करना है, किसी भी भ्रष्टाचारी के खिलाफ कार्रवाई से आपको नहीं चूकना है।

**पीएम बोले- हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ मिशन मोड में काम किया :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 10 साल पहले ज्यादा से ज्यादा भ्रष्टाचार करने की होड़ लगी थी। उस दौरान बड़े-बड़े घोटाले हुए लेकिन आरोपी डरे नहीं क्योंकि सिस्टम उनके साथ खड़ा था, लेकिन 2014 के बाद हमने भ्रष्टाचार, कालेधन के खिलाफ मिशन मोड में काम किया। पीएम मोदी ने कहा कि सीबीआई ने आम नागरिक को उम्मीद और ताकत दी है। लोग सीबीआई जांच की मांग के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं क्योंकि सीबीआई न्याय के लिए एक ब्रांड के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई जैसे पेशेवर और कुशल संस्थानों के बिना भारत आगे नहीं बढ़ सकता।

### सीबीआइ का डायमंड जुबली समारोह



### राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं : पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सच है कि आधुनिक तकनीकों के कारण आज अपराध वैश्विक होते जा रहे हैं। लेकिन यह भी सच है कि ये प्रौद्योगिकियां ही इन मुद्दों का समाधान दे सकती हैं। हमें जांच में फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग को और तेज करने की जरूरत है। हमें साइबर अपराधों से निपटने के लिए नवोन्मेषी तरीके खोजने होंगे। तकनीक-सक्षम उद्यमियों और युवाओं की इसमें बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति में कोई कमी नहीं है। आपको कहीं भी हिचकने, कहीं रूकने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने देश का खजाना लूटने का एक और तरीका बना रखा था जो दशकों से चला आ रहा था। ये था, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लूट। आज जनधन, आधार, मोबाइल की ट्रिनिटी से हर लाभार्थी को उसका पूरा हक मिल रहा है।

## जमानत के बाद बोले राहुल लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है



**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी ने एक ट्वीट कर फिर से बिना नाम लिए केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। अपने ट्वीट में राहुल गांधी ने लिखा कि ये मित्रकाल के विरुद्ध, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। इस संघर्ष में, सत्य मेरा अस्त्र है, और सत्य ही मेरा आसरा! मानहानि मामले में सूरत की एक निचली अदालत से मिली सजा के बाद राजनीति जबरदस्त तरीके से जारी है। अपनी सजा को चुनौती देने के लिए आज राहुल गांधी ने सूरत कोर्ट में याचिका दायर की थी। राहुल गांधी की याचिका पर 3 मई को सुनवाई होगी। वहीं, राहुल गांधी को आज 13 अप्रैल तक जमानत दे दी। इसके बाद राहुल गांधी ने एक ट्वीट कर फिर से बिना नाम लिए केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। अपने ट्वीट में राहुल गांधी ने लिखा कि ये मित्रकाल के विरुद्ध, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। इस संघर्ष में, सत्य मेरा अस्त्र है, और सत्य ही मेरा आसरा!

## वाणिज्य की खबरें

### स्पाइसजेट ने कार्गो, लॉजिस्टिक्स व्यवसाय की अलग इकाई बनाई

**मुंबई।** स्पाइसजेट लिमिटेड ने एक अप्रैल से अपने कार्गो और लॉजिस्टिक्स व्यवसाय स्पाइसएक्सप्रेस की स्पाइसएक्सप्रेस एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से अलग इकाई बना दी है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस कदम से स्पाइसजेट को 2,555.77 करोड़ रुपये का एकमुश्त लाभ होगा और उसके नकारात्मक शुद्ध मूल्य में बड़ी कमी आयेगी। इससे स्पाइसएक्सप्रेस द्वारा स्वतंत्र रूप से कोष जुटाना भी संभव हो सकेगा। स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह ने कहा कि स्पाइसएक्सप्रेस को विभाजित करने का निर्णय कंपनी की दीर्घकालिक कारोबारी योजना के अनुरूप है और इससे लॉजिस्टिक्स कारोबार का मूल्यांकन बढ़ सकेगा।



### सेल ने 22-23 में कच्चे इस्पात का 1.828 करोड़ टन का रिकॉर्ड उत्पादन किया

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) ने 2022-23 में 1.828 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 प्रतिशत अधिक है। सेल ने एक बयान में बताया कि 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष में हॉट मेटल (द्रव्य लोहा) का उत्पादन 3.6 प्रतिशत बढ़कर 1.94 करोड़ टन पर पहुंच गया। कंपनी ने बताया कि 2022-23 के दौरान उसका वार्षिक उत्पादन सबसे अच्छा रहा है। इसमें कहा गया, कंपनी का कच्चे इस्पात का उत्पादन सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत बढ़कर 1.828 करोड़ टन पर पहुंच गया, हॉट मेटल का उत्पादन 3.6 प्रतिशत बढ़कर 1.94 करोड़ टन पर पहुंच गया। कंपनी ने कहा कि वह बीते वर्षों से उत्पादन लगातार बढ़ा रही है और मूल्यवर्धित तथा विशेष इस्पात उत्पादन पर खास ध्यान दे रही है।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे गिरकर 82.31 पर बंद हुआ

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 10 पैसे की गिरावट के साथ 82.31 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा बाजार में मजबूत अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 82.21 के अपने पिछले स्तर से 10 पैसे गिरकर 82.31 पर आ गया। घरेलू मुद्रा इस अवधि के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.31 के उच्च स्तर और 82.46 के निचला स्तर पर रही। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले ग्रीनबैक की ताकत का अनुमान लगाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.08 प्रतिशत बढ़कर 102.58 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 5.28 प्रतिशत बढ़कर 84.11 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इस बीच, कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के डढएउ+ के फैसले से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई, जिससे मुद्रास्फीति की चिंता फिर से बढ़ गई।

### आरबीआई को मिला नया कार्यकारी निदेशक

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय बैंक ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नीरज निगम को तत्काल प्रभाव से कार्यकारी निदेशकनियुक्त किया है। नवनियुक्त एऊउपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण सहित चार विभागों का प्रभारी होंगे। ईडी के रूप में पदोन्नत होने से पहले, वह निदेशक के रूप में आरबीआई के भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय का नेतृत्व कर रहे थे। इससे पहले वे केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक के रूप में भी काम कर चुके हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 6 अप्रैल (गुरुवार) को घोषित की जाने वाली द्विमासिक मौद्रिक नीति में बेंचमार्क ब्याज दर में 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी की उम्मीद है। यह खुदरा मुद्रास्फीति को कम करने और वैश्विक साथियों के साथ तालमेल बनाए रखने के दबाव में किया जा सकता है।

# भारत में 24 घंटे में कोरोना के आए 3641 नए केस

### संक्रमितों की संख्या 20000 के पार



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वैश्विक महामारी कोरोना का भारत में पिछले कुछ दिनों से एकबार फिर से खौफ बढ़ने लगा है। पिछले कई दिनों से देश में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। इससे पहले देश में कोरोना धीरे-धीर दम तोड़ता नजर आ रहा था लेकिन मौसम में बदलाव के बीच एकबार फिर से कोरोना के नए मामले तेजी से बढ़ने लगी है। कोरोना मामलों में बढ़ोतरी पिछले 8 हफ्तों से लगातार बढ़ रही है। आलम यह है कि देश में पिछले कई दिनों से कोरोना के 3000 से ज्यादा नए केस सामने आ रहे हैं।

**24 घंटे में कोरोना के 3641 नए केस आए :** पिछले कुछ दिनों से देश में एकबार फिर से कोरोना के मामलों में तेजी देखी जा रही है। हालांकि कल के मुकाबले देश में आज कोरोना के दैनिक मामले में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है। देश में आज कोरोना के 3641 नए केस सामने आए हैं। इस दौरान कोरोना संक्रमण की वजह से 11 लोगों की मौत की खबर है। इससे पहले पिछले दिन रविवार को देश में कोरोना के 3824 नए केस सामने आए थे जबकि 4 लोगों की मौत हुई थी। यानी कल के मुकाबले आज देश में कोरोना के 183 कम नए केस सामने आए हैं। वहीं शनिवार को देश में कोरोना के 2994 नए केस सामने आए थे जबकि 9 लोगों की मौत की खबर थी। वहीं शुक्रवार को देश में कोरोना के 3095 नए मामले आए थे, जबकि 5 लोगों की मौत की मौत हुई थी।

# 3 दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे भूटान के राजा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक की आज से भारत की दो दिवसीय यात्रा का आगाज हो गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां हवाईअड्डे पर उनकी अगवानी की। किंग मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट करते हुए कहा कि भारत में आपका गर्मजोशी से स्वागत है। भूटान के राजा, जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक थोड़ी देर पहले भारत पहुंचे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। भूटान भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देश है और दोनों पक्षों के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। भूटान के राजा का आगमन दोनों देशों के करीबी द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के लिए विभिन्न नेताओं से बातचीत करेंगे विशेष तौर पर आथिक एवं विकास सहयोग को लेकर है। विदेश मंत्रालय ने उनकी यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि वांगचुक के साथ भूटान के विदेश व विदेश व्यापार मंत्री टैंडी दोरजी औरभूटान की शाही सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री भी उपस्थित होंगे।



## राम मंदिर की सुरक्षा में 2 बम निरोधक दस्ते तैनात

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में राम मंदिर समेत कई महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के चल रहे निर्माण के मद्देनजर बम निरोधक दस्ते की दो टीमों को अलग से सुरक्षा के लिए तैनात किया गया। अधिकारियों ने कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद, उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ, वाराणसी आयुक्तालय, पीएसी गोंडा और सचिवालय परिसर लखनऊ में पांच नई बीडीडीएस टीमों का गठन किया गया है। अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा के लिए बीडीडीएस की दो टीमों को अलग से अयोध्या में तैनात किया गया था। उन्होंने कहा कि बीडीडीएस के साथ, दो नई तोड़फोड़ रोधी जांच टीमों को भी अयोध्या में तैनात किया गया।

# रामनवमी हिंसा पर कलकत्ता पुलिस को हाइकोर्ट ने लगायी फटकार

### ममता सरकार से तलब की दो दिन में रिपोर्ट

एजेंसी

**कलकत्ता।** पश्चिम बंगाल हिंसा को लेकर भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी की जनहित याचिका पर सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए 5 अप्रैल तक ममता बनर्जी सरकार से रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, रामनवमी के दिन 30 मार्च को बंगाल के हावड़ा, हुगली, डालखोला में शोभायात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि हिंसा के दौरान बम फेंके गए। उन्होंने हिंसा प्रभावित इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की है।

### सीसीटीवी और वीडियो फुटेज मांगे

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि हावड़ा के आसपास प्रभावित क्षेत्रों में शांति कायम करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है। जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य ने बंगाल सरकार को निर्देश दिया है कि हिंसा की घटनाओं से जुड़े सीसीटीवी और वीडियो फुटेज जमा किए जाएं। अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया है कि आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त बलों की तैनाती की जाए। अब इस मामले की सुनवाई 6 अप्रैल को होगी।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today
CLASS - X
2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217945, 2217497, 9431102920, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

# प्रियंका ने पहनी 65 साल पुरानी साड़ी



एजेंसी

**मुंबई।** बॉलीवुड की देसी गर्ल यानी एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा हाल ही में अपने पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ भारत आई है। इस बीच एक्ट्रेस को नीता मुकेश अंबानी के कल्चरल इवेंट में स्पॉट किया गया। पहले दिन एक्ट्रेस ने इस इवेंट में एक बेहद ही खूबसूरत सा गाउन पहना था। वहीं, दूसरे दिन भी एक्ट्रेस ने मल्टीकलर की एक ड्रेस पहनी, जो बेहद खास थी। बता दें कि नीता मुकेश अंबानी के कल्चरल इवेंट में एक्ट्रेस प्रियंका ने अपने लुक से खूब लाइमलाइट बटोरी है। इस इवेंट के दूसरे दिन प्रियंका मार्डन ट्विस्ट के साथ साड़ी में नजर आईं। बताते चलें कि ये साड़ी कोई आम साड़ी नहीं थी, बल्कि इस ड्रेस को बनने में करीब छह महीने का टाइम लगा है। साथ ही अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर भी इसकी खासियत बताई है।



### प्रियंका ने शेयर की खूबसूरत फोटोज

प्रियंका ने अपने इस लुक की फोटोज को शेयर करते हुए लिखा कि- इस ब्यूटिफुल आउटफिट को सिल्वर के थ्रेड से बनी 65 साल पुरानी बनारसी पटोला साड़ी और खादी सिल्क पर सोने की इलेक्ट्रोप्लेटिंग से तैयार किया गया था। इकत बुनाई के नौ रंगों को रिफ्लेक्ट करने के लिए इसे सेक्विन शीट होलोग्राफिक बस्टियर के साथ पेयर किया जाता है। वाराणसी के क्राफ्ट क्लस्टर में हाथ से बुने हुए विंटेज टेक्सटाइल के साथ इस मास्टरपीस साड़ी को बनाने में अमित और उनकी टीम को लगभग 6 महीने लगे। अमित और उनकी टैलेंटेड टीम को शुक्रिया।

### नीता और ईशा अंबानी को प्रियंका ने किया शुक्रिया

इसके साथ ही एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने नीता और ईशा अंबानी को भी शुक्रिया कहते हुए लिखा कि- नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में हिस्ट्री इंडियन फैशन की एक इनक्रेडिबल एग्जीबिशन क्रिएट करने के लिए नीता अंबानी और ईशा अंबानी को बधाई। इस बेस्ट स्पेस और इंडियन आर्ट और डिजाइन को प्रमोट करने की क्षमता पर बहुत गर्व है।

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

स्पीड न्यूज

## डीएवी मडल में वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा

**गढ़वा।** शहर के डीएवी मडल स्कूल में सोमवार को सत्र 2022-23 के वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई। इस दौरान वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अनुराधा गुप्ता, ग्रेसी कुमारी, अंजली कुमारी, संजू कुमारी, आलिया, सत्यम कुमार, अनमोल कुमार, अर्पित कुमार, हर्षित गुप्ता को बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड से पुरस्त किया गया। जबकि अनुराधा गुप्ता तथा सिद्दीका रानी को पढ़ाई, खेलकूद, संगीत, न्यूज़, स्पीच, रंगोली आदि में अच्छे प्रदर्शन के लिए स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।

## डीसी ने की प्रखंड कर्मियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक

**भवनाथपुर।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सभी प्रखंड कर्मी एवं सभी जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में डीसी ने प्रखंड एवं अंचल के कर्मियों से बारी बारी से सभी योजनाओं की जानकारी ली और उन्होंने पीएम आवास योजना एवं खेल मैदान, वार्मिंग कंपोस्ट निर्माण कार्य तेजी लाने और सभी जनप्रतिनिियों और प्रखंड कर्मियों को समन्वय स्थापित कर सरकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करने का निर्देश दिया।

## परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**कांडी।** प्रखंड के तीन परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की संस्त व दो परीक्षा केन्द्र पर इंटर कला संकाय के राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में 1485 परीक्षार्थी शामिल हुए। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी परीक्षा केंद्र पर 679 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे, जबकि सात अनुपस्थित थे। लमारी कला सेंटर पर 209 जबकि सोनभद्र आदर्श इंटर कालेज सेन्टर पर 597 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस सेंटर पर तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित थेे। इंटरमीडिएट की परीक्षा में दो परीक्षा केन्द्र पर 479 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें जमा दो उच्च विद्यालय कांडी सेन्टर पर 383 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे, जबकि पांच अनुपस्थित थे। लमारी कला सेंटर पर 96 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात थी।

## खनन पदाधिकारी ने अवैध बालू उठाव करते तीन ट्रैक्टर को पकड़ा

**लोहरदगा।** जिले में अवैध बालू और चिप्स खनन को लेकर सोमवार को अभियान चलाया गया।इस अभियान में भकसो कोयल नदी से अवैध बालू उठा कर ले जाते तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। वही चंदवा से चिप्स लेकर आ रहे है तो हाइवा गाड़ी को भी जब्त करते हुए सदर थाना लाया गया। बताया जाता है की दोनो हाइवा गाड़ी में कागजात मौजूद नहीं थे। इस छापामारी अभियान से अवैध बालू और चिप्स कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी अनुसार बालू लदे एक ट्रैक्टर नदी में ही बालू लेकर जाने के क्रम में हड़बड़ी में फस गया,जिसे निकालने में खनन विभाग और पुलिस कर्मियों को पसीने छूट गए।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को बीडीओ द्वारा सम्मानित किया गया

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को बीडीओ द्वारा सम्मानित किया गया। राजस्थान के कोटा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में 28 से 31 मार्च तक हुई 36 वा सब जूनियर और पांचवी कैडेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लोहरदगा की 2 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें सब जूनियर वर्ग की अंडर 26 केजी में अंजली उराव ने कांस्य पदक जीता, वही आकांक्षा कुमारी अंडर 38 केजी में कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही। प्रखंड कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर ताइक्वांडो संघ के उपसचिव सह जिला कोच अरविंद यादव और रितेश कुमार साहू , कोच ज्योतिष उराव, दीपक कुमार,संदीप यादव, बंदे उरांव, अभिमन्यु आदि मौजूद थे।

# 6 से 14 तक सामाजिक न्याय सप्ताह मनाएगी भाजपा: चौधरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाएगी. इसमें विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कहा कि सुबह 9:15 बजे इस कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी कार्यालय में झंडा फहरा कर की जाएगी। उसके बाद सभी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता राष्ट्रगान करेंगे और उसी दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के सभी कार्यकताओं को संबोधित भी करेंगे। उसके बाद अगला दिन



भाजपा के कार्यकर्ता दलित बस्ती में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे दलितों के लिए जो कार्यक्रम है, उसके बारे में जानकारी देंगे। ऐसे ही 1 सप्ताह तक लगातार कार्यक्रम होते रहेगा। महिला मोर्चा द्वारा महिलाओं के बीच में भी जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देनी है। युवाओं के बीच भी भारतीय जनता पार्टी जाएगी। चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा सभी पंचायत में निशुल्क जांच शिविर लगाएगी। साथ ही 14 अप्रैल को जब इस कार्यक्रम का समापन होगा तो बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति जिस जगह पर लगी हुई है भाजपा के कार्यकर्ता प्रतिमा की साफ सफाई करेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 43 साल की हो गई है और इस दौरान जिस तरह से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, सबका साथ सबका विकास हो रहा है। उसी को आगे बढ़ाने के लिए हम लोग सामाजिक न्याय सप्ताह का आयोजन इस बार किए हैं। साथ ही उन्होंने नीतीश सरकार पर भी जमकर निशाना साधा और कहा कि 15 साल लोगों ने लालू को देखा, 17 साल से नीतीश कुमार यहां पर राज कर रहे हैं, जनता सब कुछ देख रही है। इस बार जो बिहार में सरकार बनेगी वह भारतीय जनता पार्टी की बनेगी। राज्य की जनता पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के साथ है, क्योंकि राज्य की जनता ने नरेंद्र मोदी का विकास देखा है और जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी को जनता का साथ मिल रहा है, हमें विश्वास है कि अगले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पर ही बिहार की जनता भरोसा कर चुनाव जिताने का काम करेगी।

## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में हवन - पूजन के साथ नूतन सत्र प्रारंभ

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हुआ` मां सरस्वती , ओम ,भारत माता एवं हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन हुआ ,तत्पश्चात विद्यालय के समस्त आचार्य जी/ बहन जी भैया -बहनों द्वारा भक्ति पूर्ण वातावरण में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ हुआ । सुंदरकांड के संगीतमय पाठ में आनंद पांडेय ,पारस इंद्र गुरु एवं समिति सदस्या शोभा देवी की सहभागिता रही । सभी आचार्य , आचार्या ,भैया/ बहनों एवं अभिभावकों ने हवन कियाे इस अवसर पर भैया /बहनों को चंदन का तिलक लगाकर नए सत्र का आगाज किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि विद्या भारती योजना के अनुसार सरस्वती शिशु / विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का प्रारंभ होता है ।भैया - बहनों के सर्वांगीण विकास एवं विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास हेतु भगवान की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। भैया -बहनों में सकारात्मक क्षमता का विकास हो, जिससे भैया - बहन विद्यालय तथा परिवार को समाज में प्रतिष्ठित कर सकें।

## बिहार में शीघ्र सामान्य हो जायेंगे हालात : एडीजी

### 173 गिरफ्तार, नालंदा में 15 और रोहतास में तीन पर एउआइआर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में हिंसा से लोग डर के साए में जी रहे हैं। सासाराम में सोमवार की सुबह एक बार फिर धमाका हुआ। हालांकि पुलिस का दावा है कि यह भय फैलाने के लिए सुतली बम का इस्तेमाल किया गया था, इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। एडीजी मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने कहा कि दोनों जिले में शांति व्यवस्था कायम है। एसएसबी और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गयी है। अब तक दोनों जिले में 18 प्रथामिकी दर्ज करते हुए 173 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों जिलों में एसएसबी की एक कंपनी, रैपिड एक्शन फोर्स की एक कंपनी और आईटीबीपी की एक कंपनी घटनास्थल पर पहुंचकर कैंप कर रही है। नालंदा में 3 कंपनी



और 100 लाठी बल व रोहतास में पूर्व से पांच कंपनी बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस और 200 लाठी बल पहले से तैनात थे। घटना के बाद से एसएसबी की दो कंपनी और रैपिड एक्शन फोर्स की एक कंपनी को और तैनात किया गया है। रामनवमी के दूसरे दिन 31 मार्च को रोहतास के सासाराम और नालंदा के बिहारशरीफ में हिंसा भड़क उठी थी। दोनों पक्षों में खूब ईंट, पत्थर और गोली चली थी। इसमें कई लोग और पुलिस कर्मी घायल हुए थे। शनिवार की शाम बिहारशरीफ में 12 राउंड गोलीबारी हुई थी, जिसमें गुलशन कुमार नामक युवक की मौत हो गयी थी। वहीं दूसरी ओर रविवार को रोहतास में भी बम ब्लास्ट की खबर आई थी, जिसमें छह लोग घायल हो गए थे। सोमवार की सुबह सासाराम में विस्फोट की खबर आई थी, जिसकी जांच की गई है. पता चला है कि किसी घर के बाहर पटाका फोड़ा गया। पुलिस दोनों जिलों में लगातार कैंप कर रही है। बिहार के डीजीपी खुद घटनास्थलप पर पहुंचकर छानबीन कर रहे हैं। दोनों जिलों के एसपी और डीएम को अलर्ट किया गया है। उन्होंने लोगों के पलायन की खबर को गलत करार दिया। इसको लेकर भी एडीजी ने जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पलायन की कोई बात सामने नहीं आई है।

## दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो गंभीर रूप से घायल , रिम्स रेफर

**कुड़ू लोहरदगा।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में लोहरदगा न्यायालय के कर्मी सहित दो लोग घायल हो गए। दोनों का कुड़ू सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि लोहरदगा न्यायालय के कर्मी प्रवीण भगत लोहरदगा में काम निपटाने के बाद अपनी प्लेटिना बाइक से वापस अपने घर कैरो थाना क्षेत्र के गितिलगढ लौट रहे थे। इसी बीच कुड़ू थाना से आधा किलोमीटर दूर कुड़ू - रांची मुख्य पथ पर ढुलुवाखुंटा के समीप रांची की तरफ से आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया इस घटना में प्रवीण भगत गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को कुड़ू सीएचसी पहुंचाया गया । जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। दुसरी घटना थाना क्षेत्र के चीरी तथा बराटपुर के समीप घटी जब कुड़ू थाना क्षेत्र के चीरी बड़का टोली निवासी जगरनाथ लोहरा अपने बाइक से लोहरदगा से काम निपटाने के बाद घर लौट रहा था । इसी बीच लोहरदगा की तरफ से आ रही अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया । इस घटना में जगरनाथ लोहरा गम्भीर रूप से घायल हो गया । घायल को इलाज के लिए कुड़ू सीएचसी पहुंचाया गया।

## वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे सेमिनार का आयोजन

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे सोमवार को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष सह नैदानिक मनोवैज्ञानिक व मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफिसर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि ऑटिज्म एक तंत्रिका संबंधी विकार है। जो कम से कम 12 से 36 माह के पूर्व तक के बच्चों में होते देखा जाता है। ऐसे बच्चों की प्रारंभिक पहचान सामाजिक की प्रक्रिया के दौरान अपेक्षित व्यवहारों में कमी का दृष्टिगोचर होना है। ऐसे बच्चों का पूअर आई कांटैक्ट होता है एवं उद्दीपन के प्रति इनअप्रॉपरियेट रेस्पॉन्स या बिहेवियेर होता है। ऐसे बच्चों में संचार, सामाजिक मेल-मिलाप की कमी, भाषा विकास व शिक्षण के कौशलों को ग्रहण कर चलने की अक्षमता, व्यवहारों व अभिरूचिपूर्ण कार्यो की पूणार्वृत्ति आदि लक्षणों की प्रमुखता होती है। ऐसे बच्चे स्व निर्मित संसार में खोये दिखते है।

## छीनतई के प्रयास का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेशी को ले जाती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पेट्रॉल पंप पर स्कार्पियों में डीजल भरा पैसा नहीं देने, कर्मी को जान से मारने की धमकी और कर्मी के पैसे भरा बैग छीनने के प्रयास में फरार आरोपी को एसकेमयू दिग्घी ओपी थाना पुलिस एक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी नगर थाना क्षेत्र के नेशनल स्कूल के पीछे बाउरीपाड़ा निवासी विक्रम यादव है। दिग्घी पुलिस फरार आरोपी को थाना प्रभारी आकृष्ट अमन के नेतृत्व में नाटकीय ढ़ंग से कचहरी परिसर के बाहर बंदोवस्त कार्यालय के समीप से धर दबोचने में सफल रही। मामले में थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि मामला बीते 10 जनवरी 2022 का है। गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है।

## बंदगांव में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित

**चक्रधरपुर।** रामनवमी महासमिति बंदगांव के तत्वावधान में दुर्गा मंदिर परिसर में अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह रामनवमी महासमिति के संरक्षक रमेश सिंह, मुरहू के उपप्रमुख अरुण साबू , अंचल अधिकारी अरुण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में पश्चिमी सिंहभूम के अलावा खूंटी, तोरपा, बंदगांव, हटिया, मांडर, गोबिंदपुर, मुरहू के कुल 11 मंडली ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. विजय सिंह गागराई ने कहा कि यह अनोखी प्रतियोगिता हर वर्ष होती रहनी चाहिए। ऐसी प्रतियोगिता से लोगों में अस्त्र शस्त्र चलाने एवं सीखने का ज्ञान मिलता है।

## प्रियंका सवैयां के नेतृत्व में पश्चिमी सिंहभूम महिला क्रिकेट टीम घोषित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में 6 अप्रैल से बोकारो में खेले जाने वाले अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पश्चिमी सिंहभूम सीनियर महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। गत सत्र में पश्चिमी सिंहभूम टीम का नेतृत्व करने वाली प्रियंका सवैयां को एक बार पुनः टीम की कमान सौंपी गई है।

जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि शिवानी सिंह तिरिया की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय महिला चयन समिति ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को ध्यान में रखकर टीम को अंतिम रुप दिया है। टीम में प्रियंका सवैयां (कप्तान), रश्मि गुड़िया (उपकप्तान) , अंजलि दास, अनामिका कुमारी, इसरानी सोरेन, जया कुमारी, चांदमुनी पुरती, पिंकी तिर्की, दीपा गागराई, सुष्मिता पुरकैत, मौसमी पॉल, सीता सिंकु, पूनम कौवा, शीला मछुवा, यशोदा कुमारी को शामिल किया गया है।

महासचिव असीम सिंह ने बताया कि चयनित सभी खिलाड़ियों का कंडिशनिंग सह अभ्यास दो सत्रों में 2 अप्रैल से बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर कोच तेजनाथ लकड़ा की देखरेख में चल रहा है, जो 4 अप्रैल अपराह्न तक चलेगा। 5 अप्रैल को टीम अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बोकारो प्रस्थान करेगी।

## तेजाब कांड में झुलसे पीड़ित परिवार सुरक्षा का एसपी से लगाया गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

### गोशाला बनाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट व तेजाब से हमला

**दुमका।** तेजाब कांड में घायल पीड़ित परिवार सुरक्षा की गुहार लगाने एसपी आवास सोमवार को पहुंचा। मामले में जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित निरंजन यादव ने बताया कि गोशाला बनाने के दौरान पड़ोसी से विवाद हुआ। पीड़ित निरंजन यादव ने बताया कि गोशाला बनाने के क्रम में पड़ोसी द्वारा दीवाल से नहीं सटाने की बात कही गई और इसी बीच लाठी-डंडा व रड् से लैश होकर मारपीट करते हुए आरोपियों ने तेजाब छीड़क दिया। जिससे निरंजन यादव उनकी पत्नी शांति देवी, पुत्री खुशबू कुमारी, पुत्र



एसपी से गुहार लगाते पीड़ित परिवार

सुजीत कुमार घायल हो गया हैं। गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सीएचसी, सरैयाहाट में भर्ती कराया गया। जहां बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। इसके बाद भागलपुर रेफर किया गया। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए कोलकोत्ता जाने की सलाह दी। पीड़ित निरंजन यादव ने बताया कि आरोपी खुलेआम घूम रहे है। भय है कि फिर उसे और उसके परिवार की हत्या का प्रयास नहीं किया जाये। इसके लिए एसपी से न्याय और सुरक्षा का गुहार लगाने एसपी आवास पहुंचे है। यहां बता दें कि घटना को लेकर कोरदाहा गांव के रहने वाले निरंजन यादव ने सरैयाहाट थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया था। आवेदन में बताया था कि बीते 31 मार्च की शाम करीब 7 बजे आरोपी उसके घर पर हरवे हथियार से लैस होकर पहुंचा और मारपीट करते हुए तेजाब से हमला कर दिया था। जिसमें उसके परिवार के सभी चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना को लेकर गांव के ही मुन्ना साह, खुशबू देवी, गुंदली साह, देवंती देवी एवं फाल्गुनी साह उर्फ फागु पर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज करायी है। मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए एक आरोपी थाना क्षेत्र के ककनी गांव निवासी फाल्गुनी साह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मामले में थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस दबिश बनाये हुए है।

एक नजर में

## इलाज के लिए वृद्ध महिला को एन्थोनी फर्नान्डो ने अस्पताल में भर्ती कराया

**चक्रधरपुर।** कहते है इंसानियत जिंदा है, जिसके दम पर संसार टिकी हुई है। इसी इंसानियत की एक मिसाल चक्रधरपुर के रेलकर्मी समाजसेवी एंथोनी फर्नांडों ने पेश की है। चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के आसपास क्षेत्र में महीनों से एक वृद्ध महिला अपनी बीमारी को लेकर भटकती रही थी। उसके पैरों में पहले जख्म हुआ, फिर धीरे धीरे जख्म विकराल रूप धारण कर लिया। पैर में कीड़े लग गए थे। पिछले दिनों एंथोनी फर्नांडों ने घंटों मेहनत कर उक्त महिला की पैरों में दवाईयां लगा कर जख्म में पट्टी बांधी थी। इसके बाद सोमवार को एंथोनी फर्नांडों ने एंबुलेंस बुलाकर महिला को बेहतर इलाज के लिए संत एंजेला अस्पताल में भर्ती कराया। एंथोनी फर्नांडों ने बताया कि मरहम पट्टी के बाद महिला की स्थिति में सुधार देखने को मिला। जल्द सुधार हो इसके लिए उन्होंने संत एंजेला अस्पताल प्रबंधक से आग्रह कर भर्ती कराया है। फिलहाल महिला अपना नाम, पता बताने में असमर्थ है।

## ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण निरीक्षण

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस की अच्छी स्थिति को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान उपायुक्त वेयर हाउस में लगे शटर में ग्रीसिंग करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम मशीनों की सुरक्षा और रखरखाव में किसी प्रकार की कोई कोताही न हो इस निमित्त ईवीएम वेयर हाउस की सतत निगरानी एवं रखरखाव कार्यों के अनुश्रवण का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी राजनैतिक दलों के साथ बैठक करते हुए आगामी चुनाव को लेकर तैयारी करने की बात कही। उन्होंने आधार सीडिंग से संबंधित जनता में जागरूकता फैलाने साथ ही वोटर लिस्ट में नए युवक /युवतियों का नाम जोड़ने तथा प्रवासियों का वोटर लिस्ट से नाम हटवाने को बात कही।इसके लिए सभी राजनैतिक दलों को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए कार्य करने को कहा। इस दौरान एसडीओ सदर रवि जैन, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम सामदानी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## नयी पेंशन योजना व पुरानी पेंशन योजना की बैठक में दी गई जानकारी

**गुमला।** गैर सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों व विद्यालय प्रबंधन के सचिवों के साथ सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक वसीम अहमद ने संत पात्रिक स्कूल के सभागार में बैठक की। बैठक में वर्ष 2004 में नियुक्त शिक्षक शिक्षिकाओं से नई पेंशन व पुरानी पेंशन योजना की जानकारी हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन समर्पित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षा निदेशालय के द्वारा निर्धारित तिथि से ही वेतन का भुगतान किया जाएगा। वैसे शिक्षक जिनकी नियुक्ति वर्ष 2016 से पहले हुई है वेतन पुनरीक्षण लंबित है वे आवेदन समर्पित करें। साथ ही अर्जित अवकाश लंबित है उसको लेकर भी आवेदन विभाग के कार्यालय में जमा करें। अल्पसंख्यक सहायता प्राप्त विद्यालय जहां आधारभूत संरचनाओं की कमी है उसमें सुधार हेतु निदेशालय के द्वारा निर्देश दिया गया है। वैसे विद्यालय के शिक्षक आवेदन समर्पित कर विद्यालय में आधारभूत संरचना प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर फादर जे तिर्की, फादर रामू विंसेंट मिंज, फादर जॉर्ज स्टेफन, फादर लिनुस पिंगले एक्का, फादर जेरोम एक्का आदि उपस्थित थे।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड परिसर कार्यालय सभागार में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई, साथ ही कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में अस्पताल परिसर में वेपर लाइट लगवाने, मरीजों के लिए अस्पताल में वाटर कुलर की व्यवस्था करने, अस्पताल परिसर में 3 सीटर चेयर लगवाने, अस्पताल परिसर में मरीजों के लिए पंखा लगवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही वैसे गरीब मरीज जो रेफर करने के बाद एम्बुलेंस डीजल खर्चा भी वहन नही कर पायंगे उनके लिए अस्पताल प्रबंधन डीजल का खर्च वहन करेगी निर्णय लिया गया। जिसके लिए साल में बीस हजार तक ही खर्च वहन करेगी। बैठक में बीडीओ पप्पू रजक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रदीप बैठा, बीइओ जगरनाथ प्रसाद, रंजीत कुमार सिंह, टीपन पांसी, अनुराधा सीता, संजु यादव, उपेंद्र यादव, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय में 11 अप्रैल से ग्यारहवीं की कक्षाएं होंगी प्रारम्भ

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में विज्ञानं एवं वाणिज्य संकाय में सत्र 2023-24 के लिए वर्ग ग्यारहवीं हेतु नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उक्त बात की जानकारी देते हुए विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने बताया की वर्ग ग्यारहवीं में नामांकन के लिए अभी छात्रों के प्री बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर नामांकन की सुविधा दी जा रही है। मेधावी छात्रों के लिए विद्यालय की और से स्कलरशिप का भी प्रावधान दिया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बैंक अधिकारी संग प्रधान जज ने किया बैठक

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर सोमवार को न्यायाधीशों और बैंक अधिकारी की बैठक हुई। बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्राधिकार सचिव के उपस्थिति में बैंक अधिकारियों की बैठक हुई। प्राधिकार अध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि नालसा और झालसा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अगामी 13 मई को होना है। छोटे कर्जदार के मामले में बैंक लचीला व्यवहार अपनाएं।

## जेएसएलपीएस व उद्यान विभाग द्वारा 31 महिला किसानों के बीच बीज वितरित

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में सोमवार को उद्यान विभाग व जेएसएलपीएस द्वारा 31 महिला किसानों के बीच एक बैग ओल बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण की शुरूआत जेएसएलपीएस के बीपीएम विजय प्रसाद व भारत राम के द्वारा किया गया। इस दौरान जेएसएलपीएस से जुड़ी हुई महिला सहित अन्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिलाओं को केसीसी लोन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मौके पर बीपीएम विजय प्रसाद ने कहा कि प्रखंड में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने को लेकर योजना का लाभ खासकर महिला किसानों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस से जुड़े महिलाओं को भी उक्त बीज का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिला किसानों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए मात्र 1% वार्षिक ब्याज पर केसीसी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।